आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 319 | उज्जैन, मंगलवार 02 दिसम्बर, 2025 | अगहन शुक्ल 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### डिजिटल अरेस्ट मामलों की अब पूरे देश में सीबीआई करेगी जांच

**नई दिल्ली।** देशभर में तेजी से बढ़ते डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच अब सीबीआई करेगी। यह जांच अन्य किसी स्कैम से अलग और प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने सीबीआई को मामलों की विस्तृत जांच का निर्देश दिया। साथ ही एजेंसी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीए) के तहत बैंकरों की भूमिका की जांच करने की पूरी आजादी भी दी है, खासकर उन मामलों में जहां डिजिटल अरेस्ट स्कैम को अंजाम देने के लिए बैंक अकाउंट खोले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर भारतीय रिजर्व बैंक को भी पक्षकार बनाया है।

### दिल्ली ब्लास्ट, कश्मीर-लखनऊ में 8 जगहों पर एनआईए की रेड

**श्रीनगर।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक टीमें ऐसे सबूतों की तलाश कर रही हैं जो व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

### स्मृति से शादी टलने के बाद पहली बार दिखे पलाश



**एयरपोर्ट पर नजरें झुकाकर चलते नजर आए, मां की हंसी ने खींचा यूजर्स का ध्यान**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना से शादी टलने के बाद फिल्ममेकर-म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल ने पहली बार पब्लिक अपीयरेंस दी है। पलाश अपने पेरेंट्स के साथ एयरपोर्ट पर दिखे। इस दौरान वो काफी सीरियस नजर आ रहे थे। साथ ही, वो अपनी नजरें नीच करके चल रहे थे। उन्होंने वहां मौजूद पैपराजी के अभिवादन का भी कोई जवाब नहीं दिया। वहीं, उनकी मां मुस्कुराती दिखीं। बीच-बीच पलाश अपनी मां से बात करते दिखे। सोशल मीडिया पर पलाश का वीडियो सामने आने के बाद यूजर्स उनके हावभाव को जज कर रहे हैं। मेघा नाम की एक यूजर ने लिखा- 'कहना तो नहीं चाहिए लेकिन इंसान की सीरत खराब हो तो वो बाहर से कितना बेकार लगता है। मंधाना इससे बेहतर डिजर्व करती है।' एक यूजर ने पलाश को सपोर्ट करते हुए कॉमेंट लिखा- 'इतनी हेट किसी बात के लिए, अभी कुछ प्रूव नहीं हुआ है। रूमर्स से लोग दूसरों को जज करने लग जाते हैं।' वहीं, एक यूजर लिखती हैं- 'मुझे समझ नहीं आता कि मीडिया ऐसे लोगों को क्यों कवर करती है, जिनको सच में दिखाने की कोई जरूरत नहीं है।' एक ने लिखा- 'गिल्टी बिहेवियर। और उनकी चाल में शर्मिंदगी नजर आ रही है।' बता दें कि 23 नवंबर को महाराष्ट्र के सांगली में दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले थे। हल्दी और मेहंदी की रस्में भी हो चुकी थीं। लेकिन शादी वाले दिन स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत खराब होने के कारण शादी को स्थगित कर दिया गया। फिर स्मृति ने अपने इंस्टाग्राम से रस्मों की सारी फोटोज हटा दीं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके निजी जीवन को लेकर कई अफवाहें फैलने लगीं। पलाश पर कथित तौर पर स्मृति को चीट करने का आरोप लगा। हालांकि, इन अटकलों के बीच दोनों ने अपने इंस्टाग्राम बायो को अपडेट किया और बुरी नजर से बचने के लिए एक नजर इमोजी भी जोड़ा।

### बांग्ला बचाओ यात्रा के दौरान दो सौ से अधिक माकपा कार्यकर्ता तृणमूल में शामिल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक तापमान चरम पर है। 29 नवंबर से शुरू हुई बांग्ला बचाओ यात्रा के दौरान ही वामपंथी दल माकपा को एक बड़ा झटका लगा है। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के गरल बाड़ी इलाके में दो सौ से अधिक माकपा कार्यकर्ताओं ने अचानक अपना रुख बदलते हुए तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। यात्रा की शुरूआत के तुरंत बाद हुई यह घटना न केवल वाम दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, बल्कि पूरे राज्य में चुनावी समीकरणों को भी अचानक बदलने वाली साबित हो रही है। स्थानीय सूत्रों और क्षेत्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गरल बाड़ी पंचायत समिति, जहां कभी माकपा का प्रभाव और पकड़ मजबूत मानी जाती थी, अब तृणमूल के लिए एक अवसर क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

### रुपया 89.79 तक गिरा सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपया आज डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। कारोबार के दौरान रुपया 34 पैसे गिरकर 89.79 के स्तर पर आ गया था। यह 2 हफ्ते पहले के ऑल-टाइम लो (89.66) को पार कर गया। 21 नवंबर को रुपया 98 पैसे गिरा था। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और लगातार विदेशी फंड्स की निकासी ने रुपए पर दबाव बनाया है। सुबह रुपया 89.45 प्रति डॉलर के स्तर पर खुला था। वहीं शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ 89.45 पर बंद हुआ था। रुपया 2025 में अब तक 4.77% कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 89.79 के लेवल पर पहुंच गया है। रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है।

---

केन्द्र देश में भूमि अधिग्रहण कानून में एकरूपता लाये- भारतीय किसान संघ

# भूमि अधिग्रहण कानून पर भाकिसं का उदयपुर डिक्लेरेशन

**एजेंसी ▸▸ उदयपुर**

सरकारों द्वारा देश भर में विकास के नाम पर किये जा रहे कृषि भूमि के अधिग्रहण से प्रभावित हो रहे गांव व किसान के हितों की चिंता न किये जाने के कारण भारतीय किसान संघ चिंतित है। इसी को लेकर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में 12 राज्यों के किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी की है। चिंतन के उपरांत केंद्र को 15 सूत्रीय सुझाव भेजे गए हैं।

भूमि अधिग्रहण कानून की विसंगतियों पर चिंतन व चर्चा के लिये राजस्थान के उदयपुर स्थित डेयरी एवं खाद्य प्रोद्योगिकी महाविद्यालय में रविवार को किसान संघ का थिंक टैंक कहे जाने वाले भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर के बैनर तले दो दिवसीय अखिल भारतीय विद्वत संगोष्ठी आयोजित हुई। बीएईआरसी के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने बताया कि संगोष्ठी में अंग्रेजी शासन काल के भूमि अधिग्रहण कानून की विसंगतियों और किसान हितों की अनदेखी पर सेंटर ने उदयपुर में विस्तृत चर्चा की और केंद्र सरकार को 15 सूत्रीय सुझावों का मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के पदाधिकारियों के अलावा भारतीय किसान संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, भारतीय अधिवक्ता परिषद संगठनों के अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारीयों सहित बारह राज्यों के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए।

### लैंड पुलिंग कानून पूरी तरह से समाप्त हो, 12 राज्यों के किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी की



### देशव्यापी सर्वे में सामने आये ये बिंदु

भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि 1894 के अंग्रेजी कानून की व्यवस्था वर्षों तक जारी रही और 2013 में नया कानून लागू होने के बाद भी राज्य सरकारों के मनमाफिक संशोधनों ने कमजोर बना दिया। रिसर्च सेंटर के भूमि अधिग्रहण पर देशव्यापी सर्वे में निम्न बिंदू निकलकर आये-

1. सरकारों द्वारा भूमि का वास्तविक कब्जा लेने के बाद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला या नगण्य मिला, वह भी समय पर नहीं मिला।
2. विस्थापितों को रोजगार, पुनर्वास तथा आवास की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रही।
3. अधिग्रहण के बाद बची हुई भूमि नई परिस्थिति के कारण पानी में डूबने से या इसी प्रकार अन्य कारणों से वह भूमि कृषि योग्य नहीं रही। लेकिन उसका मुआवजा लेने का प्रावधान नहीं है।
4. लैण्ड पुलिंग एक्ट जैसे कानून बनाकर छदम आकर्षण द्वारा भोले भाले किसानों को कागजी आश्वासनों के आधार पर छलपूर्वक स्वीकृति लेने का छल हुआ। जिसमें अधिकारियों को आतंक फैलाने की छूट थी। इस अत्याचार को रोकने का कोई प्रयास या प्रावधान नही है। नियम को मानने की कोई बाध्यता नही है, किसी अंकुश की व्यवस्था भी नही है।
5. उपचार के लिये केवल न्यायपालिका है क्योंकि न्यायपालिका ने नियमों की अवहेलना करने पर कई निर्णय किसान हित में पारित किये, लेकिन किसान के पास न्यायिक लड़ाई लड़ने का न तो समय है न पैसा। अतः किसान इसे अपनी नियति मानकर हताश हो जाता है। पूरे देश में लगभग यही स्थिति है।
6. योजनाएं समय पर पूरी न होने से किसान आर्थिक एवं मानसिक रूप से टूट कर हताश हो जाते है। इस पर कोई विचार नही किया गया।

### केंद्र सरकार को भेजे 15 सूत्रीय सुझाव

1. कानून या संशोधन करने में ग्रामसभा में 80 प्रतिशत निवासियों की सहमति अनिवार्य ली जाय। जो न्यायिक या स्वतंत्र अधिकारी की उपस्थिति में हो ताकि दबाव से कार्य न हो जिसका डिजीटल रिकार्ड हो।
2. मुआवजा वास्तविक बाजार मूल्य या रजिस्ट्री मूल्य जो अधिक हो, उससे 4 गुना हो। तथा प्रति 3 वर्ष में उसका पुर्नमूल्यांकन हो।
3. भूमि का कब्जा लेने के पूर्व आर. एंड आर योजना पूर्ण रूप से लागू हो। जिसके पालन हेतु जिलेवार पुनर्वास बोर्ड स्थापित हो जिससे वैकल्पिक भूमि, आवास, प्रशिक्षण एवं रोजगार सुनिश्चित हो सके।
4. जहाँ जनजातीय आदि लोगों का विस्थापन अति आवश्यक हो, तब उन सभी ग्रामवासियों को एक ही जगह नये सम्पूर्ण ग्राम के रूप में पुनर्वास के द्वारा स्थापित किया जाये, ताकि उनकी संस्कृति, समाज, सामाजिक परिवेश आदि का बचाव हो सके।
5. जब तक अत्यंत आवश्यक सार्वजनिक उद्देश्य न हो बहुफसली सिंचित भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगे।
6. वन क्षेत्र में उपलब्ध ऊसर भूमि का सर्वे कर उसका तथा अन्य बंजर भूमि का पहले उपयोग किया जाये।
7. गाँवों को विस्थापन की स्थिति में वहां के निवासी अपनी आजीविका ही खो देते हैं जिससे उन्हे मजबूरन मजदूरी करनी पड़ती है, अतः उन्हें अन्य प्रशिक्षण देकर रोजगार की गारंटी हो।
8. किसान को मुआवजे की एकमुश्त राशि मिलने से उसको नियोजन करने में कठिनाई होती है तथा राशि खर्च हो जाती है। अतः इसके विकल्प के रूप में भूमि का कब्जा लेने के पूर्व किसान के आर्थिक व्यवस्थापन के लिए अधिग्रहित भूमि का प्रति एकड़ वार्षिक किराया वहां की प्रचलित दर से तय कर किसानों को प्रतिवर्ष देय हो। (जैसे आन्ध्रप्रदेश में प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 40 हजार रुपए देय है) तथा जब भी किसान भूमि का एकमुश्त मुआवजा लेना चाहे तब वहां के तत्कालीन बाजार भाव से किसान को 4 गुना राशि दी जाये।
9. परियोजना में किसानों को शेयर होल्डर बनाकर हिस्सेदारी दी जाये।
10. लैंड पुलिंग कानून पूरी तरह से समाप्त किया जाए, सार्वजनिक उद्देश्य से अधिग्रहित भूमि का बिल्डर, कंपनी, आदि को पुनर्विक्रय या स्थानांतरण पूर्ण प्रतिबंधित हो।
11. अधिग्रहित भूमि का 5 वर्षों में उपयोग नही किया जाता है तो उक्त भूमि उसी किसान को वापिस हो जिसमें लिया गया मुआवजा वापिस देय नही होगा।
12. भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया डिजिटल तथा पारदर्शी हो तथा पब्लिक डोमेन में हो तथा मोबाइल शिकायत एप विकसित हो।
13. सरकार बोली लगाकर नीलामी के तौर पर किसानों के साथ भूमि खरीदने का सौदा तुरंत भुगतान के साथ भी कर सकती है लेकिन भूमि का मूल्य तत्कालीन बाजार भाव के 4 गुना से कम न हो।
14. विभिन्न राज्यों द्वारा किये गये संशोधनों के कारण मुख्य प्रावधान ही समाप्त हो गये है। अतः केन्द्र सरकार राज्य सरकारों की सहमति से तथा आवश्यकता हो तो संविधान संशोधन द्वारा पूरे देश में कानून में एकरूपता लाई जाये।
15. भूमि अधिग्रहण करते समय किसानों को भुलावे में रखकर, नियमों का दुरुपयोग कर कार्य करने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध न्यूनतम समय सीमा (एक वर्ष) में कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने का कानूनी प्रावधान एक्ट में हो

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, महामंत्री मकरंद करकरे, भारतीय अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष श्रीनिवास मूर्ति, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट संजय पोद्दार, महाराष्ट्र के असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल अजय तलहर, उज्जैन से किसान संघ के प्रांत मंत्री भारत सिंह बैंस, प्रताप सिंह धाकड़ कुलगरू महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहित 12 प्रदेशो के किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

दिग्विजय सिंह ने नरेला विधानसभा क्षेत्र में पकड़ी वोट चोरी

# एक जगह पर 30 मतदाता दर्ज

## स्थानीय निवासियों ने कहा कि इन लोगों को हमने कभी यहां नहीं देखा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

नरेला विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को लेकर उठी अनियमितताओं की शिकायतों ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। इन्हीं आरोपों की पड़ताल के लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को अचानक फील्ड निरीक्षण पर पहुंचे। मौके पर उन्होंने मतदाता सूची में कई संदिग्ध और अप्रमाणित प्रविष्टियां पाईं, जिनपर जिम्मेदार बीएलओ संतोषजनक जवाब देने में असफल रहीं।

निरीक्षण के दौरान सिंह मतदान केंद्र क्रमांक 189 के मकान नंबर 70 पहुंचे। यहां मतदाता सूची की जांच करते हुए करीब 30 ऐसे नाम सामने आए जिनके बारे में स्थानीय निवासियों ने स्पष्ट कहा कि इन लोगों को हमने कभी यहां नहीं देखा। लोगों के मुताबिक, मतदाता सूची में दर्ज ये नाम क्षेत्र से मेल ही नहीं खाते।



**खुलीं कई गड़बड़ियां-** फील्ड वेरिफिकेशन में यह भी सामने आया कि जिन लोगों के नाम सूची में जोड़े गए हैं, वे बताए गए पते पर रहते ही नहीं। दिग्विजय सिंह ने स्वयं उस मकान का निरीक्षण किया और कहा कि यह गंभीर चुनावी अनियमितता का संकेत है।

**बीएलओ के जवाब पर उठे सवाल-** एक अन्य केंद्र पर जब सिंह ने लापता नामों और गलत प्रविष्टियों के बारे में बीएलओ प्रतिभा भीलवारे से स्पष्टीकरण मांगा, तो वह स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाईं। उनके गोलमोल जवाबों से स्थिति और संदिग्ध लगने लगी। दिग्विजय सिंह ने आरोपों को गंभीर बताते हुए कहा कि मतदाता सूची में हेरफेर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ सीधा खिलवाड़ है। इसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है।

---

पाकिस्तान : हमलावरों ने बलूचिस्तान प्रांत के

## एफसी हेडक्वार्टर को बनाया निशाना, 6 जवानों की मौत

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के नोकुंदी इलाके में स्थित चगाई में फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के मुख्यालय के मेन गेट पर आत्मघाती हमला होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक इस हमले में 6 जवानों की मौत होने की पुष्टि है। यह हमला कथित तौर पर बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट की सादओ ऑपरेशनल बटालियन द्वारा किया गया। वहीं यह भी जानकारी है कि सभी हमलावरों को भी मार गिराया गया।

विस्फोट इतना जबरदस्त था कि मुख्य द्वार पूरी तरह नष्ट हो गया और पास की दीवारों को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तानी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मुख्य प्रवेश द्वार पर हमले के तुरंत बाद हथियारबंद हमलावर नोकुंडी स्थित एफसी मुख्यालय के अंदर घुस गए।

मुख्यालय परिसर के भीतर भी हमलावरों और जवानों के बीच झड़प हुई। हमले के मद्देनजर, सभी संबंधित अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया है। घटनास्थल पर सहायता के लिए क्वेटा से 2 हेलीकॉप्टर रवाना किए गए हैं।

---

## इजराइल ने सुरंग में फंसे 40 हमास लड़ाकों को मारा

**एजेंसी ▸▸ गाजा**

इजराइल ने दावा किया है कि उसने सुरंग में फंसे 40 हमास लड़कों को मार दिया है। ये लड़ाके गाजा के दक्षिणी शहर राफा की सुरंगों में मौजूद थे। इजराइली सेना ने रविवार रात बयान जारी कर बताया कि हथियारबंद लड़ाकों को खत्म करने के लिए राफा में मौजूद सुरंगों को नष्ट किया जा रहा है। पिछले हफ्ते सुरंगों के अंदर 40 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं। इजराइल इससे पहले भी राफा में कई लड़ाकों को मारने और गिरफ्तार करने का दावा कर चुका है। हालांकि हमास ने इन दावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## दो बसों की टक्कर में 8 लोगों की दर्दनाक मौत, 48 घायल

**एजेंसी ▸▸ शिवगंगा**

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में सोमवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। यहां तिरुपट्टूर के पास दो बसों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 8 लोगों की जान चली गई, जबकि 48 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सिवगंगा जिले के पुलिस अधीक्षक सिवाप्रसाद ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है।

---

संसद के शीतलाकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा

# सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए साफ कहा कि संसद परिसर में ड्रामा करने की बहुत जगहें बाहर हैं, लेकिन सदन में हंगामे की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, खासकर विपक्ष से अपील की कि वे सत्र को सुचारू और गरिमामय तरीके से चलाने में सहयोग दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद देश की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र है। ऐसे में यहां नारेबाजी नहीं, बल्कि नीतियों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। नारे नहीं, नीति पर जोर देना चाहिए और इसके लिए नीयत होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि चुनावी पराजय की निराशा से निकलना चाहिए और रचनात्मक चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए।

### संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं। उनके इस कदम पर बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नाराजगी जताई और कहा- रेणुका चौधरी कुत्ता लेकर संसद आईं, यह गलत है।



## सोमवार का महाकाल श्रृंगार



## विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान आवश्यकता

**उज्जैन।** भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की पहल के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन को आमंत्रित किया गया।

उनके साथ सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का विश्वविद्यालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में शुक्रवार दोपहर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति रूपन ने कहा भगवान श्रीकृष्ण की विद्या भूमि पर आना मेरा सौभाग्य है। वर्तमान में उनके समान विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने कहा मॉरीशस के साथ भारत के संबंध अनेक दशकों से हैं। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रूपन को सम्मानित किया गया। कुलगुरु प्रो. भारद्वाज, प्रभारी कुलसचिव डॉ. डीके बग्गा, कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. एसके मिश्रा, अवंतिका विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मनीष पाटिल, प्रो. प्रिया राव, योग गुरु डॉ. मिलिंद त्रिपाठी, डॉ. कानिया मेड़ा आदि ने उन्हें सम्मानित किया।

## डॉ. वर्मा का सेवानिवृत्ति पर किया सारस्वत सम्मान

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. मनोहरसिंह वर्मा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षक संघ द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश ढंड ने कहा मेरे शिष्य डॉ. वर्मा विद्यार्थी काल से ही होनहार और अनुशासित रहे हैं। जागीरदार परिवार में जन्म के बावजूद उन्होंने शिक्षकीय जीवन को अपनाया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिभावान शिक्षक के रूप में उन्होंने अनेकानेक विद्यार्थियों को तराशा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. कल्पना सिंह ने कहा शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता। डॉ. वर्मा ने पठन-पाठन के अलावा महाविद्यालय के प्रशासकीय कार्यों को बखूबी किया। शासकीय विधि महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ. अजय चौहान ने डॉ. वर्मा को आकर्षक और मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया। स्वागत वक्तव्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान ने दिया। सम्मान पत्र का वाचन सचिव डॉ. राजश्री सेठ ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुलचंद्र शुक्ल, डॉ. केएम शर्मा, डॉ. शोभा मिश्रा ने भी डॉ. वर्मा की कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए संबोधित किया। संचालन डॉ. जफर मेहमूद ने किया। आभार डॉ. शुभकामना रत्ताले ने माना। अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर डॉ. वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय सैनी (सोनकच्छ) सहित डॉ. वर्मा के परिजन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नवजात की मौत के मामले में पंवासा के फर्जी डॉक्टर को जेल भेजा

**उज्जैन।** मक्सी रोड पंवासा क्षेत्र में फर्जी क्लीनिक संचालित करने वाले तैयबा शेख को पंवासा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। जिसे कोर्ट ने सेंट्रल जेल भैरवगढ़ भेज दिया। एएसआई संतोष राव ने बताया फर्जी डिग्री पर इलाज करने व नवजात की मौत के मामले में तैयबा काफी समय से फरार थी तथा अक्टूबर से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। तैयबा लंबे समय से रायपुर में फरारी काट रही थी। उज्जैन आने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर धरधबोचा था। सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की और कोर्ट में पेश किया।

पूर्णिमा हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण तिथियों में से एक है। इस दिन मुख्य रूप से स्नान, दान और पूजा-पाठ जैसे पुण्य कार्यों का विशेष महत्व होता है। साथ ही सृष्टि के संचालक भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विधान।

# साल की आखिरी मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर रहेगा भद्रा का साया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पूर्णिमा हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण तिथियों में से एक है। इस दिन मुख्य रूप से स्नान, दान और पूजा-पाठ जैसे पुण्य कार्यों का विशेष महत्व होता है। साथ ही सृष्टि के संचालक भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इसके प्रभाव से जीवन में सुख-समृद्धि, धन-वैभव और सकारात्मकता का संचार होता है। यही नहीं प्रभु की कृपा से साधक को शुभ फल प्राप्त होते हैं। वर्तमान में मार्गशीर्ष माह जारी है। इस महीने में 4 दिसंबर को मार्गशीर्ष पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह वर्ष 2025 की अंतिम पूर्णिमा भी है, जिसपर भद्रा का साया बना हुआ है। ऐसे में पूजा-पाठ व पवित्र नदियों में स्नान के लिए शुभ मुहूर्त क्या रहेगा, आइए जानते हैं।

### क्या दान करना होता है शुभ?

मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर आप सफेद चीजों का दान कर सकते हैं जैसे चावल, दही, सफेद वस्त्र, मोती और चांदी आदि।

अन्न दान करना शुभ रहेगा। इससे जीवन में सुख-समृद्धि व भाग्योदय होता है।

मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर आप गुड़, घी, दूध का दान भी कर सकते हैं। इससे मानसिक शांति का एहसास होता है।

आप अपनी क्षमतानुसार भी धन का दान कर सकती हैं। यह कल्याणकारी होता है।

धार्मिक पुस्तकें और दीपदान करना भी उचित होता है। इससे अटके कार्य पूरे होते हैं।




### स्नान-दान का मुहूर्त

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन सुबह 4 बजकर 19 मिनट से 4 बजकर 58 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त रहने वाला है। आप इस अवधि में स्नान कर सकते हैं। इसके अलावा सुबह 11 बजकर 50 मिनट से दोपहर 12:32 तक अभिजीत मुहूर्त रहने वाला है।

इस दिन कृत्तिका नक्षत्र बना रहेगा, जो दोपहर 2 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। इसके बाद रोहिणी नक्षत्र प्रारंभ होगा। साथ ही शिव योग भी दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक रहने वाला है। इसके बाद सिद्ध योग शुरू होगा।

कलेक्टर और एसपी को भोपाल से साफ शब्दों में मिले निर्देश

# थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज करने में नहीं बरती जाएगी अब कोताही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अब थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज करने में कोताही नहीं बरती जाएगी क्योंकि भोपाल से पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी कलेक्टर और एसपी को साफ शब्दों में निर्देश दिए गए है कि थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज न करने की कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि कानून-व्यवस्था के हर मामले में पारदर्शिता जरूरी है। कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सख्त तेवर दिखाए हैं। प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने साफ कहा कि थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज न करने की कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।




रबी सीजन को देखते हुए सीएस ने कलेक्टरों को चेताया कि जिलों में खाद-बीज की कोई कमी या शिकायत नहीं होनी चाहिए। धान और सोयाबीन की खरीदी को लेकर भी पूरी सतर्कता बरतने को कहा गया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मीडिया को लॉ एंड ऑर्डर के मामलों से अवगत कराना होगा

मीडिया को लॉ एंड ऑर्डर के मामलों से अवगत कराने के साथ कलेक्टर और एसपी जिलों में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य करें। सबसे अधिक एक्सीडेंट दो पहिया वाहन चालकों के होते है और मौतें भी इसी कारण होती है, इसलिए हेलमेट पहनने का अभियान चलाने से दुर्घटना और मौतों का आंकड़ा कम किया जा सकेगा।

## मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कास्य पदक



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन। उज्जैन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीर सागर मल्लखम्ब केन्द्र के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 24 से 29 दिसंबर तक उज्जैन में हुई 69वीं राष्ट्रीय शालाएं मल्लखम्ब प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कास्य पदक अर्जित कर उज्जैन शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

14. वर्ष से कम आयु वर्ग में हनी बकोदिया ने अपनी टीम के साथ 1 स्वर्ण व 1 कास्य एवं जिया यादव, ईशा सोलंकी ने भी अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किए। वहीं 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में वैशाली भामुरी एवं चार्वी कोरी ने भी अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किए। अनिकेत सिसोदिया ने भी अपनी टीम के साथ 1 स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं खाचरौद जैसे छोटे से शहर की बेटी मानसी बम्बोरिया पिता मोहनलाल बम्बोरिया (विश्वामित्र अवार्डी) ने गरिमामय प्रदर्शन करते हुए 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में संघर्ष पूर्ण मुकाबला करते हुए प्रदेश की ही नेशनल गेम्स खेलों इंण्डिया में स्वर्ण पदक विजेता वीरा राणा को पछाड़ते हुए सम्पूर्ण भारत वर्ष में दुसरा स्थान प्राप्त करते हुए 1 रजत एवं अपनी टीम के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किया।

खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धी पर संयुक्त संचालक बी.एस. यादव ने सम्मानित कर बधाई दी। बालक वर्ग में अनिकेत सिसोदिया टीम स्वर्ण, हनी बकोदिया कास्य, बालिका वर्ग में जिया यादव 1 स्वर्ण (टीम), ईशा सोलंकी 1 स्वर्ण (टीम), वैशाली भामुरी 1 स्वर्ण (टीम), चार्बी कोरी 1 स्वर्ण (टीम), मानसी बम्बोरिया ने 1 रजत, 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## कल मनाया जाएगा अधिवक्ता दिवस

**उज्जैन।** अधिवक्ता दिवस हर साल 3 दिसंबर को मनाया जाता है, जो भारत के पहले राष्ट्रपति और प्रख्यात वकील डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती है। यह दिन कानूनी पेशे और न्याय तथा विधि के शासन में उनके योगदान के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन भारत के कानूनी पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर है, जो न्याय दिलाने, अधिकारों की रक्षा करने और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए समर्पित हैं।

**एडवोकेट डे कई कारणों से महत्वपूर्ण है:**
**अधिवक्ताओं की मान्यता:** समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न कारणों और निरंतर काम करने वाले वकीलों के समर्पण और प्रतिबद्धता को स्वीकार और सम्मानित करना एक दिन है.

**अधिवक्ता कार्य का संवर्धन:** अधिवक्ता दिवस विभिन्न क्षेत्रों में अधिवक्ता कार्य को बढ़ावा देने, महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अधिक व्यक्तियों को वकालत के प्रयासों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है.

**कानूनी योगदान को हाइलाइट करना:** यह एक अवसर प्रदान करता है कि कानूनी पेशेवर न्याय को बनाए रखने, मानव अधिकारों की सुरक्षा करने और कानून के तहत समानता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

**प्रेरणा और प्रेरणा:** एडवोकेट डे वकीलों को उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान को मान्यता देकर चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद अपने महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखने के लिए प्रेरित करता है और प्रेरित करता है.

विश्व एड्स दिवस

## 'सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम पर निकाली जन जागृति रैली



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर डॉ. रवींद्र कुमार पाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अरुण कुमार कुशवाह, क्षय नियंत्रण एवं एचआईवी यूनिट के अधिकारी/कर्मचारी नर्सिंग, महाविद्यालय स्टॉफ, छात्राएं, अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।सोमवार को प्रातः 9:30 बजे जिला उज्जैन में विभाग द्वारा जन जागृति रैली का आयोजन किया गया।

रैली कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न स्थानों से निकाली गई। रैली क्षीर सागर ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली को प्रभारी अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम 'सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है।

इस दिवस को अयोजित करने का उद्देश्य एच. आई.वी. रोग के प्रति पूरे विश्व में एक जुटता प्रदर्शित करना है। हमारे बीच में वे लोग जो एचआईवी से ग्रसित है। हमें उनको सहायता प्रदान करना है, जो इस बीमारी के कारण असामयिक रूम से मृत्यु को प्राप्त हुए हैं उनको श्रद्धांजलि देना है। एच आई.वी./ एड्स क्या है एड्स जिस वायरस के कारण होता है उसका नाम एच. आई.वी है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कम करता है, जब यह क्षमता क्षीण हो जाती है तो शरीर में विभिन्न रोगों के लक्षण प्रकट होने लगते हैं इस अवस्था को एड्स कहते हैं। एड्स रोग फैलने के कारण असुरक्षित यौन सम्पर्क करने से किसी एच.आई. वी. ग्रसित व्यक्ति के यौन सम्पर्क में आने वाले दूसरे स्वस्थ्य व्यक्ति को एच. आई. वी. वायरस फैलने का खतरा होता है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एच. आई. वी. एड्स फैलने के सबसे प्रमुख कारण असुरक्षित यौन सम्पर्क हैं। संक्रमित रक्त से, कोई व्यक्ति बीमार था दुर्घटनाग्रस्त है और इलाज के दौरान उसे रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो रक्त चढ़ाने से पहले उसकी जांच करना चाहिए।यदि एच.आई.वी. संक्रमित रक्त उस व्यक्ति को चढ़ाया जाता है तो उसे भी एच.आई.वी. एड्स का संक्रमण हो सकता है। यदि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई सुई व सीरिंज को अन्य व्यक्ति इस्तेमाल करता है तो उसे भी एच. आई. वी. संक्रमण होने का खतरा रहता है। इसलिए हमेशा डिस्पोजेबल सुई व सीरिंज का ही उपयोग करें।

एच. आई. वी. संक्रमित गर्भवती महिला से उसके होने वाले शिशु में भी एच.आई.वी. संक्रमण का खतरा रहता है।रोकथामअपने जीवनसाथी के प्रति वफादार रहे, यौन सम्पर्क से पूर्व निरोध का इस्तेमाल अवश्य करे रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ने पर उसकी सम्पूर्ण जांच अवश्य करवा लें।

## बास्केटबॉल खिलाड़ी भूपेंद्र जयपुर में दिखाएंगे प्रतिभा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स-2025 का आयोजन 1 से 5 दिसंबर तक जयपुर में होगा। इसमें उज्जैन के भूपेंद्र शुक्ला भी पंजाब विश्वविद्यालय की टीम की तरफ स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। उज्जैन बास्केटबॉल के विजय बाली और ओम सारवान ने बताया कदम दर कदम बड़ा फासला तय करने की तर्ज पर ही भूपेंद्र छोटी-छोटी स्पधाएं खेल कर बड़ी स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचे हैं। वे इससे पहले भी कई बड़ी स्पधाओं उज्जैन का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। खेलो इंडिया बास्केटबॉल स्पर्धा में भारत की श्रेष्ठ 8 टीमों के खिलाड़ी स्पर्धा में अपना खेल कौशल दिखाएंगे।

कला क्षेत्र में आधुनिक एल ई डी स्क्रीन बनी सहायक

# ढाई घंटे मे जेन- जी को धर्म के दर्शन से जोडने का प्रयास

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

व्यस्त दिनचर्या और एकल परिवार के कारण आजकल बच्चे व युवा ,सनातन धर्म की विशेषताओं से अनजान हैं। अब दादा- दादी की कहानियां लुप्त सी हो गई हैं। सनातन धर्म, अनादिकाल से प्रेम व दया का संदेश दे रहा है। वर्तमान समय मे हर कलाकार का ये नैतिक दायित्व है कि देश की जेन- जी को धर्म के दर्शन से कम से कम समय मे परिचित कराया जाए। उक्त उद्गार प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक महाभारत मे दुर्योधन की भूमिका निभानेवाले पुनीत इस्सर ने दैनिक अवंतिका के सिनियर रिपोर्टर राहुल शुक्ल से साझा किए।

पुनीत इस्सर ,गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जयश्रीकृष्ण नृत्य नाट्य की प्रस्तुति हेतु शहर मे पधारे हुए हैं। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन इस्सर ने किया है। 120 लोगों के दल के साथ पुनीत इस तरह के नाट्य देश व विदेश मे प्रस्तुत कर चुके हैं जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है।



### फिल्म और टीवी से मोहभंग

पुनीत इस्सर का कहना है कि बदलते हुए परिवेश मे नई जनरेशन बहुत ही तेजतर्रार है और कम समय मे ज्यादा हांसिल करने की सोच रखती है। ऐसी स्थिति मे ढाई या तीन घंटे के नाट्य द्वारा महाग्रंथ गीता व रामायण के संदेश रोचक ढंग से प्रसारित करना एक विकल्प मुझे नजर आया। जेन- जी को सनातन की विशेषताओ को नाट्य व नृत्य द्वारा ढाई घंटे मे बताना एक चुनौतिपूर्ण कार्य तो था पर मैने चुनौती को स्वीकार करके प्रयास किए जिसकी देश व विदेश मे सराहना हुई। भगवान महाकाल की नगरी मे भगवान श्रीकृष्ण गीतासार की प्रस्तुति देना एक सौभाग्य है क्योंकि यहां की धरा पर भगवान कृष्ण शिक्षा हेतु आए थे।

### अब लौटाने का समय

सहज सरल कलाकार पुनीत इस्सर भले ही महाभारत मे दुर्योधन की क्रूर भूमिका मे रहे पर अपने अभिनय से सभी के दिल मे समा गए किन्तु निजी जीवन मे वे एक बेहद भावुक जेण्टलमैन हैं। आज साठ वर्ष की आयु मे भी वे चुस्त-दुरुस्त हैं और उन्हे महाभारत के सभी डायलॉग आज भी याद हैं। उन्होने सनातन धर्म के पवित्र ग्रंथ रामायण व महाभारत का गहराई से अध्ययन किया है। उनका कहना है कि दर्शकों ने उन्हे पसंद किया और बहुत प्यार दिया। इस आयु मे अब वे समाज को कुछ अच्छा लौटाने के लिए कृत संकल्पित हैं और धार्मिक शो करके वे जैन जी को सन्मार्ग पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### शीघ्र ही रावण की भूमिका मे नजर आएंगे

अपने बेबाक अंदाज मे पुनीत ने बताया कि वे शीघ्र ही कलर्स चैनल के रात आठ बजे प्रसारित शो शिवशक्ति मे महापंडित रावण के रूप मे नजर आएंगे। इस शो के लिए उन्होने रावण के पूरे चरित्र का अध्ययन किया है।

### एलईडी पर भावपूर्ण दृश्यांकन

पुनीत का कहना है कि आधुनिक तकनीक का बखूबी प्रयोग करके हम धार्मिक नाट्य व नृत्यों को बडी बडी एलईडी पर अच्छे से दृश्यांकन कर सकते हैं और दर्शको की भीड तक पहुंच सकते हैं बशर्ते वे रोचक और भावपूर्ण हों।

### पुनीत इस्सर का उज्जैन से नाता

पुनीत ने बताया कि बाबा महाकालेश्वर की इस नगरी से उनका गहरा नाता है। उनकी पुत्रवधू सुरभि का मायका यहीं की अलकापुरी कालोनी मे है। सुरभि ,जनप्रिय इंटक नेता शंकरप्रसाद दुबे की परपोती है और समाजसेवी कल्पना शुक्ला की पुत्री है।


समस्याओं का तुरंत समाधान

घर और जीवन बरबाद होना, तांत्रिक क्रियाओं से नुकसान, शादी, संतान एवं कार्यो में रूकावटे आना, पैसा ना बचना, बीमारियां।

समस्याओं के सरल समाधान हेतु वेबसाइट देखें
www.dukhosemukti.com

तांत्रिक, आध्यात्मिक गुरु, आत्मसाक्षात्कारी,
ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील उपाध्याय

18 पुष्पांजली नगर (बगीचे के सामने) इंदिरा नगर चौराहे के सामने (राजेंद्र नगर वाली गली) आगर रोड, उज्जैन
मो. 7898018818

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## प्रदेश की खबरें

### सिंहस्थ 2028 में होगा भव्य, दिव्य और आलौकिक अनुभव

उज्जैन। मुख्यमंत्री ने उज्जैन प्रवास के दौरान गत शनिवार को सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि घाटों पर हरियाली होनी चाहिए और सभी घाटों के निर्माण में एकरूपता होनी चाहिए। घाट निर्माण के पश्चात घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और संसाधन भी सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिहंस्थ 2028 के सभी कार्य गुणवत्ता पूर्व और समय अवधि में पूर्ण हो जिससे श्रद्धालुओं का सिंहस्थ 2028 का अनुभव भव्य, दिव्य और आलौकिक बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में घाट आधारित विकास की कार्य योजना पर भी कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत 31 मई को 779 करोड़ रूपए की लागत राशि से शिप्रा नदी पर 29.15 किमी लंबे नवीन घाटों के विकास कार्य का भूमि पूजन किया था।

### नेतृत्वकर्ता की पहचान समाज के प्रति संवेदनशीलता से होती है

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत संचालित समाज कार्य कक्षा का गत दिवस अवलोकन भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर सम्मानित अतिथि डॉ. बकुल लाड कार्यपालक निदेशक म.प्र.जन अभियान परिषद भोपाल, डॉ. उमेश शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय पशु चिकित्सा परिषद नई दिल्ली, भूषण तिवारी राज्य कार्यालय पत्रिका विभाग, जय दीक्षित जिला समन्वयक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन कर प्रारंभ किया गया।अतिथि का स्वागत उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ बकुल लाड कार्यपालक निदेशक द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया समाज और शासन को एक साथ जोड़ने के लिए परिषद का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से हमारी योजनाओं के द्वारा अनेक नेतृत्वकर्ता तैयार हो रहे हैं। जिनका नेटवर्क का विस्तार समाज के प्रत्येक ग्राम नगर वार्ड तक फैला हुआ है। आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। परिषद द्वारा चलाई जा रही इन कक्षाओं के माध्यम से छात्रों द्वारा अनेक नवाचार किया जा रहे हैं जिनको भी शासन स्तर पर महत्व मिल रहा है।डॉ. उमेश शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय पशु चिकित्सा परिषद नई दिल्ली ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के के प्रति संवेदना होनी चाहिए। सभी भारत को विकसित बनाने के लिए एकसाथ मिलकर कार्य करने पर विश्व कल्याण का संदेश प्रसारित होगा। आज के समय में हमें सशक्त होने के साथ-साथ हमारे समाज को नई दिशा देने की आवश्यकता है।

### संतों ने कहा-प्रशासन शैव अखाड़ों के साथ बैठक में नहीं बुलाएं

# सिंहस्थ से पहले संतों में दो फाड़,रामादल अखाड़ा परिषद बनाया, महंत रामेश्वरदास बने अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन में साधु-संतों के बीच बड़ा मतभेद सामने आया है। रविवार को हुए नाटकीय घटनाक्रम में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद शेव (शैव) और वैष्णव संप्रदाय के अखाड़ों में स्पष्ट तौर पर दो फाड़ हो गए हैं।

वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर नया संगठन रामादल अखाड़ा परिषद बनाने की घोषणा कर दी है। साधु-संतों का कहना है कि अब सिंहस्थ से जुड़े किसी भी मुद्दे पर प्रशासन से बातचीत वे शेव अखाड़ों के साथ नहीं करेंगे, बल्कि अपनी अलग बात रखेंगे।

रामादल अखाड़ा परिषद के संरक्षक भगवान दास ने कहा कि पहले जैसे स्थानीय अखाड़ा परिषद की तरह रामादल अखाड़ा परिषद भी काम करती रहेगी। नया रामादल अखाड़ा बनाया है, जो त्याग पत्र दिया मुझे नहीं दिया। शैव अखाड़ों के संतों को असंतुष्ट देखते हुए अखाड़ा परिषद को भंग कर दिया है। आज से शैव सम्प्रदाय से हमारा कोई संपर्क नहीं रहेगा। वैष्णव सम्प्रदाय के तीनों अखाड़े, निमोर्ही और दिगंबर और निवार्णी का रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया। अब आगे कुंभ के लिए प्रशासन के साथ होने वाली बैठकों में रामादल अखाड़ों की ओर से हम जाएंगे। शैव सम्प्रदाय के साथ हमारी बैठक नहीं होगी हमारी अलग करेंगे।

#### आपात बैठक में लिया निर्णय

रविवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरिगिरि महाराज उज्जैन पहुंचे थे। दोपहर में शिप्रा नदी किनारे दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, उपाध्यक्ष महंत आनंदपुरी महाराज और प्रवक्ता महंत श्याम गिरी महाराज ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। स्थानीय परिषद के भंग होने की सूचना के बाद मंगलनाथ रोड स्थित श्री पंच रामानंदीय निमोर्ही अखाड़े में वैष्णव संप्रदाय से जुड़े निमोर्ही अणि अखाड़ा, दिगंबर अणि अखाड़ा और निवार्णी अणि अखाड़ा के महंतों और महामंडलेश्वरों ने बैठक की। लगभग एक घंटे चली इस बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय अखाड़ा परिषद को पूर्ण रूप से भंग कर नए रामादल अखाड़ा परिषद का गठन किया जाएगा और उसके पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### कलेक्टर समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा सोमवार को समयावधि पत्रों की विभागवार समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले में संचालित एस आई आर कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि समस्त बीएलओ द्वारा निर्धारित समय में उक्त कार्य पूर्ण किया जाए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्प लाइन एवं समाधान आनलाइन की शिकायतों का निराकरण भी समय सीमा में किया जाए। 300 दिवस से अधिक शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में खाद वितरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर किसानों की मांग अनुसार उन्हें खाद उपलब्ध कराया जाए। बैठक में भावांतर योजना की समीक्षा भी की गई ।बैठक में एम पी पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई कि यह पोर्टल विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और संगठनों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं तक पहुंचने के लिए एक सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। इस पर 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं।

### सेवानिवृत्ति पर श्री भाटिया का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



भारतीय रेल में 37 वर्ष की सेवा पूर्ण कर लेने पर "उज्जैन टिकट चेकिंग स्टाफ" द्वारा मुख्य टिकट निरीक्षक राजेश भाटिया का भावभीना स्वागत किया।स्वागत समारोह की अध्यक्षता अशोक यादव ने की।इस अवसर पर इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ आगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, आशीष व्यास, मिलिंद डोंगरे व भाटिया परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्री भाटिया की कार्य शैली की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।स्वागत समारोह का संचालन अविनाश श्रीवास ने किया,

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले- श्री कृष्णम वंदे जगत गुरुम

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण जगत गुरु हैं, जिन्होंने कर्मयोग और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। उन्होंने भगवद गीता को जीवन का सर्वोत्तम मार्गदर्शक बताया और इसके नियमित पाठ की सलाह दी। भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि ने उनके गुणों को पहचाना तथा अपना सम्पूर्ण ज्ञान उन्हें दिया।

भगवान श्रीकृष्ण इसके पश्चात ही जगत गुरुबने। कर्मयोग का ज्ञान देते हुए उन्होंने सम्पूर्ण विश्व में धर्म की स्थापना की और जन तंत्र के सबसे बड़े नायक बनें। कुरुक्षेत्र के युद्ध में श्रीकृष्ण की सेना को कौरवों की तरफ से युद्ध करना पड़ा था। युद्ध स्थल में विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर संकट का सामना करने का संदेश हम सभी को श्रीकृष्ण ने दिया। श्रीकृष्ण ने सदैव हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ना सिखाया है। भगवत गीता में जीवन का सार है। इससे बढ़कर कोई ग्रंथ नहीं है। भगवत गीता हमें जीवन में कठिन समय में भी अपने कर्तव्य को निरंतर करते रहना सिखाती है। भगवत गीता में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा दिये गये उपदेश हमारे जीवन का मार्ग दर्शन करते हैं। कई समस्याओं का हल हमें भगवत गीता में मिल जाता है। भगवत गीता का पाठ हम सभी को नियमित रूप से करना चाहिए। भगवद गीता हमें ईश्वर का स्मरण करते हुए अपने कर्मों को करते रखना सिखाती है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्य अतिथि के रूप मे 3 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन उज्जैन के दशहरा मैदान से किया गया।

#### तीन दिनों तक होंगे यह आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा। मंगलवार 2 दिसंबर को शाम 7 बजे नई दिल्ली की कलाकार वैष्णवी शर्मा द्वारा विराटजयी-काव्य प्रसतुति दी जाएगी। इसके पश्चात मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा। बुधवार 3 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा।

### खास डिजिटल तकनीक से दिखाई जाएगी उज्जैन की संस्कृति

# 30 करोड़ श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए हो रहा तैयार शहर

## उज्जैन की पहचान बन चुका महाकाल महालोक का नंदी द्वार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन को मिलेगा आधुनिक सांस्कृतिक पहचान का नया मॉडल

उज्जैन की परंपराओं और पौराणिक विरासत को आधुनिक डिजिटल रूप में प्रस्तुत करने के लिए एक विशेष परियोजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), भोपाल द्वारा यह योजना तैयार की गई है। इस योजना में शहर की धार्मिक कथाओं, मंदिर इतिहास और अमूर्त सांस्कृतिक स्मृतियों को इंटरैक्टिव तकनीक, बोर्ड गेम्स, स्टोरीटेलिंग एप और डिजिटल रिपोजिटरी के माध्यम से दुनिया तक पहुंचाने का प्रस्ताव है। यह मॉडल सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन को वैश्विक धार्मिक-सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है।

#### योजना का उद्देश्य

उज्जैन की पौराणिक विरासत को डिजिटल माध्यमों से पुनर्जीवित करना। धार्मिक पहचान को इंटरैक्टिव और वैश्विक प्रस्तुति देना। सिंहस्थ 2028 से पहले शहर को विश्वस्तरीय सांस्कृतिक केंद्र बनाना। परियोजना का नेतृत्व डॉ. गायत्री नंदा कर रही हैं। उनकी टीम में कर्ना सेनगुप्ता, रिधु धनगहलोत, चार्ली गुप्ता और सलोनी पुजारी शामिल हैं। परियोजना से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल शहर की पारंपरिक आत्मा को आधुनिक डिजाइन, डिजिटल आर्ट, गेमिफिकेशन और अनुभवात्मक पर्यटन के साथ जोड़कर एक नई सांस्कृतिक ऊर्जा पैदा करेगी।

### सोयाबीन का मॉडल रेट 4237 रुपए जारी

**उज्जैन।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए और 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### शिक्षा में सांदीपनि विद्यालय को मिल रही है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों ने अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के साथ ही उनके कौशल विकास और उन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य में सांदीपनि विद्यालय की शुरूआत वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हुई। इस सत्र में प्रथम चरण में प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय शुरू किये गये। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 3 लाख से ऊपर हो गयी है। विद्यालय में केजी-वन से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत तक रहा है।

# रात 2.30 बजे बाबा महाकाल से ली अंतिम विदाई

## ब्रह्मलीन हुए नाथ सम्प्रदाय के अघोरी बाबा योगी बमबम नाथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्मशानवासी और प्रसिद्ध तांत्रिक अघोरी बाबा योगी बमबम नाथ महाराज को डोले में बैठाकर सुबह 2.30 बजे श्री महाकाल से अंतिम विदाई दी गई। ब्रह्मलीन होने के बाद नाथ संप्रदाय की परंपरानुसार उनका डोल चक्रतीर्थ श्मशान से रात 1.30 बजे शुरू हुआ और रात 2.30 बजे भगवान महाकाल के द्वार तक पहुंचा। बमबमनाथ रोज महाकाल दर्शन करने जाते थे। महाकाल से विदाई लेकर पार्थिव शरीर भीलवाड़ा स्थित मुख्य आश्रम (भूतनाथ महाकाल मंदिर) ले जाया गया। जहां समाधि दी। बाबाजी के शिष्य योगी सोमवार नाथ और खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ ने बताया कि योगी बमबम नाथ महाराज कुछ दिनों से अस्वस्थ थे, जिसके कारण ही वह ब्रह्मलीन हो गए।

खड़ेश्वरी अघोरी बाबा विष्णु नाथ ने बताया हमारे गुरु बमबम नाथ परम तपस्वी और श्मशानवासी थे। कई वर्षो से वे प्रतिदिन भगवान महाकाल की भस्मार्ती में शामिल होते थे। आधी रात को घनघोर तपस्या करते थे। उनके जैसा तपस्वी इस उज्जैन नगरी में ना कभी हुआ ना होगा। अघोरी बाबा हमेशा चक्रतीर्थ श्मशान उज्जैन में रहकर अघोर तपस्या करते थे। उज्जैन शहर के चर्चित नागा साधु और बाबा महाकाल के भक्त बाबा बमबम नाथ लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे उज्जैन के एक निजी अस्पताल में उनका ईलाज भी जारी था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। देश-विदेश में फैले उनके हजारों भक्तों ने बाबा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अघोरी के रूप में साधारण जीवन बिताने वाले बाबा बमबम नाथ शिप्रा नदी के किनारे श्मशान में रहते हैं। चिलम पीते भस्मी लगाकर नाम मात्र के काले कपड़े पहने वाले बाबा अपने भक्तों के साथ मिलकर तांत्रिक क्रियाएं भी करते हैं।

#### योगी आदित्यनाथ को गुरु भाई मानते थे बाबा बमबम नाथ

दरअसल, शिप्रा नदी के किनारे चक्रतीर्थ पर रहने वाले नागा बाबा बमबम नाथ विश्वप्रसिद्ध हैं। उनके तन पर पूरे कपड़े भी नहीं रहते। वह कभी श्मशान में धूनी रमाए दिखते तो कभी क्षिप्रा तट पर तपस्या में लीन बैठे रहते हैं। बाबा बमबमनाथ ऐसे ही अघोरी बाबा हैं, जिनका कोई ठौर-ठिकाना ही नहीं है। बाबा बमबम नाथ संप्रदाय से नाता रखते है। इसी वजह से योगी आदित्यनाथ को अपना गुरु भाई मानते थे।

EXOVISA
IMMIGRATION PVT. LTD
10वीं पास भी करें... विदेश में नौकरी
• पैसे वीजा लगने के बाद।
• IELTS, PTE ,TOFIE की जरुरत नहीं।
• 12 साल तक का Study Gap भी स्वीकार।
• वीजा+वर्क+रहना+खाना+टिकट, पैकेज उपलब्ध
अपने डाक्यूमेंट भेजे और अपनी योग्यता फ्री में चेक करें।
हमारी एक्सपर्ट टीम से संपर्क करें
9258536533, 9253586537
Exovisa Immigration Pvt. Ltd.Indore office: 0731-6634207
www.exovisa.comVisahelp@exovisa.com
लोन सुविधा उपलब्ध है

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेंड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

# मेयर ट्रॉफी पर महाराष्ट्र के बॉडी बिल्डर आशुतोष साहा ने कब्जा

## प्रदेश के बॉडी बिल्डर अनमोल तिवारी मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडीबिल्डर के खिताब से नवाजे गए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



रविवार को कड़कड़ाती सर्द रात्रि में खेल प्रेमी दर्शकों की उपस्थिति में मध्य रात्रि 02 बजे तक देशभक्ति, स्वच्छता, स्वस्थ भारत के संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों का अद्भुत प्रदर्शन दूधिया रोशनी से जगमग कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर किया गया, नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा पूर्व महापौर प्रेम नारायण यादव की स्मृति में 36 वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न जोनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य एवं यादगार आयोजन रविवार को संपन्न हुआ, इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के मार्गदर्शन में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के तत्वावधान में नगर पालिक निगम द्वारा 04 लाख कैश प्राइज मेयर ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में गोवा, महाराष्ट्र, विदर्भ ,गुजरात, छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के 250 से भी अधिक शरीर साधकों ने शानदार खेल की दावत मांसपेशियों के प्रदर्शन के माध्यम से प्रदान करते हुए व्यायाम से जुड़ने का संदेश प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के बॉडी बिल्डर आशुतोष साहा बाइसेप्स, ट्राइसेप्स, एब्डोमिनल चेस्ट ,बेक ,थाई मसल्स में अव्वल रहे ओर मेयर ट्रॉफी पर कब्जा जमा कर अधिकार सिद्ध किया, वही संगीत की धुन पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जगदीश नारंग स्मृति में बेस्ट पोजर ट्रॉफी पर महाराष्ट्र के पंचाक्षरी लोनार ने कब्जा जमाया, स्वर्गीय गुरमुख दास थानी स्मृति मोस्ट मस्कुलर बॉडीबिल्डर का खिताब महाराष्ट्र के मोहम्मद जमाल के खाते में गया, स्वर्गीय चुन्नी पहलवान एवं कमल काका स्मृति में मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडीबिल्डर का खिताब मध्य प्रदेश के अनमोल तिवारी ने जीता।

स्पर्धा का शुभारंभ नगर पालिक निगम के महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में सर्वप्रथम पवन पुत्र हनुमान जी के चित्र पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया साथ ही महापौर द्वारा कहा गया कि अगले वर्ष कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर होने वाली मेयर ट्रॉफी में विजेता को 01 लाख रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा वर्तमान में यह राशि 65 हजार है जिसे बजट में प्रावधान करते हुए 01 लाख किया जाएगा।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय, कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, पार्षद पंकज चौधरी गजेंद्र हिरवे, छोटेलाल मंडलोई, राज्य चेयर मेन प्रेम सिंह यादव, पंडित राजेश त्रिवेदी, सीएसपी राहुल देशमुख, उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी योगेंद्र सिंह पटेल, बॉडीबिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के एसोसिएट सेक्रेटरी ऑब्जर्वर सुहिरल सेठ, पार्षद प्रतिनिधि मोहित जायसवाल ,राज्य महासचिव अतिन तिवारी, रोहित जेठवा, पूर्व मिस्टर इंडिया (सिविल सर्विसेस ) जितेंद्र सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, रविकांत मगरदे, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, सर्वश्री विश्वास पंडिया, राहुल परमार, लोकेंद्र जिंदल उपस्थित रहे।

## विवाह स्थल पर ही दिए प्रमाण-पत्र

**उज्जैन।** जिला रजिस्ट्रेशन एवं जिला योजना अधिकारी ने जानकारी दी कि शासन द्वारा शत प्रतिशत विवाह पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विवाह स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किए जा रहे है। 30 नवंबर को सांवराखेड़ी पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भी सभी नव दंपत्तियों को विवाह स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति पुनर्गठित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की "प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना" के क्रियान्वयन के लिए मंत्रि-परिषद की 18 नवम्बर 2025 को हुई बैठक के निर्णय अनुसार राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित "राज्य स्तरीय समन्वय समिति" का पुनर्गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सचिव ऊर्जा, वित्त, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सदस्य होंगे। सचिव नवीन नवकरणीय ऊर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

समिति द्वारा योजना के सभी घटकों अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय बनाना, योजना की प्रगति नियमित (अधिकतम 3 माह) में समीक्षा करना जिससे समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

# मदनी सपा के एजेंट, थूक-लव और लैंड जिहाद फैलाया-रविन्द्रपुरी

### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष भड़के, कहा- अब कौनसा जिहाद बाकी है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी की बैठक में शनिवार को मौलाना महमूद मदनी के विवादित बयान के बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने मदनी को समाजवादी पार्टी का एजेंट बताकर उन्हें थूक, पेशाब, लव और लैंड जिहाद फैलाने वाला बता दिया।

मौलाना महमूद मदनी ने भोपाल में कहा था कि मौजूदा दौर में इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने की कोशिशें बढ़ गई हैं। जिहाद जैसे मुकद्दस शब्द को आतंक और हिंसा से जोड़ना जानबूझकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा था।

लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद जैसे शब्द मुसलमानों को बदनाम करने के लिए गढ़े गए हैं। इस्लाम में जिहाद का मतलब अन्याय और जुल्म के खिलाफ संघर्ष है। जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा।

मदनी के विवादित बयान के बाद देशभर में कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दीं। सोमवार को उज्जैन में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि मौलाना मदनी हमेशा हिंदु-मुस्लिम को लेकर बयान देते हैं वे सपा के एजेंट हैं, हम उनको सीरियस नहीं लेते। 2028 में चुनाव है वो चाहते हैं कि सपा को कैसे फायदा हो, उन्हें ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए। पूरे हिन्दुस्तान में उन्होंने लव, लैंड, पेशाब और थूक जिहाद फैला रखा है। अब कौन-सा जिहाद बाकी है, इस आदमी की मानसिकता ठीक नहीं है और ऐसे बयान देना उचित नहीं है।

# ग्वालियर-उज्जैन व्यापार मेला:जीएसटी का असर... लग्जरी कारों को रोड टैक्स में छूट नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




ग्वालियर व्यापार मेले में रोड टैक्स छूट देने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। ग्वालियर और उज्जैन में लगने वाले मेलों के लिए एक साथ अधिसूचना जारी हो सकती है। दोनों कमिश्नरों ने परिवहन विभाग को अलग-अलग प्रस्ताव भेजे हैं। प्रस्तावों पर टैक्स छूट के कारण सरकार को राजस्व के नुकसान का कैलकुलेशन परिवहन विभाग ने कर लिया है।

जीएसटी में कमी के कारण इस बार परिवहन विभाग महंगी यानी 25 लाख से ऊपर की गाड़ियों पर कम या बिल्कुल छूट न देने पर विचार कर रहा है। पिछले वर्ष उज्जैन में बड़ी संख्या में लग्जरी गाड़ियां बिकी थीं, जबकि ग्वालियर में ही 1 करोड़ से अधिक कीमत वाली 128 गाड़ियों की बिक्री हुई थी- जिन पर लाखों की टैक्स छूट दी गई।

ग्वालियर में व्यापार मेला शुरू होने की तारीख 25 दिसंबर है। इसके तुरंत बाद उज्जैन में भी 1 मार्च से विक्रम व्यापार मेला शुरू होगा। इन मेलों में रोड टैक्स में मिलने वाली 50% छूट सबसे बड़ा आकर्षण होती है।

पिछले वर्ष 65 हजार गाड़ियां बिकीं, 419 करोड़ का राजस्व मिला : ग्वालियर और उज्जैन दोनों मेलों में 2024-25 के दौरान कुल 65 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई थी। ग्वालियर में 28,613 वाहन रजिस्टर्ड हुए और 106 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। वहीं उज्जैन में 36,223 वाहनों से 313 करोड़ रुपए की आमदनी हुई।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वर्तमान में चल रहे एस आई आर कार्यक्रम व मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

# निगम अध्यक्ष बंगले पर एक साथ खिले 10 ब्रम्ह कमल

**उज्जैन।** रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुपुत्र डॉ. अभिमन्यु के विवाह समारोह के शुभ अवसर पर ग्रांड होटल स्थित निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निवास पर 10 ब्रह्म कमल खिले जो कि भगवान शिव जी का सबसे प्रिय पुष्प है जिन्हें विधी विधान से पूजन करते हुए बाबा महाकालेश्वर के चरणों में अर्पित किए गए।




## पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

संख्याः W/623/5/1/NIT "ई-टेण्डरिंग नोटिस" दिनांकः28.11.25

मण्डल रेल प्रबंधक / मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना राशी रु. |
|---|---|---|---|
| 1. | RTM-2025-26-145 Godhra-Ratlam Section: Improvement of drainage system at RUB in lieu of LC 69 Km: 604/36-38 at Amargarh yard. कार्य समापन अवधि:- 18 Months, Similar type of work:- Any Civil Engineering Work. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:- 25.11.2025, निविदा खुलने की तिथि:-18.12.2025 | ₹2,32,10,987.21 | ₹2,66,100.00 |
| 2. | RTM-2025-26-146 Godhra-Ratlam Section:- Improvement of drainage system at RUB in lieu of LC 80 Km: 650/22-24. कार्य समापन अवधि:- 18 Months, Similar type of work:- Any Civil Engineering Work. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:- 25.11.2025, निविदा खुलने की तिथि:-18.12.2025 | ₹1,61,55,345.73 | ₹2,30,800.00 |
| 3. | RTM-2025-26-151 Morvani Depot:- Manufacturing, supply and stacking of 50 mm size machine crushed track Ballast at depot and loading the same into hopper. (1,96,268.00 cum). कार्य समापन अवधि:- 24 Months, Similar type of work:- Any Civil Engineering/Track Work. OR Supply of Ballast/Boulders वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:- 27.11.2025, निविदा खुलने की तिथि:-22.12.2025 | ₹11,29,63,018.93 | ₹7,14,800.00 |

अनुमानित मात्रा:- As per tender schedule, • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

5/1/349 मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), रतलाम

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सरे कुंवर पति ईश्वर सिंह निवासी व कृषक ग्राम कलेसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 112/2 रकबा 0.27 हेक्टर कुल किता 01 कुल रकबा 0.27 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कलेसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 01-12-2025

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर) तह कार्यालय**
**ग्राम घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**



## नाम परिवर्तन/ संशोधन

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि मेरा नाम सवाईसिंह (SAVAISINGH) पिता बापुसिंह है जो कि सही है परंतु त्रुटिवश आधार कार्ड वोटर कार्ड में मेरा नाम शिव सिंह (SHIV SINGH) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, अतः प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सही नाम सवाईसिंह (SAVAISINGH) पिता बापु सिंह दर्ज किया जावे एवं इसी नाम से पढ़ा-लिखा, जाना पहचाना, पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों पर भी दर्ज किया जावे।

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| (शिव सिंह) | (सवाई सिंह) |
| (SHIV SINGH) | (SAVAISINGH) |
| पिता बापु सिंह | पिता बापु सिंह |

**पता - ग्राम छापीहेडा तहसील व जिला शाजापुर मध्य प्रदेश**

**स्थान - शाजापुर**
**दिनांक - 30.11.2025**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी पक्ष क्रमांक 01 धर्मेंद्र सिंह पिता कुमेर सिंह 02 विमल बाई पति कुमेर सिंह निवासी कृषक ग्राम पाडसी माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 221/4 रकबा 1.64 हैक्टर याने 6 बिघा 14 बिसवा भूमि स्थित ग्राम पाडसी तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भूमि का विक्रय /अनुबंध पत्र/ सौदा चिट्ठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था, बैंक, निकाय, शाासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर सहप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 01.12.2025

**दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**उप पंजीयक कार्यालय घट्टिया, मो. 9424067457**



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बडनगर (रा.), जिला उज्जैन म.प्र.

अपील प्रकरण क्रमांक 0039/अपील/2025-26

प्रो.र.न. 1595
26.11.2025

पक्षकारों की तारीख पेशी और स्थान की सूचना

महेंद्र पिता उंकारलाल जाति माली निवासी ग्राम लोहारिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

- अपीलार्थी

विरूद्ध

बाबूलाल पिता राधेश्याम जाति लोहार निवासी ग्राम लोहारिया तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

-गैर अपीलार्थी

बनाम :- 01 मनीष पिता राधेश्याम जाति लोहार निवासी ग्राम लोहारिया तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

02 बाबूलाल पिता राधेश्याम जाति लोहार निवासी ग्राम लोहारिया तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

द्वारा-समाचार पत्र

एतद द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि अपीलार्थी महेंद्र पिता उंकारलाल जाति माली निवासी ग्राम लोहारिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मप्र के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0003/अ-13/2024-25 पारित आदेश दिनांक 06/12/2024 ग्राम लोहारिया से असंतुष्ट एवं क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील की सुनवाई दिनांक 05.12.2025 को अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय बडनगर पर होगी। यदि निश्चित तारीख को आप स्वंय व न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुऐ तो अपील में एक पक्षीय निर्णय किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज तारीख 26.11.2025 को जारी

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बड़नगर जिला उज्जैन**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जयद्रथ पिता कमल राठौर व संदीप पिता कमल राठौर जाति तैली निवासी बजरंग कॉलोनी तराना तहसील तराना जिला उज्जैन हा.मु. धार नाका इंदौर के के पिता श्री कमल राठौर पिता शिवनारायण जी राठौर का स्वर्गवास दिनांक 17/08/2016 को हो गया है तथा मेरे पक्षकार की माता श्रीमती रजनी राठौर पति कमल राठौर निवासी तराना जिला उज्जैन मेरे पक्षकार के पिता के मृत्यु के पश्चायत गुमशुदा है जिसकी जानकारी मेरे पक्षकार को नहीं है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी पुलिस थाना चन्दन नगर इंदौर मे दिनांक 12/04/2019 को दर्ज करवाई गई है तथा मेरे पक्षकार के पिता स्व. कमल राठौर जिनके नाम से वार्ड नंबर 10 बजरंग कॉलोनी तराना मे एक खुला भू-खण्ड जो 15 बाय 40 वर्गफीट का स्थित है मेरे पक्षकार के पिता श्री कमल राठौर पिता शिवनारायण जी राठौर का स्वर्गवास होने से उक्त संपत्ति के वेध वारिस मेरे पक्षकार है उक्त संपत्ति व हिस्से व अन्य कोई वेध वारिष संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय/ अर्दशासकीय बैंक आदि का ऋण, भार, बोझा या उक्त भू-खण्ड किसी भी व्यक्ति या संस्था के पास रहन, गिरवी, बिक्री, विक्रय अनुबंध पत्र, दान, वसीयत तथा अन्य किसी अंतरण पत्र के माध्यम से बंधक या रहन हो या उक्त संपत्ति के हक्क हिस्से का आधार रखते है, इस हेतु किसी भी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो इस जाहीर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि मे मेरे कार्यालय मे कार्यलीन समय 11 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर मय असल दस्तावेज के अपनी आपत्ति दर्ज करावे उपरोक्त समयावधि के बीत जाने के बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक या पालनीय नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भू-खण्ड का तहसील कार्यालय मे नामातरण करवाने के पश्चायत हस्तातरण लेख अन्य के पक्ष मे उप पंजीयक कार्यालय मे उपस्थित होकर निष्पादन व पंजीयन करवा दिया जावेगा। दिनांक 01/12/2025

**(अभिभाषक) महेश जोशी**
**आफिस- कोर्ट परिसर तराना**
**मो. 9893844678,8770064678**



## जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि श्री चेलाराम पिता श्री विशनदासजी वाधवानी, निवासी 43, चौबीस खम्बा मार्ग, उज्जैन के द्वारा अपने स्वत्वाधिपत्य की (1) सम्पत्ति क्र. 8/1/1/1, कुल क्षेत्रफल 42. 91 वर्गमीटर स्थित चौबीस खम्बा मार्ग, उज्जैन (2) सम्पत्ति क्र. 8/3/1, कुल क्षेत्रफल 56.68 वर्गमीटर स्थित चौबीस खम्बा मार्ग, गली क्रमांक 02 उज्जैन व (3) सम्पत्ति क्र. 164/3, कुल क्षेत्रफल 105.76 वर्गमीटर स्थित महाकाल मार्ग उज्जैन की प्रतिभूति पर वित्तीय सुविधा प्राप्त करने के उददेश्य से पंजाब नेशनल बैंक शाखा नई सड़क उज्जैन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्तियों को बंधक की जाना प्रस्तावित किया है। श्री चेलाराम पिता श्री विशनदासजी वाधवानी, के द्वारा सम्पत्ति क्रमांक 8/1/1/1, से सम्बंधित पूर्व का लिंक पंजीकृत दस्तावेज विक्रय विलेख पंजीयन क्रमांक अ-1/1608/ दिनांक 15.04.1975 (श्रीमंत राज राजेन्द्र भालोजीराव नृसिंहराव पिता रामचन्द्र राव शितोले धनराज पिता श्री तिरथदासजी), सम्पत्ति क्रमांक 8/3/1, से सम्बंधित पूर्व का लिंक पंजीकृत दस्तावेज विक्रय विलेख पंजीयन क्रमांक अ-1/1610/ दिनांक 15.04.1975 (श्रीमंत राज राजेन्द्र भालोजीराव नृसिंहराव पिता रामचन्द्र राव शितोले सखावत राय पिता श्री तिरथदासजी), व सम्पत्ति क्रमांक 164/3. से सम्बंधित पूर्व का लिंक पंजीकृत दस्तावेज विक्रय विलेख पंजीयन क्रमांक अ-1/1609/दिनांक 15.04.1975 (श्रीमंत राज राजेन्द्र भालोजीराव नृसिंहराव पिता रामचन्द्र राव शितोले तोलाराम पिता श्री होतचंद), (सभी मूल) गुम हो जाना बताए है, तथा उक्त दस्तावेजो की प्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत की गई है। उक्त सम्पत्तियों के स्वामित्व के पूर्व के उक्त मूल दस्तावेजात, जिन्हे खो जाना बताया जा रहा हैं, के आधार पर उक्त सम्पत्तियों कहीं पर भी अन्तरित अथवा भारग्रस्त की गई हो अथवा अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो अथवा किसी बैंक, व्यक्ति, प्रायवेट संस्था, पेढ़ी आदि का भार हो या स्वामित्व या कब्जे के सम्बंध में अथवा सम्पत्तियों को बन्धक किये जाने के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, ताकि उसका उचित निराकरण कराया जा सके। समयावधि उपरांत मेरे पक्षकार बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत करने हेतु कार्रवाई की जायेगी तथा ऋण स्वीकृति एवं सम्पत्ति बंधक की दशा में सम्पत्तियों पर प्रथम भार मेरे पक्षकार, बैंक का रहेगा तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जम्बूकुमार जैन, एडवोकेट एवं नोटरी (भारत सरकार)**
**23. शांकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मोबाईल नं 9669666697**



## नाम परिवर्तन सूचना

मैं उवेज अली सय्यद पिता सय्यद साबिर अली आमजन को सुचित करना चाहता हूं की वर्तमान में मैंने अपना नाम परिवर्तन कर उवेज अली सय्यद UVEZALI SAYYED से सय्यद उवेज अली SAYYED UVEZALI कर लिया है और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी नाम सय्यद उवेज अली SAYYED UVEZALI से ही जाना जाउंगा।

**मो. नं. 9826024203 पता :- 31, मदार गेट**
**उज्जैन म.प्र. पिन कोड 456001**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने मदन गोपाल पिता श्री दौलतराम जी, निवासी-22, नागाबाबा कि तलाई, मेट्रों टॉकीज कि गली, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन न्यु क्रमांक 02, नागाबाबा कि तलाई, मेट्रो टॉकीज कि गली. उज्जैन में स्थित हैं भवन का कुल क्षेत्रफल 40.87 वर्ग मीटर है को मय तल लगायत हवाई हक सहीत मेरे पक्षकार ने सोदा कर सोदा राशि अदा कर स्वय के हित में दस्तावेज सोदा चिठ्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा सोदा चिठ्ठी के परिपालन में जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नही आने पर विधिवत रूप से शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जावेगा। यदि उक्त सपत्ति पर किसी भी बैंक या सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में किसी का कोई हक, हित्त, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूवना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 01.12.2025

**योगेश शर्मा, एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ/9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**

खास न्यूज

## पथराव कर रोकी कार, चालक को उतारकर मारा

**उज्जैन।** ग्राम गोगापुरा कानाखेड़ी रोड पर गौशाला के पास सोमवार को कार से विजय पिता कालूराम बाघेला निवासी न्यू शिवाजीनगर महिदपुररोड गुजर रहा था। उसी दौरान कान्हाखेड़ी के रहने वाले रोहित पिता कैलाश उसके भाई विजय और साथी पवन पिता पन्नालाल निवासी करनावद ने कार पर पथराव कर उसे रोक लिया। विजय के रूकते हुए तीनों ने उसे कार से निकाला और मारपीट शुरू कर दी। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद विजय ने मामले की शिकायत महिदपुररोड थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार कार चालक विजय और कानाखेड़ी में रहने वाले दोनों भाईयों के बीच पुरानी रंजीश चली आ रहा है। पूर्व में विवाद हो चुका था। इसी के चलते दोनों भाईयों ने अपने साथी के साथ विजय की कार पर पथराव करते हुए मारपीट की गई है। मामले में धारा 125, 324 (4),(115) (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) बीएनएस दर्ज किया गया है।

## फरार चौथा आरोपी नहीं मिला, सरगना को भेजा जेल

**उज्जैन।** जेसीबी किराये पर लेकर ठिकाने लगाने वाले गिरोह के सरगना नईम पिता खवाजू निवासी आजाद नगर इंदौर को पानबिहार पुलिस ने रिमांड पर लिया था। उसके गिरोह का एक साथी शाहरूख फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में सरगना के साथ इंदौर के खजराना स्थित तंजिम कालोनी में दबिश दी गई। फरार आरोपी नहीं मिला, उसके माता-पिता ने बताया कि शाहरूख 10 साल से अलग है। 2 शादियां कर रखी है और ड्रायवरी करता है। सालों से उसे देखा भी नहीं है। फरार आरोपी के नहीं मिलने पर पुलिस टीम खाली हाथ लौट आई। सरगना नईम का रिमांड खत्म होने पर उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। पूर्व में 2 आरोपी इब्राहिम निवासी धूलिया महराष्ट्र और रईस पिता वाहिद निवासी उन्हेल को जेल भेजा जा चुका था। चारों संगठित गिरोह के रूप मे काम कर बड़े वाहनों को किराये पर लेने का झांसा देते है और दूसरे प्रदेशों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठिकाने लगा देते है। पानबिहार से जेसीबी किराये पर ली गई थी। जिसे महाराष्ट्र से जप्त किया गया है।

## कलाली के सामने युवक को अज्ञात बदमाशों ने पीटा

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र स्टेशन रोड पर कलाली के सामने से मुकेश पिता विक्रमलाल बागरी निवासी ग्राम पल्याखेड़ी इंगोरिया गुजर रहा था, तभी उसे 2-3 बदमाशों ने रोका और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। बदमाश लूटपाट करना चाहते थे। लेकिन मुकेश के पास कुछ नहीं मिला। मुकेश की शिकायत पर नागदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू की है।

## मामूली विवाद में भतीजे ने वृद्ध चाचा को दांत से काटा

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम हरियाखेड़ी में रहने वाला कमलसिंह पिता मोतीराम बिजावत 55 साल शाम को खेत पर पहुंचा था। जहां सेड़े पर लगे डंडे भतीजे राज उर्फ राजेन्द्र ने उखाड़ दिये थे। कमलसिंह ने भतीजे से डंडे उखाड़ने का कारण पूछा तो भतीजे ने मारपीट करते हुए सीने और हाथ पर दांतों से काट लिया। कमलसिंह घायल हो गया और शोर मचाया तो भतीजा जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। कमलसिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 557-7 | 990-8 |
| मेन बाजार | | 116-8 | 129-8 |
| कल्याण नाइट | | 148-3 | 468-8 |
| मिलन डे | | 699-4 | 200-2 |
| मिलन नाइट | | 123-6 | 127-0 |
| मधुर डे | | 600-6 | 460-0 |
| मधुर नाइट | | 120-3 | 138-2 |
| शुभांक | 1 | 4 | 7 |

## रात ढाई बजे 2 बदमाशों ने डीजे गाड़ी मे लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आगररोड खिलचीपुर स्थित खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास रहने वाला करण पिता मानसिंह पटेल डीजे गाड़ी संचालित करता है। रात में उसने गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। ढाई बजे के लगभग क्षेत्र के बदमाश चंचल बरगुंडा और अर्जुन बरगुंडा पहुंचे और तोड़फोड़ करने लगे। आवाज सुनकर करण और उसका काका का लड़का गणेश पटेल बाहर आये तो बदमाश दिखाई दिये। उन्हे रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने डीजे गाड़ी में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि करण की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अर्जुन और चंचल बदमाश प्रवृति के है। जिनका करण से पुराना विवाद होना भी बताया जा रहा है। दोनों बदमाशों की तलाश जारी है।

**पश्चिम रेलवे वडोदरा मंडल**
शुद्धिपत्र 1
दिनांक 24.11.2025
निविदा सुचना संख्याः EL/ TRS/ BRC/ 2025-26/4 दिनांक 27.10.2025 निविदा संख्याः ELSBRC2526MOTORIZEDBOGIE3 खुलने की तारीखः 25. 11. 2025 इस एनआईटी के विरुद्ध निविदा को प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया है।
BRC 270
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मण्डल**
निविदा सूचना
M247GMEDMUTWMISC252624
Date: 27.11.2025
कार्य का नामः MEMU, DEMU कोचेस तथा TOWER WAGONS में उपकरणों की स्ट्रीपिंग, क्लीनिंग एवं अन्य कार्य, स्थानः मु. का. प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय, कार्य की अनुमानित लागतः Rs. 65,98,676/-, बयाना राशिः Rs. 1,32,000/-, ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समयः ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 18.12.2025 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धताः www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical.
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, दाहोद
17/1/351
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बदमाश ने पर्स चोरी का आरोप लगाकर रोका था रास्ता

# चाकू दिखाकर लूटे 50 हजार घायल वृद्धा अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वृद्ध महिला को सोमवार दिनदहाड़े बदमाश ने पर्स चोरी का आरोप लगाकर रोक लिया और चाकू दिखाकर मारपीट करने के बाद 50 हजार रूपये लूटकर भाग निकला। घायल वृद्धा को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

आयुर्वेदिक कॉलेज से सेवानिवृत्त हो चुकी संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाला 65 साल अंकपात मार्ग की रहने वाली है। वर्तमान में वह भाई देवीलाल के साथ मंगलनगर में रहती है। दोपहर में पैदल हीरामिल की चाल से होते हुए फ्रीगंज की ओर जा रही थी। उसी दौरान हीरामिल कुंड से पहले बने मंदिर के पास एक बदमाश ने संपत्तबाई को रोका और मंदिर के पुजारी का पर्स चुराने का आरोप लगा दिया। वृद्धा ने चोरी से इंकार किया तो बदमाश ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और मंदिर के समीप जंगल क्षेत्र की ओर ले गया, जहां मारपीट कर वृद्धा के पास रखे 50 हजार रूपये छीनकर भाग निकला। अपने साथ हुई लूट की जानकारी वृद्धा ने देवासगेट थाने पहुंचकर बताई। उसे गुप्तांग में चोंट लगी थी, पुलिस ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया।



### वृद्धा ने बैंक से निकाले थे 4 लाख रूपये

घायल संपत्तबाई ने चर्चा में बताया कि वह भाई देवीलाल के साथ चिमनगंज मंडी के सामने बैंक पहुंची थी, घर का काम करवाना था, इसलिये 4 लाख रूपये निकाले थे। बैंक से निकलने के बाद भाई को साढ़े तीन लाख देकर घर भेजा दिया था। वह बाजार से काजू-बदाम और कुछ अन्य सामान खरीदने के लिये 50 हजार रूपये लेकर फ्रीगंज की ओर पैदल जा रही थी, तभी बदमाश ने उन्हे रोक लिया था।

वृद्धा के साथ हुई घटना का पता चलते ही थाना प्रभारी अनिला पाराशर अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण कर वृद्धा को ऑपरेशन थियेटर पहुंचा, थाना प्रभारी ने पूछताछ के बाद मामले की जांच शुरू की है। जिस स्थान पर घटना होना बताई गई है, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे, ताकि बदमाश का पता लगाया जा सके।

### भाई सूचना मिलने पर पहुंचा अस्पताल

भाई देवीलाल ने बताया कि बहन का फोन आया था, उसने बताया कि बदमाश ने रूपये छीन लिये और मारा है, देवासगेट थाने जा रही हूं। बहन के साथ घटना के बाद वह मंगलनगर से देवासगेट पहुंचा जहां से बहन के चरक अस्पताल में होने का पता चलते ही अस्पताल आ गया। बहन के साथ बैंक गया था, साढ़े तीन लाख लेकर घर लौट गया था। बहन अकेली बाजार गई थी।

## हत्या के आरोपी की मौत, साथियों पर हत्या का केस

### दो हत्याओं का एक आरोपी फरार, 3 को प्रोटेक्शन वारंट पर जेल से लायेगी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पशु बाड़े में हुई हत्या में शामिल आरोपी को हत्या में शामिल रहे साथियों ने पुलिस को मुखबीरी करने की बात पर बुरी तरह से मारा था। जिसे उपचार के लिये इंदौर रैफर किया गया था, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या करने वालों पर दूसरा हत्या का केस दर्ज किया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के एकतानगर स्थित शर्मा आटा चक्की के सामने पशु बाड़े में 22-23 नवम्बर की रात अक्कू पिता मुरली मालवीय की पुराने विवाद में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अंकित पारोचे, लक्की पारोचे, बिट्टू पारोचे, बिट्टू बसोड़, लखन चौधरी, विशाल वर्मा और संदीप उर्फ नाना के खिलाफ मामला दर्ज किया था। संदीप को छोड़ पुलिस ने 6 गिरफ्तार किया था। जिसमें लखन चौधरी निवासी पंवासा शामिल था। थाने लाने पर वह बार-बार बेहोश हो रहा था। उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 3 दिन भर्ती रहने के बाद उसे इंदौर रैफर किया गया। इस दौरान सामने आया कि अक्कू की हत्या में शामिल उसके साथियों ने शराब पीने के दौरान कवेलू कारखाना क्षेत्र में मारपीट की थी। पुलिस ने मामला विवेचना में लिया। तभी रविवार को खबर आई कि लखन चौधरी की मौत हो चुकी है। उसके सिर में अंदरूनी चोंट थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने लखन की हत्या में अंकित पारोचे, बिट्टू बसोड़, विशाल वर्मा और संदीप नाना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

### लखन ने पुलिस को लगाये थे फोन

अक्कू की हत्या के बाद शराब पीने के दौरान लखन का साथियों से विवाद हो गया था। उसने नशे की हालत में पुलिस को कॉल कर दिया था। साथियों को लगा कि लखन मुखबीरी कर रहा है, जिसके चलते उसके साथ मारपीट की गई थी। थाना प्रभारी कुरील के लखन द्वारा कुछ पुलिसकर्मियों को कॉल किया गया था। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी है।

### मारपीट के बाद लखन को छोड़ा घर

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि अक्कू की हत्या के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी, उस दौरान हत्या में शामिल लखन चौधरी उसके घर पर मिला था, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं थी। थाने लाने पर बेहोश होने के चलते उसे अस्पताल में भर्ती किया था। तब पता चला कि उसे अक्कू की हत्या के बाद अंकित, बिट्टू बसोड़, विशाल और संदीप उसे बेहोशी की हालत में घर छोड़ने गये थे। लखन के परिजनों को बताया था कि गिरने से घायल हुआ है। लेकिन होश आने पर लखन ने शराब पीने के दौरान मारपीट करना बताया था। जिसके आधार हत्या का दूसरा मामला दर्ज किया गया है।

## बड़नगर में बदमाशों ने तोड़ा सूने मकान का ताला

### सोने के आभूषण और 3 लाख नगद चोरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बड़नगर थाना क्षेत्र के व्यासनगर में सोमवार को बड़ी चोरी की वारदात होना सामने आया। परिवार शादी में शामिल होने गया हुआ था। आसपास के लोगों ने ताला टूटा होने की सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि बड़नगर के व्यास नगर में औंकार रावल का मकान बना हुआ है। 2 दिन पहले पूरा परिवार शादी में शामिल होने उज्जैन आया था। सोमवार को आसपास के लोगों ने सूचना देकर बताया कि मकान का ताला टूटा है। परिवार बड़नगर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा था अन्दर सामान बिखरा पड़ा था।

अलमारी में रखे लाखों के आभूषण और 3 लाख रूपये नगद गायब थे। चोरी की सूचना मिलते ही बड़नगर थाना पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंच गई थी। जांच के फिंगर प्रिंट टीम के साथ डॉग स्क्वाड टीम को बुलाया गया। पुलिस की एक टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मकान सूना था, मामला सामने आने के बाद जांच शुरू की गई है। जल्द बदमाशों का पता लगा लिया जायेगा।

## हरसिद्धी मंदिर के पास मिली लापता बालिका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कार्तिक मेला ग्राउंड से लापता हुई 11 साल की बालिका को महाकाल थाना पुलिस की टीम ने 6 घंटे की तलाश के बाद हरसिद्धी मंदिर के पास से खोज निकाला। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बालिका के परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर लेकर जाने का मामला दर्ज कराया था। बालिका की तलाश के लिये क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और एसआई नेहा जादौन, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक गोपाल और शालेन्द्र ने 6 घंटे में बालिका का सकुशल खोज परिजनों के सुपुर्द किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मांगीलाल पिता बालकिशन जी महाजन निवासी ग्राम रुई तहसील घटिटया जिला उज्जैन की निजी आधिपत्य एवं स्वामित्व हक हिस्से की निजी कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 246/1 रकबा 1.6400 हैक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.20 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सेमल्याबीबी तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।
यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो ।
इति दिनांक-01-12-2025

**ज्योतिष शर्मा, (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर) कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन म.प्र. मो. नं. - 96300-65216**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड/भूमि स्वामीगण 1. श्रीमती भुरी बाई पति स्वर्गीय मांगीलाल जी. 2. श्री जितेन्द्र पिता स्वर्गीय मांगीलाल जी. 3. श्री नरेन्द्र डोडिया पिता स्वर्गीय मांगीलाल जी, तीनों निवासीगण 150, आर्य समाज मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन, 4. श्रीमती उषा पडियार पुत्री स्वर्गीय मांगीलाल जी व पत्नि श्री कमल किशोर जी, निवासी-19. गुरुद्वारा परिसर, माली धर्मशाला के पास, उज्जैन, 5. श्री सुनील बारोड़ पिता श्री रामनारायण जी 6. श्री अर्जुन बारोड पिता श्री सुनील बारोड, 7. दिव्या बारोड़ पुत्री श्री सुनील बारोड़ तथा 8. रिया बारोड़ पुत्री श्री सुनील बारोड, चारों निवासीगण-35/2, घटकरपर मार्ग, फ्रिगज उज्जैन के सयुक्त रवत्व, स्वामित्त्व, आधिपत्य व फ्रीहोल्ड राईट्स का भूखण्ड / भूमि, जो भूमि सर्वे क्रमांक 496/4 रकबा 0.036 हेक्टर का भाग है, स्थित नानाखेड़ा, कॉसमॉस मॉल के सामने, श्री महाकाल वाणिज्य केन्द्र, उज्जैन में शहरी सीमा के अन्दर हैं व जिसका फ्रन्ट 45 फीट का है एवं जो व्यवसायिक मद में व्यपवर्तित होकर पूर्णतः वैध है व जिसका कुल क्षेत्रफल 2730 वर्गफीट लगभग हैं, जो उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 496/4 रकबा 0.036 हेक्टर में से सड़क बाईडिंग में कटने के बाद का शेष बचा क्षेत्रफल हैं तथा जिसके पूर्व / दक्षिण दिशा में सड़क, दक्षिण/पश्चिम दिशा में भूमि श्री रामप्रसाद डोडिया व अन्य की, पश्चिम / उत्तर दिशा में-भूखण्ड क्रमाक 3 व 4, ब्लॉक क्रमांक 24 एवं उत्तर/पूर्व दिशा में भवन श्री अविनाश जादौन आदि का है. को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा श्री येन्द्र राठौर पिता स्वर्गीय बद्रीलाल जी राठौर, निवासी-148, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन के मार्फत किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्था, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियाद किसी की कोई भी आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-29.11.2025. उज्जैन

**निखिल सोडानी, एडव्होकेट, कार्यालय दुकान नं. डी-8 भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मोबाईल नम्बर-9301376778**

## सात घंटे की तलाश के बाद मिले युवक-युवती के शव

### रविवार शाम चामला नदी में लगाई थी छलांग, मामला प्रेमप्रसंग का

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चामला नदी ब्रिज से रविवार शाम 7.30 बजे बाइक खड़ी करने के बाद युवक-युवती ने छलांग लगा दी थी। दोनों की तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। सात घंटे बाद रात ढाई बजे के लगभग दोनों के शव बाहर निकाले गये। युवक ग्राम बिरगोदा का रहने वाला था और युवती थांदला झाबुआ की निवासी थी।





बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रविवार शाम बाइक खड़ी कर चामला नदी में युवक-युवती के छलांग लगाने की खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। बाइक के साथ मोबाइल, युवती की चप्पल मिली थी। कुछ देर में युवक के परिजन ग्राम वीरगोदा नाथू से पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि बाइक मोबाइल वारिस उर्फ फरदीन पिता इस्लामुद्दीन खान 22 साल की है।

परिजन युवती की जानकारी नहीं दे पाये थे। दोनों की तलाश के लिये स्थानीय स्तर की टीमों को लगाया गया। सात घंटे चली तलाश के बाद डेढ़ बजे के लगभग युवक का और ढाई बजे के लगभग युवती का शव बाहर निकाल लिया गया। युवती की पहचान काली पिता भेरूलाल डिंडोर जाति भील 18 साल निवासी ग्राम बागडिया फलिया थांदला झाबुआ के रूप में हुई। परिजनों को रात में ही सूचना दी गई। सोमवार दोपहर युवती के मामा-काका और रिश्तेदार बड़नगर पहुंचे। जिनकी मौजदूगी में पोस्टमार्टम कराया गया। युवती का शव अंतिम संस्कार के लिये झाबुआ ले जाया गया है।

### मामा के घर जाने के लिये निकली थी युवती

एएसआई सुनील देवके ने बताया कि युवती के परिजनों से जानकारी लेने पर सामने आया कि पिता का कोराना में निधन हो गया था। मां छोड़कर जा चुकी है। काली अपने काका के साथ रहती थी। 3 दिन पहले मामा के घर पेटलावद जाने का बोलकर निकली थी। उन्हे लगा कि मामा के घर गई हुई है। परिजनों ने बताया कि काली डिंडोर की सगाई की जा चुकी थी, वह बड़नगर कैसे पहुंची इसका पता नहीं है।

### वारिस के घर आये थे युवती के परिजन

बताया यह भी जा रहा है कि युवती पूर्व में भी बड़नगर आई थी और वारिस उर्फ फरदीन के पास पहुंची थी। मामला प्रेम प्रसंग था, लेकिन उस वक्त युवती के परिजनों को पता चल गया था और बड़नगर आये थे। युवती को अपने साथ लेकर चले गये थे। उसके बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन रविवार को दोबारा युवती बड़नगर आ गई थी। युवती और वारिस ने जान देने का कदम क्यो उठाया, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

## महामाया आश्रम के बाल साधु ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग महामाया आश्रम के बाल साधु ने सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर चरक अस्पताल लाया गया। जहां से उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया है।

बताया जा रहा है कि बाल साधु शंभुगिरी गुरू सुरेशानंदगिरी 22 महामाया आश्रम की देखभाल करता है। शाम को उसे गुरू चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ततकाल आईसीयू में भर्ती किया। लेकिन कोई सुधार नहीं आने पर रात 10 बजे बाल साधु को निजी अस्पताल ले जाया गया। बाल साधु ने जहरीला पदार्थ खाया था। शिष्य की हालत देख गुरू कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। आश्रम से जुड़े जानकाररों ने बताया कि शंभुगिरी बचपन में आश्रम आ गया था, यहीं शिक्षा-दीक्षा लेकर आश्रम की देखभाल कर रहा था। उसने ऐसे कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। इधर चरक अस्पताल लाये जाने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।





**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं श्रीमती सूर्या तोला पत्नी राजेश तोला, 29, एम.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड इंगोरिया रोड नागदा की निवासी हूँ।
मेरे पति राजेश कुमार तोला पिता स्व. श्यामलाल जी तोला, निवासी 29, एम.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड इंगोरिया रोड नागदा जिला उज्जैन म.प्र. विगत कई वर्षों से निरंतर आपत्तिजनक कार्य कर रहे हैं, उनका कार्य व्यवहार व आचरण मेरे व मेरी संतानों तथा मेरे परिवार की प्रतिष्ठा के विपरीत है, जिससे मैं तथा मेरा परिवार काफी व्यथित हो चुका है।
मुझे ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि, राजेश कुमार तोला पिता स्व. श्यामलाल जी तोला द्वारा मेरी व मेरे पुत्र की साख के आधार पर ऋण प्राप्त करना चाहते हैं। राजेश कुमार तोला द्वारा मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य से नगरपालिका सीमा नागदा के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गृह क्रमांक 29, एम.आई.जी. के भवन को कथित रूप से अपने स्वामित्व का बता कर उक्त पर ऋण प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जा रहा है।
इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, राजेश कुमार तोला पिता स्व. श्यामलाल तोला से मेरी व मेरे पुत्र की साख के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नहीं करें। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा राजेश कुमार तोला को कोई ऋण या उधार प्रदान करते हुए कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिये मैं, मेरा पुत्र तथा मेरा परिवार किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होंगे तथा ऐसा कोई भी संव्यवहार मुझ पर व मेरे पुत्र पर किसी भी रूप में बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित होवें।
इति दिनांक - 30.11.2025

**श्रीमती सूर्या तोला पति राजेश तोला, निवासी 29 एम.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड, इंगोरिया रोड, नागदा जिला- उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं.- 8871693107**

# तकनीक से तालमेल



पुराणों में राक्षसों की कहानियां हैं; ये राक्षस सब तरफ आतंक मचाते थे, फिर कोई देवी या देवता आकर उस दानव का वध करता था। वैसा ही कुछ एआई इत्यादि टेक्नोलॉजी के साधनों के बारे में हो रहा है। यह सब आदमी ने ईजाद किया है और अब इनका प्रभाव इतना ज्यादा हो गया है कि अपने ही आविष्कार उससे सम्हाले नहीं जा रहे। लोग डरे हुए हैं कि न जाने भविष्य कैसा होगा? कुछ लोग सोचते हैं कि इससे तो पुराना समय अच्छा था। लेकिन समय का पहिया उल्टा नहीं घूम सकता। अब तकनीक हमारे जीवन का उतना ही अभिन्न हिस्सा है, जितना हवा और पानी। बजाय इसके कि आधुनिक उपकरणों को कोसें, समझदारी इसी में है कि मनुष्य खुद को इन उपकरणों के सदुपयोग के लायक बनाए। अगर आप सारी आधुनिक प्रौद्योगिकी को त्याग देंगे, तो अंधकार युग में गिर जाएंगे, और यह धरती पर सबसे बड़ी हिंसा होगी। इसके बारे में ओशो आधी शताब्दी से लोगों को सावधान कर रहे थे। लेकिन जब तक बात सिर पर न आ जाए, कोई सुनता नहीं है। उन्होंने कहा है कि आधुनिक मनुष्य अभी अस्तित्व में नहीं आया है। दुनिया के सभी लोग बहुत पुराने विचारों के हैं। इसने एक जबरदस्त समस्या पैदा कर दी है : वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग करने के लिए आधुनिक मनुष्य की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी उपलब्ध है, विज्ञान उपलब्ध है, लेकिन जो लोग इसका रचनात्मक उपयोग कर सकते हैं, वे मौजूद नहीं हैं। परिणाम विनाशकारी है। विज्ञान ने उनके हाथों में तकनीकी उपकरण, मशीनें दे दी हैं, जो खतरनाक हैं। यह एक बच्चे के हाथ में तलवार थमाने जैसा है। वह किसी को भी चोट पहुंचा सकता है; उसे तलवार चलाने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया है। मनुष्य अविकसित रह गया है और प्रौद्योगिकी उससे बहुत आगे निकल गई है। अगर मनुष्य का मन विकसित हो, तो पूरी प्रौद्योगिकी सेवक बन जाएगी। कंप्यूटर को खलनायक नहीं समझना चाहिए। यह एक महान वरदान है। मनुष्य की बुद्धि ने जो किया है, वह तो बहुत छोटा है, एक बार कंप्यूटर ने दुनिया पर कब्जा कर लिया, तो इतना कुछ किया जा सकता है कि किसी भी इंसान को नौकर की तरह काम करने की जरूरत नहीं पड़े। किसी को भूखा रहने की जरूरत नहीं पड़े। किसी के गरीब होने की जरूरत नहीं बचेगी; किसी को चोर बनने की जरूरत नहीं पड़ेगी, किसी को जज होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जात-पांत सब खत्म हो जाएगी। अगर सारा काम प्रौद्योगिकी और मशीनों द्वारा किया जा सकता है, तो मनुष्य अपनी चेतना को विकसित करने के लिए स्वतंत्र होगा। उसके पास ध्यान करने, जीवन के उच्चतर आयामों को जानने-समझने का समय होगा। और पहली बार मनुष्य को उसकी गरिमा उपलब्ध होगी।



## सम्पादकीय

# समुद्री तूफान

चक्रवाती तूफान दित्वा ने श्रीलंका के एक बड़े क्षेत्र को तबाह करने के बाद भारत को भी प्रभावित किया है। रविवार को तमिलनाडु-पुडुचेरी तटरेखा के समानांतर इस तूफान से काफी नुकसान पहुंचा है। जान-माल का नुकसान हुआ है, हजारों एकड़ की खेती तबाह हुई है। समग्र आकलन की जरूरत है, लेकिन पहली नजर में कहा जा सकता है कि इस भयंकर तूफान ने श्रीलंका के साथ ही भारत के भी एक बड़े हिस्से में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज हवाओं के साथ ही भारी बारिश का क्रम जारी है। यह केवल उम्मीद ही की जा सकती है कि जान-माल का नुकसान कम से कम होगा। शनिवार शाम से ही यातायात पर असर पड़ा है। चेन्नई हवाई अड्डे ने रविवार के लिए निर्धारित 47 उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें 36 घरेलू और 11 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी कर रखी है और अभी जल्दी राहत की उम्मीद नहीं है। स्थिति सामान्य होने में दो दिन का समय लग सकता है। यह बताना मुश्किल है कि दित्वा तूफान कहां जाकर थमेगा। मौसम विभाग को आशंका है कि इस तूफान का असर आंध्र प्रदेश के साथ ही पश्चिम बंगाल पर भी पड़ सकता है।

सबसे ज्यादा नुकसान तो श्रीलंका में हुआ है। आशंका है कि यह श्रीलंका में इस सदी का सबसे खतरनाक तूफान साबित हो सकता है। वहां 150 से ज्यादा लोगों की मौत पहले ही दर्ज हो चुकी है और अभी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। श्रीलंका के एक बड़े हिस्से में पूरा का पूरा बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो चुका है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने चक्रवात के बाद की स्थिति से निपटने के लिए शनिवार को ही आपातकाल की घोषणा कर दी है। उन्होंने लगे हाथ दुनिया से मदद की भी गुहार लगाई है और भारत मदद के लिए सबसे पहले पहुंच गया है। अभी श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की स्थिति वैसे ही अच्छी नहीं है और जिस तरह की भारी तबाही वहां हुई है, इस देश को उबरने में महीनों लग सकते हैं। भारत को अपने इस पड़ोसी देश की पूरी मदद करनी चाहिए। भारतीय बचाव दल सामग्री के साथ वहां सेवा में लग गए हैं। ऐसे तूफान इतने खतरनाक होते हैं कि इनसे बचने के लिए द्वीपीय देशों में बचाव के विकल्प बहुत कम हैं। यह ध्यान देने की बात है कि दुनिया में तूफानों की तीव्रता समय के साथ बढ़ रही है। आंकड़े यही गवाही देते हैं कि तूफानों की संख्या बढ़ी नहीं है, लेकिन वे पहले की तुलना में ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं।

## [प्रसंगवश 02 दिसम्बर: विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस]

# साक्षरता का नवपरिचय: कैसे बदलें, ना कि कैसे चलाएँ

जिस युग में सूरज से पहले स्क्रीनें जगती हैं और रात की नींद से देर तक डेटा बहता है, उस युग में कंप्यूटर साक्षरता सिर्फ. एक कौशल नहीं– मानव चेतना का नवजागरण है। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस यह अहसास जगाता है कि आज के समय में सबसे गहरा अंधकार तकनीक से दूरी है, और सबसे उजली रोशनी उस समझ में छिपी है जो हमें डिजिटल संसार को साधने की क्षमता देती है। यह दिवस उस मौन परिवर्तन का प्रतीक है जिसने हमारे सफर को कागज की सुस्त सीमाओं से उठाकर पिक्सल की धड़कती हुई दुनिया तक पहुँचा दिया–जहाँ विचार सीमित नहीं रहते, संभावनाएँ दिशाओं में नहीं बँटतीं, और मानव मन अपने ही नए संस्करण से मिल पाता है।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

कंप्यूटर साक्षरता का असली अर्थ माउस पकड़ना, फॉर्म भरना या सोशल मीडिया चलाना भर नहीं है। यह एक ऐसी पारदर्शी खिड़की है जो जो सीमाओं को मिटाकर व्यक्ति को दुनिया के हर कोने, हर भाषा, हर विचार, हर संस्कृति और हर मौके से जोड़ देती है। यह वह साधन है जो साधारण परिश्रम को असाधारण उपलब्धि में बदल देता है, और सपनों को रास्ते नहीं–दिशाएँ देता है। जब कोई किसान मौसम का हाल और बाजार की कीमतें ऑनलाइन जान लेता है, जब एक छात्र गाँव में बैठकर दुनिया की श्रेष्ठ यूनिवर्सिटियों से पढ़ लेता है, जब एक महिला घर पर रहकर डिजिटल प्लेटफॉर्म से कारोबार शुरू कर देती है–तभी स्पष्ट होता है कि कंप्यूटर साक्षरता कोई सुविधा नहीं, एक परिवर्तनकारी शक्ति है जो ज़िंदगी की संभावनाओं को पुनर्परिभाषित कर देती है।

पर इस शक्ति की दहलीज तक पहुँचना सबके लिए सरल नहीं। अभी भी अनगिनत लोग इस विशाल डिजिटल समुद्र के किनारे खड़े हैं–क्षितिज की चमक देखते हुए भी भीतर उतरने का साहस या साधन न रख पाने वाले। शिक्षा की कमी, संसाधनों की कमी, मार्गदर्शन की कमी और अक्सर आत्मविश्वास की कमी–ये बाधाएँ उतनी ही वास्तविक हैं जितनी डिजिटल दुनिया की रोशनी। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का वास्तविक उद्देश्य इन्हीं दूरीओं को मिटाना है–उस फासले को पाटना जो तकनीक को कुछ लोगों की सुविधा से उठाकर सभी के अधिकार में बदल देता है। यह दिन याद दिलाता है कि तकनीक का अर्थ तभी पूर्ण होता है जब उसका प्रकाश हर आँगन, हर मन और हर जीवन को उजाला दे सके।

कंप्यूटर साक्षरता इंसान को केवल सक्षम नहीं करती–वह उसे मुक्त करती है। अपनी दिशा स्वयं चुनने की स्वतंत्रता, अपने विचारों को दुनिया तक पहुँचाने की ताकत, और वैश्विक संवाद में बराबरी से खड़े होने का साहस–ये सब उसी ज्ञान से जन्म लेते हैं। इंटरनेट मनोरंजन का साधन भर नहीं; यही रोजगार का औजार है, यही शिक्षा का पुल, यही व्यापार का बाजार, यही शासन की नई आवाज, और आज कई मायनों में यही हमारी पहचान का विस्तार भी है। एक क्लिक फाइलों को सीमाओं के पार पहुँचा देता है, एक अपलोड भविष्य की दिशा बदल देता है, एक ईमेल महाद्वीपों को जोड़ देता है। कंप्यूटर ने दुनिया को छोटा नहीं किया–इसने हर व्यक्ति की क्षमताओं को विशाल कर दिया है।

परंतु इस डिजिटल स्वतंत्रता का दूसरा नाम ज़िम्मेदारी है। केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं; बुद्धिमानी से उसका उपयोग करना ही वास्तविक साक्षरता है। साइबर सुरक्षा, डिजिटल नैतिकता, गोपनीयता की रक्षा, डेटा का संरक्षण–ये सब आधुनिक समय के वे नए संस्कार हैं जिनके बिना तकनीक अधूरी और जोखिमपूर्ण है। जिस राह पर अवसर खुले हैं, उसी राह पर खतरे भी छिपे हैं; इसलिए साक्षरता का अर्थ अब केवल कैसे चलाना है नहीं, बल्कि कैसे सुरक्षित रहना है भी है–ताकि सुविधा शक्ति बने और जोखिम दूर ही रहे।

आज की दुनिया कोड से चलती है, व्यापार डिजिटल लेनदेन पर साँस लेता है, शिक्षा ई-क्लासरूम में अपना नया रूप पाती है, स्वास्थ्य मोबाइल पर सलाह देता है, और रिश्तों की गर्माहट भी वीडियो कॉल में चमक जाती है। यह डिजिटल स्पर्श अब विकल्प नहीं–हर उम्र, हर पेशे, हर परिस्थिति की मूलभूत आवश्यकता बन चुका है। इसीलिए कंप्यूटर साक्षरता आधुनिकता का चिह्न नहीं–यह जीवन की नई भाषा है। जो इस भाषा को सीख लेता है, वह भविष्य के द्वार आसानी से खोल लेता है; और जो पीछे रह जाता है, उसके लिए दुनिया धीरे-धीरे एक दूर होती हुई रोशनी बन जाती है।

भविष्य की ओर बढ़ते समाज का केवल एक ही सच्चा मार्ग है–डिजिटल ज्ञान को जन-जन का अधिकार बनाना। बच्चों के लिए यह जिज्ञासा के द्वार खोलने वाला जादू है; युवाओं के लिए कौशल का पासपोर्ट; बुजुर्गों के लिए आत्मविश्वास का सहारा; महिलाओं के लिए संभावनाओं का स्वतंत्र आकाश; और किसानों के लिए जानकारी का वह दीपक जो खेतों से लेकर बाजार तक हर निर्णय को रोशन करता है। तकनीकी साक्षरता किसी विशेष वर्ग की सुविधा नहीं–यह हर नागरिक का अधिकार है और हर राष्ट्र की अनिवार्य नींव।

इस दिन का संदेश स्पष्ट है–भविष्य की तकनीक कुछ चुने हुए हाथों में नहीं, हर हाथ में होना चाहिए। डिजिटल दुनिया किसी को पीछे छोड़ने के लिए नहीं बनी; उसका निर्माण इसलिए हुआ है कि कदम ताल में पूरे समाज को आगे बढ़ाया जा सके। यही कारण है कि यह दिन उत्सव से कहीं अधिक है–यह एक प्रतिज्ञा है। प्रतिज्ञा कि ज्ञान को दीवारों के भीतर कैद नहीं रहने देंगे, तकनीक को विशेष कमरे और विशेष लोगों की सीमा तक सीमित नहीं रहने देंगे, और डिजिटल स्वावलंबन को किसी भी रूप में विशेषाधिकार नहीं बनने देंगे।

कंप्यूटर साक्षरता वह प्रकाश है जो आँखों की नहीं–विचारों की दुनिया को उजाला देता है। यह वह शक्ति है जो व्यक्ति के भीतर दबे सामर्थ्य को जगाकर उसे समाज के भविष्य का निमार्ता बना देती है। आज का दिन समझाने नहीं आया है–यह विश्वास जगाने आया है कि डिजिटल दुनिया में किसी का हाथ थामकर उसे पहली बार कंप्यूटर से परिचित कराना केवल शिक्षा नहीं, किसी जीवन का मार्ग बदल देना है। यही एक परिवर्तन नहीं, वही परिवर्तन है–जिससे समाज बराबरी की ओर, अवसर की ओर और मानव क्षमता के नए स्वर्णिम अध्याय की ओर बढ़ता है।

# 'पुरुषत्व' का पौधा और 'साम्राज्यवादी' वृक्ष

भाई साहब, दुनिया में अब क्या-क्या देखने को मिलेगा! अभी कल की ही बात है, हमारे पड़ोसी, लोटा-प्रसाद, अखबार में एक खबर देखकर ऐसे चौंके जैसे दूध में गिरी मक्खी देखकर कोई शाकाहारी चौंकता है। खबर क्या थी? खबर थी, तालिबान के जनसंपर्क विभाग की। जनसंपर्क! मतलब, 'जन' से संपर्क! यह शब्द ही इतना हास्यास्पद है कि आप हँसे बिना रह नहीं सकते। खैर, इस जनसंपर्क विभाग ने एक घोषणा की। घोषणा क्या, एक परम-पराक्रमी, पुरुषत्व-युक्त, संसार-हिला देने वाला कार्य किया है। उन्होंने हजार पेड़ उखाड़ दिए। क्यों? उनका तर्क यह था कि ये पेड़ 'अमेरिकी साम्राज्यवादियों' ने लगाए थे। और सिर्फ इतना ही नहीं, यह तो बहाना था, असली बात तो यह थी कि उनका यह 'गौरवशाली आंदोलन' #ग्लोबलवार्मिंग जैसी 'साम्राज्यवादी' अवधारणाओं से लड़ रहा है। 'हमारा पुरुषत्व-युक्त आंदोलन इन विचारों को खारिज करता है,' उन्होंने फरमाया।

लोटा-प्रसाद ने माथे पर बल डालते हुए कहा, ₹परसाई जी, यह कैसा पुरुषत्व है जो पेड़ उखाड़ कर सिद्ध किया जा रहा है? पुरुषत्व तो वह होता है जो मुश्किल समय में खड़ा रहे, और पेड़ तो ऑक्सीजन देते हैं! इन्हें उखाड़ने में कौन सी बहादुरी है? मैंने उन्हें समझाया, देखिए लोटा-प्रसाद, बात सीधी नहीं है, यह 'नया पुरुषार्थ' है। नया पुरुषार्थ मतलब, जो दुनिया मानती है, उसे गलत मानो। दुनिया कहती है पेड़ लगाओ, तुम उखाड़ो। दुनिया कहती है ग्लोबल वार्मिंग सच है, तुम कहो, 'हमारा पुरुषत्व इसे नहीं मानता।' यह सिर्फ ग्लोबल वार्मिंग का विरोध नहीं है, यह तर्क का विरोध है, विज्ञान का विरोध है, और अंततः सांस लेने का विरोध है। यह घोषणा करके उन्होंने सिर्फ पेड़ नहीं उखाड़े, उन्होंने एक साथ तीन-चार अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, कुछ लाख पर्यावरणविदों और करोड़ों-करोड़ों वर्षों के भूवैज्ञानिक इतिहास को एक झटके में उखाड़ फेंका है। अब आप बताइए, इतनी बड़ी 'शक्ति' क्या किसी पहलवान में होगी? लोटा-प्रसाद सिर खुजलाते रहे। आगे तालिबान जनसंपर्क विभाग ने फरमाया कि 'हमारे ग्रह के इतिहास में तापमान कई बार ऊपर-नीचे होता रहा है।' और यह कहकर उन्होंने अपना 'गौरवशाली' सीना फुलाया होगा। बात तो सही है, तापमान तो ऊपर-नीचे होता रहता है।

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 02 दिसंबर 2025 मंगलवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 17:38
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि-द्वादशी 15:57 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र-अश्विनी 20:52 उपरांत भरणी
योग - वरियान 21:08 उपरांत परिघ
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 10 तारिख

**मेष-** बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी।

**कर्क-** किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या-** आज के दिन शुभता का लाभ मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु-** आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर-** बेचैनी रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्?य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

### मेरे राम

राम मंदिर है प्रतीक
राष्ट्रीय स्वाभिमान का
राम मंदिर है निशानी
राष्ट्र सम्मान की
राम लला का हुआ तीर्थ
धर्म की शान का
अयोध्या का प्रतिमान हुआ
राम के वरदान का।
राम मंदिर में सज रहे दीप
गूंज रहे शंख घंटाल
दर्शन राम लला देंगे
बसेंगे मन मंदिर हर हाल
नित्य दर्शन से
मंदिर का नया स्वरूप निहारेंगे
ध्वजा लहरा रहा शिखर पर
श्रद्धालुओं के आशीर्वाद से
धर्म के वर्षो बाद
अब साकार हुए स्वप्न।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

# रात की अच्छी नींद के दुश्मन हैं ये फूड्स, जानें सोने से पहले क्यों इनसे रहे दूर

गहरी नींद के लिए रात में इन 5 खाद्य पदार्थों से परहेज करें, जो एसिडिटी, कैफीन या भारीपन बढ़ाकर नींद में बाधा डाल सकते हैं। सोने से पहले मसालेदार, चॉकलेट, कॉफी, तला-भुना भोजन और मीठे स्नैक्स से बचें, क्योंकि ये दिमाग को सक्रिय करते हैं और पाचन धीमा कर देते हैं। बेहतर नींद के लिए गुनगुना दूध, केला, मेवे, ओट्स या दलिया जैसे हल्के विकल्प चुनें।

कुछ लोगों की सबसे बड़ी समस्या रहती है बिस्तर पर जाने के बाद भी नींद नहीं आती है। जैसे ही आंख बंद करने की कोशिश करते है कि तो दिमाग में विचार चलने लगते हैं, शरीर तो थक चुका होता है पर नींद का कुछ नहीं पता चलता है। इसके पीछे की वजह दिन भर की थकान नहीं, बल्कि रात में खाया गया गलत खाना भी आपकी नींद को बुरी तरह प्रभावित करता है। अगर रात भर अच्छे से नहीं सोए, तो अगला दिन सुस्त, चिड़चिड़ा और थका हुआ लगता है। अगर आप सोने से पहले कुछ चीजें खाते हैं, तो यह सही है या नहीं। कुछ फूड्स ऐसे होते है कि जो आपके दिमाग को एक्टिव कर देते हैं, कई बार तो एसिडिटी बढ़ा देते हैं या पेट को भारी कर देते हैं। आइए आपको बताते हैं कौन-से 5 फूड्स हैं, जिन्हें सोने से पहले खाने की कभी गलती नहीं करनी चाहिए।



### मसालेदार खाना

रात के समय तेज मसाले, लाल मिर्च या तला-भुना मसालेदार खाना खाने से पेट में गरमी बढ़ सकती है। इसका परिणाम अक्सर एसिडिटी, जलन और सीने में भारीपन के रूप में सामने आता है। ऐसे लक्षण शरीर को पूरी तरह आराम नहीं करने देते, जिससे नींद आने में देर हो जाती है।

### चॉकलेट

रात के समय कुछ लोग चॉकलेट जरुर खाते हैं। लेकिन सोने से पहले खाना सही विकल्प नहीं है। इसमें कैफीन और शुगर दोनों होते हैं, जो दिमाग को एक्टिव करते हैं और नींद आने से रोकते हैं। डार्क चॉकलेट में सबसे ज्यादा कैफीन की मात्रा होती है।

### कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स

अगर आप रात के समय कॉफी या कोल्ड कॉफी, ग्रीन टी या एनर्जी ड्रिंक्स पीते हैं, तो यह आपकी नींद में खलल डाल देता है। इसमें मौजूद कैफीन लगभग आपको 6-8 घंटे तक असर करता है। अगर आप शाम या रात को इनका सेवन करते हैं, तो आपका शरीर स्लीप मोड में नहीं जाता है। जिसके बाद आपको नींद नहीं आती है।

### भारी और तला हुआ खाना

रात के समय अगर आप पनीर, छोले-भटूरे, पिज्जा, बर्गर या बहुत ज्यादा तले हुए फूड आइट्मस नहीं खाने चाहिए। इससे पेट भारी महसूस करता है। पाचन धीमा हो जाता है और नींद के दौरान भी शरीर खाना पचाने में ज्यादा समय ले लेता है। जिस कारण से गहरी नींद नहीं आती है।

### मीठे स्नैक्स और डेजर्ट

रात के समय केक, मिठाई, आइसक्रीम, शक्कर वाली चीजें ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाती है। शुगर आपके शरीर को एक्टिव करता है, जिससे नींद आने में देर होती है और नींद टूट-टूटकर आती है।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,26,900, रवा- 1,26,800 चांदी- टंच- 1,64,300 पाट- 1,64,200।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

# शिक्षित विचारहीनता के पोषक

जब दुनिया शिक्षित होने की दौड़ में आगे बढ़ रही है, तब कुछ लोग ऐसे भी हैं जो शिक्षा के असली अर्थ को कहीं पीछे छोड़ चुके हैं। वह खोखली शिक्षा किस काम की, जो धर्म के नाम पर इंसानियत को ही भुला देश जो नमक का कर्ज भुलाकर, अपने ही देश को जख्म दे जाए।

हाल ही की घटना दिल को छलनी कर देने वाली हैं। एमबीबीएस जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले कुछ युवाओं ने विदेशी आतंकी सोच के साथ कदम मिलाए–वह भी केवल धर्म के अंधे चश्मे में फंसकर। क्या इतनी शिक्षा पाने के बाद भी कोई व्यक्ति इतना गिर सकता है कि अपने ही देशवासियों के शरीर के टुकड़े इकट्ठे करने जैसी दर्दनाक स्थिति पैदा कर दे? क्या इन निर्दोष लोगों से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी थी? नहीं बस एक ही लक्ष्य–इस मातृभूमि को लहूलुहान करना।

यह वही धरती है, जिसने कई बार ऐसे घाव सहे, पर हर बार और अधिक शक्ति के साथ खड़ी हो गई। यह वही देश है, जहाँ अब्दुल कलाम जैसे महान लोग जन्म लेते हैं, जो शिक्षा को हथियार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम मानते थे।

लेकिन दुर्भाग्य है कि कुछ भटके हुए लोग धर्म के नाम पर नई पीढ़ी को गुमराह कर रहे हैं। अरे, धर्म तो जोड़ता है–तोड़ता नहीं। शिक्षा उन्नति देती है–विनाश नहीं। और मातृभूमि माँ होती है–जिसे बचाया जाता है, जख्मी नहीं किया जाता।

आज आवश्यकता है ऐसी शिक्षा की, जो केवल डिग्री न दे, बल्कि विचार दे। जो मनुष्य को केवल डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक न बनाए–बल्कि अच्छा इंसान बनाए। जो देश को पीछे ले जाने वाले भटके विचारों को खत्म कर, नई पीढ़ी में यह विश्वास जगाए कि–

हमारा धर्म इंसानियत है, और हमारा कर्तव्य राष्ट्रहित। देश को आगे बढ़ाने का रास्ता हथियारों से नहीं, अब्दुल कलाम की सोच, ज्ञान की रोशनी, और मानवता की भावना से निकलता है।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

आइए, शिक्षा को वह सम्मान दें जिसकी वह हकदार है। नई पीढ़ी को गुमराह होने से बचाएँ, और उन्हें ऐसी शिक्षा दें कि दुनिया में भारत का नाम सम्मान से लिया जाए– सिर झुके भी तो केवल श्रद्धा से।

## धर्म-आस्था

# गीता जयंती: जीवन को मोड़ देने वाली वह क्षणभंगुर रोशनी

मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी–इतिहास का वह क्षण, जब युद्धभूमि में एक योद्धा टूट चुका था, हृदय काँप रहा था, विचार दिशाहीन थे, और समूचा भविष्य अंधकार में डूबा था। परंतु तभी–एक संवाद हुआ।



राजेश कुमावत
दैनिक अवन्तिका

सिर्फ संवाद नहीं, चेतना का विस्फोट। गीता जयंती उसी प्रकाशझ्रक्षण की स्मृति है। वह क्षण जब मनुष्य, संशय, भय, निराशा, मोह और कर्तव्यहीनता से ऊपर उठकर अपने उद्देश्य को पहचानता है।

आज मनुष्य का रणक्षेत्र भले ही कुरुक्षेत्र जैसा न दिखता हो, पर संघर्ष वही है– अनिश्चितता, तनाव, संबंधों की जटिलता, करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएँ और अंतहीन निर्णय। गीता इन सभी के लिए जीवन- प्रबंधन का परम सूत्र है– अध्यात्म और विज्ञान का अपूर्व संतुलन।

अर्जुन को हथियार डालते देखकर हम अक्सर मान लेते हैं कि वह भावुकता थी। पर वास्तविक कारण था– तीन स्तर का मनोवैज्ञानिक ब्लॉकेज ।

पहला मोह का भ्रम- रिश्तों को गलत समझना, दूसरा अहंकार का द्वंद्व जीत/हार का भय, तीसरा कर्तव्य की अस्पष्टता जीवन का मकसद खो देने की स्थिति। आज की दुनिया में यही तीन ब्लॉकेज मनुष्य को अवसाद, चिंता और असफलता के द्वार तक ले जाते हैं। विज्ञान की दृष्टि से गीताः ब्रेन रीप्रोग्रामिंग का शास्त्रीय आधार , आधुनिक मनोविज्ञान कहता है–मनुष्य का व्यवहार उसके विचारों के पैटर्न तय करते हैं। यदि विचार बदल जाएँ, तो व्यवहार और जीवन दोनों बदल जाते हैं। गीता यही कहती है-चित्त की वृत्तियों को बदलो, तुम स्वयं बदल जाओगे। जिसे आज विज्ञान कहता है, उसे गीता हजारों वर्ष पहले सिद्ध कर चुकी है ।

गीता का सबसे बड़ा रहस्यः कर्म नहीं, चित्त की स्थिति बदलो। अर्जुन ने युद्ध नहीं बदला, उन्होंने अपनी चेतना बदली। परिणाम– वही परिस्थिति, वही लोग, वही युद्ध लेकिन अंदर का दृष्टिकोण बदलते ही अंधकार एकाएक प्रकाश में बदल गया। यही गीता जयंती का संदेश है–

परिस्थितियाँ नहीं बदलतीं, दृष्टि बदलने से जीवन बदलता है।

18 अध्याय = जीवन के 18 प्रबंधन सूत्र। प्रत्येक अध्याय मनुष्य के एक संघर्ष का समाधान है। जेसे कर्मयोग कार्य को पूजा में बदलने की कला है।

सांख्ययोग निर्णय लेने की वैज्ञानिक प्रक्रिया, ध्यानयोग मन को पुनर्स्थापित करने की विधि, ज्ञानझ्रविज्ञान योग झ्र मैं कौन हूँ? का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण है ।

आज के युग की प्रेरणाः अपने भीतर के अर्जुन को जगाओ। हर मनुष्य में अर्जुन है– जो कभी थकता है, कभी डरता है, कभी रुक जाता है।

और हर मनुष्य में कृष्ण भी हैं–जो भीतर से कहता है–उठो, कर्तव्य करो, अपने उद्देश्य को पहचानो। आज गीता जयंती इस आंतरिक संवाद को पुनर्जीवित करने का अवसर है।

प्रेरक संदेश : आज एक संकल्प लें–

अपने जीवन के किसी एक क्षेत्र में । अर्जुन-कृष्ण संवाद जैसा का क्षण उत्पन्न करेंगे।

जिस क्षण आप भ्रम से ऊपर उठेंगे, सारा जीवन उसी क्षण बदल जाएगा। यही है– गीता जयंती का सार्थक संदेश।

सार्थक चिंतन – वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पिता एक अदृश्य कृष्ण : आज की भागदौड़ भरी दुनिया में पिता का स्वरूप गीता के कृष्ण के समान ही एक निर्मल, संयमी और मार्गदर्शक शक्ति बन चुका है। पिता प्रायः दिखाई कम देते हैं, पर उनका सहारा, सलाह, अनुशासन और मौन बल मनुष्य के जीवन को वह स्थिरता देता है, जो किसी भी कठिन दौर में आधार बनती है। अर्जुन जैसे संशय हर घर में जन्म लेते हैं– करियर, परिवार, भविष्य, निर्णय, दिशा और ऐसे क्षणों में पिता वही सौम्य लेकिन दृढ़ आवाज होते हैं जो कहते हैं–चलो, उठो रास्ता यहीं से शुरू होता है। पिता का जीवन स्वयं में गीता का मौन संस्करण है– आज गीता जयंती पर यह स्मरण आवश्यक है कि जैसे अर्जुन को कृष्ण मिले, वैसे ही जीवन में पिता का अस्तित्व उस अदृश्य कृष्ण की तरह है, जो अपने बच्चों को सही निर्णय, सही दिशा और सही दर्शन प्रदान करता है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## हनुमान अष्टमी पर 12 दिसम्बर को संकटमोचन मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

**सुसनेर।** नगर के पुराना तहसील कार्यालय स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान अष्टमी के अवसर पर 12 दिसम्बर, गुरुवार को धार्मिक उल्लास के साथ भव्य अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार रात मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाआरती के बाद सदस्यगणों ने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। समिति के सदस्यों ने अन्नकूट महोत्सव हेतु खाद्य सामग्री व राशि की घोषणा कर सहयोग प्रदान किया। समिति के दीपक सक्सेना एडवोकेट व ललित पांडे ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से हनुमान अष्टमी पर पारंपरिक अन्नकूट आयोजन निरंतर होता आ रहा है। इस वर्ष भी हनुमानजी का रजत आभूषणों से विशेष आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा तथा संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। शाम को महाआरती कर 56 व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा, जिसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। समिति के सदस्य विजय सिंह बगड़ावत एडवोकेट ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हुए श्रीराम मंदिर उद्घाटन के दिन ही मंदिर परिसर में श्रीराम दरबार मंदिर का उद्घाटन भी किया गया था, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

## मिशन लाइफ की थीम के साथ लखनऊ जंबूरी में भेरूलाल ओसारा हुए सम्मानित



**सुसनेर।** 19 वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट एवं गाइड जंबूरी लखनऊ में 23 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय इनवाइटेड सदस्य के रूप में जिले के स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा का चयन 20 नवंबर से 30 नवंबर तक राष्ट्रीय जंबूरी में भारत स्काउट एवं गाइड और यूनिसेफ के सयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए मिशन लाइफ की थीम को दशार्ता है और भविष्य में किस प्रकार हम निरंतर प्रकृति की सेवा ले सकते इसके लिए जागरूक बनाता हैं। इसकी जानकारी ओर गतिविधि के लिए स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा का 16 सदस्यीय क्लैप राष्ट्रीय दल में चयनित किया गया। जिनके द्वारा जंबूरी में सम्मिलित 35000 बच्चो सहित विदेश नेपाल, श्रीलंका, दुबई, अमीरात से आए स्काउट गाइड को मिशन लाइफ की थीम को आनंदमय तरीकों से समझाया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश यूनिसेफ ऑफिस से मोनिका मौर्या के द्वारा यूनिसेफ के सदस्यों ने क्लैप हब को विजिट किया गया। साथ ही अन्य राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड के संचालक दशार्ना पावस्कर, सह संचालक अमर बीत छतरी, प्रोजेक्ट हेड आरूप सरकार एवं प्रॉजेक्ट कॉर्डिनेटर बब्लू गोस्वामी द्वारा समय समय पर गतिविधि को विजिट किया। साथ ही गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू द्वारा किया गया। जंबूरी समापन पर राष्ट्रीय मुख्ययुक्त दशार्ना पावस्कर, आरूप सरकार एवं प्रॉजेक्ट कॉर्डिनेटर बब्लू गोस्वामी एवं उतर प्रदेश स्काउट एवं गाइड अध्यक्ष द्वारा प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सुसनेर के स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा को सम्मानित किया गया।

## भवानीपुर गांव के पास मुख्य पाइप लाइन में लीकेज, गहराया जल संकट

**सारंगपुर।** कुंडलिया बांध योजना से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नल जल योजना लागू की गई थी। ये काम अब भी अधूरा है। जिसकी वजह से 7 वर्षों बाद भी कई गांवो में एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हुआ है। वहीं जिन गांवो में पानी पहुंचा, वहां भी प्रेशर से पानी छोड़े जाने पर लाइनों में लीकेज हो रहे हैं। हाल ही में सारंगपुर संडावता रोड पर भवानीपुरा गांव के समीप भी पाइप लाइन लीकेज हो गई। जिसकी वजह से कुछ दिनों से लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। अब तक इस लाइन की रिपेयरिंग नहीं की गई है। सारंगपुर जनपद के कई गांवो जल जीवन मिशन के तहत यहां ग्रामीण समूह नल जल योजना से हर घर में जल पहुंचाने की योजना थी। दिसंबर 2018 में इसकी शुरूआत हुई थी। 560 करोड की लागत से घर-घर नल जल पहुंचाने का काम पूरा होना था। चेन्नाई की एलएनटी कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया था। 7 साल बीतने के बाद भी पाइप लाइन का काम अधूरा है। हालत ये है कि एक सप्ताह पहले पाइप लाइन लीकेज होने के कारण लोग पानी के लिए परेशान हैं। ठेकेदार के साथ ही जल निगम के अधिकारियों से भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शुरूआती दिनों में करीब 8 महीने तक नल जल योजना से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से कभी पानी मिला और कभी नलों में पानी नहीं पहुंचा।

## जलापूर्ति योजनाओं का किया निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़।** जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी द्वारा कुण्डालिया नलजल समूह योजना के ठेकेदार एल एण्ड टी टीम के साथ विभिन्न ग्रामों जेथली, हीरापुरा, रूपाहेड़ा एवं चिताविया गांवों में जलापूर्ति योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी गांवों में नियमित जलापूर्ति की प्रगति एवं गुणवत्ता एवं सीसी रोड के संबंध की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर एसक्यूसी टीम लीडर योगेंद्र सिंह तोमर, उपप्रबंधक रवि यादव, तथा एल एण्ड टी प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्ष सहित जल निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए।

कई रहवासी इलाकों में नही पहुंच पाते डोर टू डोर नपा वाहन

# कचरा गाडी से उतरते नही हेल्पर, गीला सूखा कचरा एक साथ हो रहा इकट्ठा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

नगर पालिका द्वारा शहर के सभी वार्डों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेने का दावा किया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि न तो नपा का कचरा वाहन गली-मोहल्ले में पहुंच रहा है और ना ही गीला व सूखा कचरा लोगों द्वारा अलग-अलग करके नगर पालिका के अमले को दिया जा रहा है। वहीं कचरा वाहन पर चलने वाले कर्मचारी भी गाडी में बैठकर ही आमजन में इशारे में कचरा डालने के लिए बोल रहे है। जिससे लोग गीला-सूखा कचरा अलग न देते हुए एक साथ ही दे रहे हैं। जब यह कचरा ट्रेचिंग ग्राउंड पर पहुंचता है तो वहां भी कचरे में आग लगा दिए जाने के बाद वाहन चालकों सहित रहवासियों को धुएं की दिक्कत का सामना करना पड रहा है।

बता दें कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान शहर में कचरा निष्पादन के लिए नगर निकाय द्वारा घर घर जाकर घंटी बजाओ अभियान चलाया गया था और गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने नपा कर्मचारियों से भी अलग-अलग कचरा लेने के लिए कहा गया था। लेकिन अब न तो जनता और ना ही नपा के कर्मचारी कचरा अलग-अलग ले रहे है, वह तो अब एक साथ ही




कचरा ले रहे हैं। वही नगर के कई वार्डों में डोर टू-डोर कचरा कलेक्शन में लापरवाही की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि कचरा गाडी से हेल्पर उतरते नहीं हैं। ड्राइवर के बाजू में बैठकर मोबाइल फोन चलाते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नपा अधिकारी ने शहर से कचरा कलेक्शन करके वार्डों में जाने वाले कचरा वाहनों की जांच की थी। जिसमें पता चला था कि कई गाडियां खाली जा रही है। जिसके बाद उन्होंने फटकार लगाई थी। सीएमओ ज्योति सुनहरे ने भी गाडियों में कचरा अलग-अलग नहीं मिलने पर ड्राइवर और हेल्परों को चेतावनी दी थी।

### सडक पर फैला पडा है कचरा

नगर सीमा क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। रविवार को भी उत्कृष्ट ग्राउंड, थाने के सामने, परशुराम चौराहे, अस्पताल रोड, आदर्श नगर सहित जगह जगह कचरा सडक पर फैल हुआ नजर आया। शहर के गली मोहल्ले में कचरा वाहन नहीं पहुंचने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### रोज निकल रहा टनो से कचरा

शहर से रोजाना करीब 5 टन कचरा निकल रहा है। इसमें 50 प्रतिशत से अधिक प्लास्टिक होता है। नपा द्वारा कई बार कार्रवाई किए जाने

**बोले जिम्मेदार**

शहर में कचरा एकत्रीकरण में अगर कोई कर्मचारी लापरवाही करता है तो उसकी जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर कोई समझोता नहीं किया जाएगा।

**ज्योति सुनहरे, सीएमओ, सारंगपुर**

के बाद भी शहर के हालात अब तक नहीं सुधरे। सारंगपुर से निकलने वाले कचरे से यूनिट सूखे और गीले कचरे से खाद बनाई जाने की योजना 10 वर्षों से अटकी हुई है। इसके अलावा प्लास्टिक के निपटारे के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

### पहुंच ही नहीं पाती कचरा गाडी

नगरपालिका शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करवा रही है। जिसके लिए नपा के पास लगभग 1 दर्जन गाडी है, जबकि शहर 18 वार्डों में बंटा हुआ है। इसके अलावा लगातार नई कॉलोनियां और रिहायशी इलाके विकसित हो रहे हैं। ऐसे में कचरा कलेक्शन प्रोपर तरीके से नहीं होने की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र में मुख्य सडक किनारे रहने वालों ने बताया कि यहां भी कचरा गाडी नहीं रुकती। शहर के कई इलाकों में कचरे के ढेर लग रहे हैं। ऐसे में गंदगी बढती जा रही है।



## अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय मंच पर बजाया सफलता का सुर

**नागदा।** शहर के युवा संगीतकार अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर नागदा का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित आईएफपी (इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट) 50-घंटे म्यूजिक चैलेंज 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अभिषेक के द्वारा बनाए गए गीत ने प्रतियोगिता में शामिल 900 गीतों में से फोक फ्यूजन श्रेणी के टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। आयोजित आईएफपी देश का सबसे बड़ा क्रिएटिव फेस्टिवल माना जाता है, जहां संगीत, फिल्म, कला, डिजाइन और स्टोरीटेलिंग जैसे क्षेत्रों के हजारों प्रतिभागी अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हैं। इस चैलेंज में मात्र 50 घंटे में गीत-लेखन, संगीत-सृजन, गायन और मिक्स मास्टरिंग सहित एक पूर्ण गीत तैयार करना होता है। अभिषेक ने बताया कि उन्हें इस प्रतियोगिता की जानकारी इंस्टाग्राम के एक विज्ञापन के माध्यम से मिली, और नई चुनौती को स्वीकारते हुए उन्होंने अकेले ही गीत के सभी चरण पूरे किए। सीमित समय में तैयार किया गया उनका यह फोक फ्यूजन गीत जूरी को प्रभावित करने में सफल रहा। जूरी में प्रसिद्ध गायिका प्रिया सरैया (लोकप्रिय गीत सुन साथिया की गायिका), सुप्रसिद्ध गायक के. हरिहरन, तथा उनके पुत्र अक्षय हरिहरन शामिल थे। कठोर समीक्षा के बाद, सभी श्रेणियों में श्रेष्ठ 10 कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया गया। अभिषेक के लिए देश के दिग्गज कलाकारों से सम्मान प्राप्त करना बेहद गौरवपूर्ण क्षण रहा। अभिषेक कहते हैं, यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं है, मेरे परिवार और नागदा जैसे छोटे शहर के लिए गर्व का क्षण है। बड़े मंच पर देश के स्थापित संगीतकारों की सराहना मिलना किसी सपने से कम नहीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रेणु बाला शर्मा (प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर जावरा), विशेष अतिथि पूनम बहल (राष्ट्र सेविका समिति विभाग सेवा प्रमुख उज्जैन), रही अध्यक्षता संतश्री प्रभावती बाई (मानव सेवा उत्थान समिति उज्जैन) ने की विशिष्ट अतिथि संतश्री नमिता बाई जी मंचासीन रही आयोजन में बड़ी संख्या में माता बहिनों की उपस्थिति रही।

अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्व लन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम संयोजिका ममता राठौर द्वारा नारी के विभिन्न रूपों लक्ष्मी सरस्वती का ली अन्नपूर्णा के संदर्भ में नारी को समाज की आधारशिला बताया मुख्य वक्ता रेणु बाला शर्मा ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने वक्तव्य में गीता में वर्णित नारी के सप्तगुण कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा गुण कि व्याख्या करते हुए कहा कि नारी समाज कि आधारशिला है प्राचीनकाल में नारी ने गुरु के पद को भी सुशोभित किया है वर्तमान में इन सात गुणों को जीवन में उतारकर



नारी द्वारा समाज कि दशा एवं दिशा दोनों बदलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नारी द्वारा संभव है पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में नव चेतना का संचार संभव है। मातृभाषा से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

पूनम बहल ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए नारियों के प्रे रणादायी कार्यो का उल्लेख किया एवं देवी अहिल्याबाई की न्याय प्रियता, रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं सावित्री बाई फुले के शिक्षा संघर्ष को सभी के समक्ष रखा।

कार्यक्रम में भारतीय इतिहास एवं नारी शक्ति एवं अन्य विषयों पर रोच क प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाली माताओं को मंच से पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के मध्य में भारत कि महान नारी देवी अहि ल्याबाई रानी लक्ष्मीबाई, किरण बेदी एवं कल्पना चावला के सन्देश वेशभूषा के साथ प्रतिरूप दर्शन बहिनों के द्वारा एकल अभिनय के माध्यम से किया गया बहिनों द्वारा मनमोहक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा कार्यक्रम में विशिष्ठ माताओं का सम्मान भी किया गया जिनके बच्चे महिदपुर रोड़ का नाम विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों में गोरवान्वित कर रहे है। अध्यक्षीय उद्बोधन में संतश्री प्रभावती बाई ने नारी शक्ति को एक आ ध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रदान किया और साथ ही पर्यावरण संरक्षण के माध्य म से राष्ट्र का विकास संभव है प्लास्टिक मुक्त भारत की अवधारणा को सबके सामने रखी। अंत में भार तीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव एवं सप्त गुणों के विकास का संकल्प दिलवाया गया संचालन खुशबू गुर्जर ने किया आभार दीपिका सोनी ने माना।

कलेक्टर के प्रतिबंध के बावजूद खाद के साथ थमा रहे खाद व्यापारी किसानों को उत्तम पाउच

# किसान उत्तम पाउच के साथ खाद लेने को मजबूर, मूकदर्शक बन देख रहा प्रशासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर

रवि फसल के सीजन के चलते किसानों को युरिया,डी ए पी उर्वरक की फसलों में अति आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं,वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे। बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद




व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया ,डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं। इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायजा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी ,बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के

**इनका कहना है**

कलेक्टर ने टेंग में प्रतिबंध लगा रखा है, यदि कोई खाद व्यापारी जबरदस्ती किसान को युरिया की बोरी के साथ कुछ देता है तो व्यापारी पर ऋकफ की जावेगी।

**सचिन जैन ज़िला कृषि अधिकारी, राजगढ़**

साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का शोषण कर रहे हैं।

इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें।

## नागदा पुलिस ने 8 साल से फरार महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

**नागदा।** थाना नागदा के अपराध क्रमांक 778/2017, धारा 452, 324, 323, 34 भादवि के प्रकरण में आरोपिया चिंकी उर्फ जोया उर्फ शोएब पिता रफीक (उम्र 26 वर्ष), निवासी इंदौर पिछले लगभग 08 वर्षों से फरार चल रही थी। आरोपिया पर मर्डर सहित कई गंभीर अपराधों में लिप्त होने के आरोप हैं। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपिया केंद्रीय जेल भोपाल में अन्य प्रकरण में निरुद्ध है।



## पुलिस दल पर पथराव करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**ब्यावरा।** राजगढ जिले में पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं ऐसे अपराधियों पर कठोर कदम उठाए जा रहे है। इसी तारतम्य में थाना पचोर पुलिस आरोपियों की तलाश हेतु क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इसी दौरान रेलवे ब्रिज अभयपुर के पास दो मोटरसायकिलों पर तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर तीनों व्यक्ति मोटरसायकिलों से भागने लगे, जिनका पीछा कर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर अचानक पथराव कर दिया, जिसमें आरक्षक अरविन्द गोयल के सिर व शरीर पर तथा आरक्षक गौरव गुर्जर के पैर व शरीर पर चोटें आईं। पथराव के दौरान पुलिस वाहन क्रमांक एमपी 37 सी 1653 एवं थाना खिलचीपुर के वाहन क्रमांक एमपी 04 व्हायक्यू 0969 को भी नुकसान पहुँचा। पुलिस की सक्रियता से एक आरोपी को मौके से पकड़ा गया, जिसने पूछताछ की जा रही। गिरफ्तार आरोपी मोरसिंह पिता देवीलाल तंवर निवासी ग्राम खाजली थाना भोजपुर तथा फरार साथी आरोपियों प्रेमसिंह पिता देवीलाल तंवर एवं बैजनाथ पिता मांगीलाल तंवर निवासी ग्राम खाजली थाना भोजपुर की तलाश जारी पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि पकड़े जाने के भय से पुलिस पर पथराव कर भागने का प्रयास कर रहे थे।

# नगर परिषद ने लगाया शिकंजा, यातायात सुधार के लिए अतिक्रमण हटाने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को लेकर नगर परिषद ने अब सख्त रुख अपनाया है। शासकीय भूमि और सार्वजनिक मार्गों पर लगातार हो रहे निर्माण और दुकानों के कब्जे को देखते हुए नगर परिषद ने कई स्थानों पर नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दिनों शासकीय भूमि पर चल रहे तीन निर्माण कार्यों को नोटिस देने के बाद निर्माण रोकने की कार्रवाई की गई थी। लेकिन इसके बावजूद नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या कम नहीं हुई है।

नगर परिषद के मुख्य नगर परिषद सीएमओ ओपी नागर ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा साई चौराहा से लेकर हाथी दरवाजा तक के क्षेत्र में दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक 30 से 40 दुकानदारों के नोटिस तैयार किए जा चुके हैं और आगे भी नोटिस जारी करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नगर में यातायात और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। सीएमओ ने कहा नगर में बढ़ते अतिक्रमण से न केवल नागरिकों के आवागमन में कठिनाई हो रही थी बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी राहत कार्यों को प्रभावित कर सकता था। पहले ही दुकानदारों को कई बार समझाइश दी गई थी लेकिन सुधार न होने के कारण अब नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर परिषद के कर्मचारियों ने साई चौराहा से हाथी दरवाजा तक दुकानदारों के स्टॉल, दुकानों और अन्य अतिक्रमण स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण कर नोटिस तैयार किए हैं। नोटिसों में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। अन्यथा नगर परिषद द्वारा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। जिसमें पुलिस और नगर परिषद के कर्मचारी संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। सीएमओ ओपी नागर ने आगे कहा कि इस अभियान को चरणबद्ध तरीके से हाथी दरवाजा से लोहार दरवाजा तक के क्षेत्र में लागू किया जाएगा। इससे नगर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और नागरिकों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट

**इनका कहना**

दुकानदारों को पहले ही समझाइश दी जा चुकी है। अब नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यह कदम नगर की सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया।

**ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**

किया कि नगर परिषद की प्राथमिकता जनता की सुविधा और नगर के सौंदर्यकरण को बनाए रखना है। और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई इसी उद्देश्य के तहत की जा रही है। नगरवासियों और दुकानदारों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई लंबे समय से आवश्यक थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब नगर के प्रमुख मार्ग साफ-सुथरे होंगे और नागरिकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। नगर परिषद की यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि प्रशासन अब अतिक्रमण के मामलों में गंभीर हो चुका है और बिना कारण कोई भी अवैध निर्माण नहीं बख्शा जाएगा। आगामी सप्ताह में पूरे नगर में अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान चलाने की योजना बनाई गई है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण दत्तकपुत्र लालजीराम तथा अजय, दत्तक पुत्र लालजीराम जनक पिता अन्तरलाल जाति कुमावत निवासी ग्राम पाट तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन में स्थित भुमि सर्वे नम्बर 151/1 रकबा 0.5000 सर्व नम्बर 201/4 रकबा 0.5300 सर्वे नम्बर 642 रकबा 3.5000 कुल सर्वे नम्बर 03 कुल रकबा 4.5300 हेक्टर कृषि भुमि ग्राम पाट पटवारी हल्का नम्बर 02 राजस्व वृत्त 1 वर्ष 2025-26 खसरा एवं जमा बंदी में मेरे पक्षकारगण का नाम कलाबाई पति लालजीराम जाति कुमावत के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज है तथा मेरे पक्षकारगण को वसीयतकर्ता लालजीराम उर्फ लालजी कुमावत पिता राजाराम जाति कुमावत आयु 72 वर्ष निवासी ग्राम पाट ने वसीयत नामा मेरे पक्षकारगण दशरथ कुमावत पिता अन्तरलाल व अजय कुमावत पिता अन्तरलाल के नाम से दिनांक 06/07/2020 को उपपंजीयक कार्यालय तराना में वसीयत नामा गवाहो के समक्ष संपादित किया था तथा साथ में ग्राम पंचायत पाट की सीमा में स्थित पक्का मकान जो पुर्व-पश्चिम 25 फिट तथा उत्तर-दक्षिण 30 फिट लंबाई-चौडाई का कुल क्षेत्रफल 1050 वर्गमीटर में बना हुआ है तथा वसीयतकर्ता लालजीराम उर्फ लालजी ने अपनी वसीयत में कृषि भुमि व मकान के संबंध में उल्लेख किया था तथा पत्नि कलाबाई जो जीवित है उसके संबंध में भी उनकी देखरेख एवं उनकी आवश्यकताओ के संबंध में उल्लेखित किया था तथा उनकी मृत्यु दिनांक 07/02/2021 को मेरे पक्षकारगण के निवास स्थान ग्राम पाट में हुआ था तथा उनका समस्त उत्तर कार्यक्रम मेरे पक्षकारगण के द्वारा किया गया था तथा पत्नि कलाबाई पति लालजीराम की देखभाल भी मेरे पक्षकारगण के द्वारा की जा रही है परन्तु परिवार के कुछ सदस्य कलाबाई पति लालजीराम की मानसिक हालत ठिक नहीं होने के कारण उनको ग्राम पाट में स्थित कृषि भुमि के संबंध में खरीदी करने के लिये सौदा करने का प्रयत्न किया जा रहा है जब कि मेरे पक्षकारगण उनकी समस्त देखरेख व उचित देखभाल एवं उनके समुचित ईलाज की व्यवस्था भी मेरे पक्षकारगणो के द्वारा की जा रही है तथा मेरे पक्षकारगण की सहमति के बिना कलाबाई पति लालजीराम से उक्त भुमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई सौदा नहीं करे अन्यथा मेरे पक्षकारगण उपरोक्त कृषि भुमि के संबंध में सिविल न्यायालय में कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगे तथा उस पर लगने वाले समस्त हर्ज व खर्च की जवाबदारी मेरे पक्षकारगण की नही रहेगी व मेरे पक्षकारगण कानुनी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगे। सुचित हो।

**राजेन्द्र कुमार जोशी एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर तराना**
**मोबाईल नम्बर-9893002393**

## NAME CHANGE

I, FARHEEN. ,D/O MOHAMMED RAFEEQUE 14/8 GUDRI BAZAR KHUDIRAM BOSS MARG OPPOSITE MUTTAN MARKET UJJAIN CAHNGE MY NAME TOFARHEEN SAYYED FOR ALL PURPOSES.FOR ALL. **FUTURE PURPOSES.**

न्यूज-कॉलम

## भाषा हमारी सही पहचान गढ़ती है- डॉ. प्रशांत मिश्रा

**मन्दसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के अंग्रेजी विभाग द्वारा ध्वनिविज्ञान विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. वीणा सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने संस्कृत महेश्वर सूत्तम का उल्लेख करते हुए भारतीय ध्वनि-परंपरा की वैज्ञानिकता और शास्त्रीय महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता नीमच कॉलेज प्राचार्य प्रशांत मिश्रा ने ध्वनि विज्ञान के मूल सिद्धांत, ध्वनियों की प्रकृति तथा उनके वर्गीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से ओष्ठ्य (दो होंठों से बनने वाली), ओष्ठ-दन्त्य (होंठ एवं दाँत से बनने वाली), दन्त्य, मूर्धन्य, तालव्य आदि ध्वनियों के उच्चारण-विधान को उदाहरणों सहित समझाया। उनके अनुसार ध्वनि विज्ञान भाषा-अध्ययन की वैज्ञानिक आधारशिला है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. द्युति मिश्रा ने किया। इस दौरान संस्थान नवाचार प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. यशवंत पवार, सदस्य रजत जैन, हेरालाल जाटव आदि उपस्थित रहे। सचिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## शिवना नदी तट, नाला व तालाब का 200 मीटर क्षेत्र जल अभावग्रस्त घोषित

**मन्दसौर।** जिले में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा शिवना नदी एवं संबंधित जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने जिले में श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया बांध से रामघाट तक तथा रामघाट बांध से कंथार बांध तक शिवना नदी के दोनों किनारों तथा बुगलिया नाला एवं तेलिया तालाब से 200 मीटर की परिधि के कृषकों द्वारा विद्युत/डीजल मोटर पंप आदि से अन्य साधनों से सिंचाई जल लेने पर तत्काल प्रभाव से अन्य्य आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है। पेयजल व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरपालिका को आदेशित किया है कि नगर मे जल प्रदाय योजना का मुख्य स्त्रोत शिवना नदी है इसलिए श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया बांध से कंथार बांध तक शिवना नदी के दोनों किनारों एवं बुगलिया नाला एवं तेलिया तालाब से 200 मीटर की परिधि के कृषकों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए जाते है।

## असेंबली ऑफ जर्नलिस्ट ने वरिष्ठ पत्रकार आकाश चौहान को दी श्रद्धांजलि

**नीमच।** क्षेत्र के आज तक के वरिष्ठ पत्रकार, श्री आकाश चौहान मंदसौर के आकस्मिक निधन पर नीमच जिला असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट संगठन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व आकाश चौहान लंबे समय से नीमच मंदसौर-रतलाम क्षेत्र के लिए आज तक के ब्यूरो के रूप में कार्यरत थे। सरल, सहयोगी व्यक्तित्व के धनी स्व चौहान का क्षेत्रीय पत्रकारिता में बड़ा योगदान रहा द्य किसी समाचार या पत्रकारिता संबंधी मदद के लिए कोई साथी फोन पर सम्पर्क करता तो उन्हें आश्वासन के साथ पूरी मदद करते थेद्य श्रद्धांजलि अर्चित करते हुए नीमच असेंबली आप एमपी जगदीश जिलाध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक, महासचिव विजित महादिक, पुरुषोत्तम शर्मा कोषाध्यक्ष, भेरू रेगर, यशवंत बागड़ी, ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की । सभी ने आकाश चौहान के आपसी सहयोग की भावना व आदर्शों को पत्रकारिता में आगे बढ़ाने की बात कही।

## कल मनाया जाएगा विश्व विकलांग दिवस

**मन्दसौर।** दशपुर दिव्यांग शिक्षा एवं कल्याण संगठन मन्दसौर द्वारा 3 दिसम्बर बुधवार को विश्व विकलांग दिवस मनाया जाएगा। कल सुबह 9 बजे दिव्यांगजन संगठन कार्यालय पर उपस्थित होने के पश्चात दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमावत, सचिव इकबाल मंसुरी, ऋषिराज पवार, संतोष, विनु गिरी गोस्वामी, कवरलाल प्रजापति आदि ने सभी दिव्यांग भाई बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में एचआईवी/ एड्स के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रोकथाम, उपचार एवं मानवाधिकार संबंधी जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री ज्योतिबाला सोनी, जनअभियान परिषद मल्हारगढ़ की छात्रा एवं पैरालीगल वॉलंटियर, विधि महाविद्यालय मंदसौर, उपस्थित रहीं।

# उर्वरक वितरण केन्द्रों का कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

## जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं : कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आज अचानक उर्वरक वितरण केन्द्र दिलीप नगर पहुंचकर वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्था के बारे में किसानों से चर्चा की। उर्वरक केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम आर्ची हरित, जिला विपणन अधिकारी यशवर्धन सिंह, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर सहित किसान उपस्थित थे। कलेक्टर ने पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। केन्द्र पर उपस्थित किसानों से भी फीडबैक लिया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम आर्ची हरित, उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान ने वितरण केन्द्र बिरियाखेडी एवं कृषि उपज मण्डी रतलाम वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया एवं किसानों को बिना किसी परेशानी के उर्वरक वितरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एसडीएम, तहसीलदार ने भी अपने अपने क्षेत्रों में उर्वरक वितरण केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुचारू की।

आलोट एवं ताल क्षेत्र अंतर्गत नियमित मॉनिटरिंग से यूरिया खाद वितरण सुचारू रूप से चल रहा है। तहसीलदार से प्राप्त जानकारी अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया डबल लॉक गोदाम एवम मार्केटिंग सोसायटी में उपलब्ध है। आलोट एवं ताल अंतर्गत डबल लॉक पर वर्तमान में क्रमशः 57 टन और 66 टन यूरिया उपलब्ध है वहीं मार्केटिंग सोसायटी में दोनो क्षेत्र में 27-27 टन खाद उपलब्ध है। पिपलौदा में नगद खाद वितरण केंद्र पर तहसीलदार द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। माकेर्फेट गोदाम जावरा में खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया,

डबल लॉक सेंटर भूतड़ा जावरा में लगभग 300 किसान खाद के लिए आए थे जिन्हें आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध करवाया गया। जिले के सभी वितरण केन्द्रों पर राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिल कर सुचारु रूप से उर्वरक वितरण करवाया गया।



## पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में हुआ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन

**मन्दसौर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सोमवार को भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के आराधना हॉल में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक गौरव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, जिलाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक और विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। शंख ध्वनि और स्वस्तिवाचन के पावन वातावरण में अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की। इस दौरान सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि गीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जीवन का मार्गदर्शन है। गीता कर्म को प्रधानता देती है और हमें परिणाम की चिंता किए बिना कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जे.के. जैन द्वारा किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकली

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम च्व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लानाज्ज रही। कलेक्टर अदिती गर्ग ने विशाल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा माय रेड प्लेज-आओ मिलकर एक कमिटमेंट लें, एचआईवी/एड्स को दूर भगाएँ पर हस्ताक्षर किए।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैले संकोच और भ्रांतियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि बीमारी को बीमारी की तरह ही लेना चाहिए। इसके प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन है।

कार्यक्रम में डॉ. शशि गांधी (डीन) ने एचआईवी के चार प्रमुख कारणों, जांच प्रक्रिया, एचआईवी/ एड्स एक्ट 2017 तथा जांच व परिणाम की गोपनीयता पर विस्तृत जानकारी दी।

सीएमएचओ डॉ. एस.जी. चौहान ने बताया कि इस वर्ष जिले में 117 पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं तथा वर्तमान में 2158 मरीज ए.आर.टी. उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

प्रदेश में ए.आर.टी. सेवाओं में मंदसौर जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उपचार के परिणाम भी प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के हैं। कार्यक्रम में सुन्दरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी/एड्स रोकथाम पर आधारित प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, बस स्टैंड होते हुए जिला प्रशिक्षण केंद्र आईपीपी-6 पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों को 1097 हेल्पलाइन नंबर अंकित पेन एवं जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी राजेश रजक द्वारा किया गया।



## दुर्घटना में महिला की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के बारामासी-खड़ावदा रोड़ पर एक स्कूल के पास विगत 29 नवम्बर को हुई सड़क दुर्घटना में 24 वर्षीय रेखा रत्नावत गंभीर घायल हो गई जिसकी कोटा में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सोमवार को ग्रामीणों ने दोषी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता की मांग को लेकर बारहमासी चौराहा पर चक्काजाम कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना स्थल पर रेखा रत्नावत अपने पति राधेश्याम के साथ कही जा रही थी तभी अज्ञात वाहन ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रेखा को टक्कर मार दी थी। जिससे पति व पत्नी दोनों को चोटें आई थी। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कोटा रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार को उपचार के दौरान रेखा की मृत्यु हो गई। सोमवार को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दोषी ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतका के परिवार को सरकारी सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस ने चक्काजाम हटवाया।

## नगर में विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली




**जावरा ।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में सिविल हॉस्पिटल से प्रभावी जागरूकता रैली का निकाली गई । जन जागरूकता रैली मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक अरोरा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई,।सीबीएमओ डॉ. एस. एल. खराड़ी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, । डा खराड़ी ने एड्स के बढ़ते मामलों की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। ,इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल डॉ. दीपक पालड़िया द्वारा विश्व एड्स दिवस के बारे में जानकारी दी गई,।रैली में सरदार पटेल कॉलेज विद्यार्थि,एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे,। सय्यद सैफ अली एवं प्रियंका कच्छवाह (काउंसलर) द्वारा एड्स कैसे होता है,। बचाव के उपाय,एवं उपचार तथा जांच के बारे में जानकारी दी गई,।इस रैली के माध्यम से समाज में एड्स के प्रति जन जागरूकता, संवेदनशीलता लाने एवं रोकथाम के संदेश को दृढ़ता से जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास किया गया, । रैली में बसंती लाल मईडा बी ई ई,बीपीएम रघुनंदन पाटीदार, भारत सिंह, विशाल सिंह पंवार, राम निवास पाटीदार आदि उपस्थित रहे। संचालन शैलेन्द्र कुमार दवे ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक गीता पाठ का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच





अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय नीमच में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, श्री अमन वैष्णव, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल,श्रीमती मीना जयसवाल सहित गीता महोत्सव के जिला प्रभारी श्री विपिन पुरोहित उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन गीता पूजन तथा शंखनाद के साथ हुआ।शंखनाद श्री श्री शंकर शुक्ला द्वारा किया गया। इसके उपरांत स्वस्तिवाचन, गुरु वंदना, भगवत गीता महात्मा, प्रेरणा गीत आदि का सस्वर गायन, अनुगायन सांदीपनि विद्यालय नीमच की शिक्षिका श्रीमती रितु शर्मा तथा विद्यार्थियों ने किया।

कार्यक्रम में श्रीमद भगवत गीता के पंचोदश अध्याय का गायन-अनुगायन तथा भावार्थ प्रस्तुत किया गया। व्यास पीठ पर श्री दिग्विजय पालीवाल के द्वारा श्रीमद भगवत गीता के 15वें अध्याय का 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ गायन-अनुगायन किया।कार्यक्रम के अंत में श्रीमद भगवत गीता जी की आरती कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्य से प्राप्त श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित 94 फोटो की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कलेक्टर एवं अतिथियों और विद्यार्थियों तथा गीता प्रेमियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में नीमच के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री माँगरिया , डीपीसी श्री दिलीप व्यास, एडीपीसी श्री प्रलय उपाध्याय, प्राचार्य श्री ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव, श्री अनिल कुमार व्यास तथा नीमच के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अरविंद शर्मा ने किया तथा आभार प्राचार्य श्री व्यास ने व्यक्त किया।



## पिकअप को रोक ली तलाशी, मिली 200 पेटी बियर

**6 लाख से अधिक की कीमत; नागदा व इंदौर के दो आरोपी गिरफ्तार**

**रतलाम।** पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बरखेड़ी फंटा ढोढर के पास पुलिस ने बोलेरो पिकअप को रोक कर जांच की तो उसमें से 200 पेटी अवैध बियर मिली। पुलिस ने पिकअप से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना पर ढोढर पुलिस चौकी ने घेराबंदी कर पिकअप को रोक कर तलाशी। जांच के दौरान पिकअप में 200 पेटी बीयर कुल 2400 बल्क लीटर जप्त की। बियर की कीमत लगभग 6 लाख 24 हजार रुपए है। गाड़ी में सवार देवेन्द्र पिता रघुवीर सिंह नरुका (20) निवासी ग्राम नायन, बिरला ग्राम नागदा, जिला उज्जैन एवं नदीम (35) पिता शकील अहमद अंसारी निवासी बेरी मैदान बुरहानपुर, हाल मुकाम चंदन नगर, इंदौर को पकड़ा गया। पिकअप को भी जप्ती में लिया। रिंगनोद थाना पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। पुलिस आरोपियों से अवैध शराब के स्त्रोत एवं सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

## लायंस क्लब के सहयोग से संजीवनी फाऊंडेशन का पहला शिविर लगा



**जावरा ।**सेवा आपके द्वारा अभियान के तहत संजीवनी फाऊंडेशन ने लायंस क्लब के सहयोग से नगर के वार्ड 29 शास्त्री कॉलोनी स्थित चित्रांश कंप्यूटर सेंटर परिसर में फ्री नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया । शिविर का शुभारंभ दिलीप शाकल्य ,नीति राज सिंह , सुरेश मेहता, एवं अशोक पोरवाल ने किया । फेडरेशन अध्यक्ष यश जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य मानव सेवा परमो धर्म के ध्येय के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी भेदभाव के पहुंचना है । इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में वार्ड के निवासियों के अलावा अन्य क्षेत्रों से आए लोगों ने भी लाभ लिया । इस मौके पर लायंस क्लब के कई पदाधिकारी उपस्थित थे ।वार्ड पार्षद शिवेंद्र माथुर ने आभार व्यक्त किया।

## सेवादल का ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न, कांग्रेसजन ने दी सलामी

**नीमच।** कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर से मिले दिशा निर्देश के बाद प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन नीमच पर कांग्रेस पार्टी का ध्वजारोहण किया जा रहा है?। इसी कड़ी में कल, 30 नवंबर को गांधी भवन पर सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह यादव (ठेकेदार) के नेतृत्व में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की विशेष उपस्थिति में सर्वप्रथम गांधी भवन परिसर में विराजमान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । उसके पश्चात संगठन द्वारा निर्धारित समय प्रातः10.30 बजे कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराया गया। झड़ा वंदन कर राष्ट्रीय गान गाया गया और सभी कांग्रेसजन ने ध्वज को सलामी दी । कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहां की कांग्रेस पार्टी को मजबूत और एकजुट करने की दृष्टि से यह ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किया जाएगा।

# प्याज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो,प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों लागू करने की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलिया मंडी



किसानों को उपज के वाजिब दाम नही मिल रहे है क्षेत्र में किसानों ने बड़े रकबे में प्याज की फसल यह सोचकर बोई थी कि अच्छे भाव मिलेंगे पर किसानों के अरमानों पर बेमौसम बारिश ने व भाव ने उनके अच्छे भाव मिलने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया प्याज 1 रुपये 4 रुपये प्रति किलो ही बिक रहा है। प्याज को समर्थन मूल्य पर खरीदने व किसानों को उपज के वाजिब दाम मीले इसको लेकर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को दोपहर 12.15 बजे पोस्ट आफिस से स्पीडपोस्ट के माध्यम से पत्र के साथ प्याज भेजे पत्र में लिखा कि किसानों को प्याज, सोयाबीन, लहसुन, मूंगफली सहित अन्य उपज के भी दाम नही मिलने से अन्नदाता किसान काफी दुःखी एवं परेशान है यह कर्ज में डूबता चला जारहा है ।सरकार की गलत नीतियों व किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों की उपज ओने पोने दामो में ही बिक रही है किसानों को अपनी उपज कृषिउपज मंडी तक लेजाने का भाड़ा भी नही निकल रहा है वाजिब दाम नही मिलने से आक्रोशित किसान प्याज पर रोटावेटर चलाकर उसे नष्ट कर रहे है तो कई किसान मंडी में प्याज बगैर बेचे ही खाली करके आरहे है ।किसानों को आज लागत मूल्य भी नही मिलपा रहा है ऐसी स्थिति में किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर है ।सरकार प्याज की समर्थन मूल्य पर खरीदी करे व किसानों को उपज के वाजिब दाम मिल सके इसके लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को जस की तस लागू कर ऐसी योजनाएं बनाई जाए ताकि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिल सके।

पत्र व प्याज स्पीडपोस्ट करने गए मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा कांग्रेसजनों के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्टेशन रोड स्थित पोस्ट आफिस पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र के साथ प्याज स्पीडपोस्ट से भेजे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल निडर,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव, कांग्रेस नेता विजेश मालेचा, मजीदखांन पठान,नागेश्वर चौहान, किशनलाल चौहान, किशोर टेलर कनघट्टी,नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल भारती, डॉ शौकीन सोलंकी,पार्षद दिलीप तिवारी, अनिल मुलासिया, अमृतराम प्रजापत, रमेश गुर्जर, आदि उपस्थित थे।

स्व. श्री एस. के. मतलानीजी की सोलहवीं पावन स्मृति में
(नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर) श्री लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा जिला अंधत्व निवारण समिति, मन्दसौर के आर्थिक सहयोग एवं जिला अंधत्व निवारण समिति मन्दसौर की प्रशासनिक अनुमति
एवं
सोनिक बायोकेम [illegible] थड़ोद जिला मन्दसौर
(के सौजन्य से आयोजित)

**विशाल नि:शुल्क**
**नेत्र परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क मोतियाविन्द ऑपरेशन शिविर**

दिनांक- 04 दिसम्बर 2025, गुरुवार
समय - प्रातः 10.00 बजे से दोप. 2.00 बजे तक
स्थान : सोनिक कृषि बाजार, महू-नीमच रोड़,
टोल टेक्स नाके के पास, ग्राम थड़ोद, जिला मन्दसौर (म.प्र.)

※शिविर में सभी नेत्र रोगियों की नज़र, चश्में, कालापानी, मोतियाबिन्द, नासूर, पर्दे की बिमारी आदि की जाँच नि:शुल्क की जायेगी।
※परीक्षण पश्चात ऑपरेशन योग्य मरीजों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण सहित) श्री लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय, मन्दसौर में निर्धारित दिनांक को नि:शुल्क किये जायेंगे।
※ऑपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को चाय, बिस्किट, भोजन एवं बिस्तर (ओढ़ने का साधन साथ लावे) श्री लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।
※मरीज को नेत्र चिकित्सालय पहुंचाने व वापस लाने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।
※मरीज के साथ एक सहायक को नेत्र चिकित्सालय में रहने की अनुमति होगी। किंतु सहायक को अपने लिए भोजन, चाय, बिस्तर इत्यादि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
※ऑपरेशन हेतु भर्ती के लिए आने वाले मरीजों को स्वयं के आधारकार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है।
※ऑपरेशन पश्चात प्रथम परीक्षण एक सप्ताह बाद व दूसरा परीक्षण एक माह बाद शिविर स्थल पर ही होगा।
※ ऑपरेशन हुए मरीजों को नज़र के चश्में श्री लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा नि:शुल्क दिए जावेंगे।

अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
※श्री लाभमुनि नेत्रालय, मन्दसौर (म.प्र.) 458001
मोबाईल 7067317362, 9655965017
※सोनिक बायोकेम एक्सट्रेक्शनस् प्रायवेट लिमिटेड, थड़ोद
मोबा. - 7898912152, 7898920433, 7898920434, 7898920435, 9479707802, 9630184858,7415845122




## 70 बच्चों ने लिया जे एस जी मैत्री द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता मे भाग

**खाचरोद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा नवसृजन गतिविधियों के अंतर्गत दो दिवसीय प्रतियोगिता का किया आयोजन जिसमे लगभग 70 बच्चो ने बड़ चड़कर भाग लिया जिसमे प्रकतिक सौंदर्य एवं ऑपरेशन सिंदूर महत्वपूर्ण विषय रहा प्रथम दिवस -शांतिनाथ उपाश्रय मे आयोजन रखा जिसमें 22 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मूल्यांकन उपरांत प्रथम दिवस का परिणाम में- प्रथम -पहला मालक द्वितीय -जयति बोराणा तृतीय -सिद्धम नांदेचा एवं अनुराग बुपकया वही द्रीतीय दिवस -29 नवंबर, इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें 48 बच्चों ने भाग लिया। जिसके परिणाम– प्रथम -अईमन सैयद द्वितीय -हिमानी वरवानिया तृतीय -अनन्या किरनापुरे कुल प्रतियोगि एवं 70 सहभागी को भी प्रोत्साहन सभी बच्चों को रचनात्मकता के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

## टीन शेड एवं प्लेटफार्म के निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**खाचरौद।** शासन की SBM 2 योजना अंतर्गत लगभग 30 लाख की लागत से टफ्क्ष सेंटर पर निर्मित होने वाले टीन शेड एवं प्लेटफार्म के निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि SBM 2 योजना अंतर्गत निकाय के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पूर्व से निर्मित MRF सेंटर की क्षमता वृद्धि हेतु शासन से स्वीकृत निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। उक्त निर्माण कार्य के बाद नगर से एकत्रित होने वाला कचरा और अधिक मात्रा में पृथक्कीकरण किया जा सकेगा। जिससे नगर पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण में भी फायदा होगा।नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, संतोष मेहता, नपा उपयंत्री बी एल पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक चांडक को समारोह पूर्वक विदाई दी



**तराना।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिद्धिपुर निपानिया तराना के सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम चांडक को समारोह पूर्वक विदाई दी गई विदाई समारोह का आयोजन महादेवखोरा देवस्थान पर विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य अशोक कुमार गहलोत ने की मुख्य अतिथि सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान तथा विशेष अतिथि बी आर सी बजरंग सिंह तोमर एवं वक्ता ललित सोमानी थे इस अवसर पर परिवार के कन्हैया लाल गगरानी, अनिल जोशी, प्रवेश जोशी, भास्कर शर्मा,राजेश शर्मा विशाल मालवीय सुरेंद्र बंसल मित्र मंडल आदि थे। अतिथि परिचय आशीष उपाध्याय ने दिया शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर चांडक को सम्मानित किया संचालन सुनील गाइड ने किया आभार अशोक कानड़ी ने माना कार्यक्रम के पश्चात बैंड बाजे के साथ शिक्षक चांडक को उनके निवास तक छोड़ा गया। जानकारी अशोक कानडी ने दी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम हडाई में सुना मन की बात का 128 वां एपिसोड



**तनोडिया।** भाजपा तनोडिया मंडल के ग्राम हडाई बूथ क्रमांक-217 पर रविवार को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 128 में एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। बूथ पर बडी एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने बताया कि प्रधानमंत्री ने नवंबर माह की अनेक प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने हुई। 25 नवंबर को अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराई गई। उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पचिजन्यस्या का लोकार्पण हुआ। खेल जगत में भारत में खेलों की मेजवानी का गौरव हासिल किया। प्रधानमंत्री ने की देकर कहा कि में उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति या की नहीं, 140 करोड़ देशवासियों को सामुहिक शक्ति का परिणाम हैं। मन की बात' इन्हीं सामूहिक प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान सिसोदिया सहित सेकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक जन उपस्थित रहे।

विद्युत विभाग के अधिकारी ने उपभोक्ता पर कराई झूठी एफआईआर

# विभाग के अड़ियल रवैया को लेकर हंगामा स्मार्ट मीटर तोड़ने का आरोप निकला झूठा

### पत्रकारों के सवालों से बचकर निकल गया विद्युत अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा





राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकृत ठेकेदार के द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसको लेकर शहर के अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं में आज दूसरे दिन भी आक्रोशित होकर विद्युत मंडल के अड़ियल रवैया को लेकर हंगामा कर दिया, शहर के वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 शहीद कॉलोनी के आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि बगैर अनुमति के विद्युत विभाग और उनके द्वारा नियुक्त ठेकेदारों द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार, दादागिरी एवं विद्युत कनेक्शन काटने की धमकी देते हुए पुराने विद्युत मीटर को निकाल कर नए स्मार्ट मीटर लगा दिये, जबकि विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर में ना तो किसी प्रकार की तकनीकी खराबी है और ना ही बिजली बिल बकाया है। फिर विद्युत विभाग द्वारा मीटर बदले जा रहे है, स्मार्ट मीटर के बारे में विस्तृत जानकारी मांगने और संबंधित आदेशों की कॉपी दिखाने पर विद्युत मंडल के अधिकारी उपभोक्ताओं के खिलाफ फर्जी व झूठी शिकायत करते हुए एफ आई आर दर्ज करा रहे, पुलिस भी बिना तहकीकात किया मामला दर्ज कर रही वही ठेकेदार के खिलाफ महिला उपभोक्ताओं ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत की तो पुलिस उसकी तहकीकात करेगी पुलिस ने ठेकेदार और अधिकारी के खिलाफ अभी तक मामला दर्ज नहीं किया मगर उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर जरूर दर्ज कर दी, विद्युत मंडल अधिकारी श्री अजीत भमरकर से जब इस संबंध में उनकी ओपिनियन जानना चाहिए तो वे पत्रकारों के सवालों से बचते हुए नजर आये।



खिलचीपुर से बड़ा मामला

# घटिया निर्माण कार्यों में नगर परिषद सीएमओ और उपयंत्री निलंबित

### 22 फाइलें जब्त, गुणवत्ता में अनियमितताएं मिलीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर




नगर परिषद में घटिया निर्माण कार्यों की शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जांच में अनियमितताएं पाए जाने के बाद गुरुवार को तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) अशोक पांचाल और उपयंत्री अमृत बघेला को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर की गई।

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खिलचीपुर, कार्यपालन यंत्री राजगढ़ और परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को शामिल कर एक जांच दल का गठन किया था। इस दल ने 26 नवंबर 2024 को नगर परिषद कार्यालय का दौरा किया। जांच के दौरान, टीम ने 22 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों से संबंधित फाइलें जब्त की और उन्हें राजगढ़ भेज दिया। इन कार्यों की गुणवत्ता पर कई महीनों से सवाल उठ रहे थे।

जांच दल की रिपोर्ट में सामने आया कि पिछले वर्षों में हुए कई निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थे। इनमें गुणवत्ता की कमी, अपूर्ण कार्य और माप में अनियमितताएं पाई गईं। कलेक्टर की अनुशंसा पर दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि के दौरान अशोक पांचाल का मुख्यालय उज्जैन और अमृत बघेला का मुख्यालय भोपाल रहेगा।

**और भी फाइलें खोली जा सकती हैं**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई केवल प्रारंभिक चरण है। नगर परिषद में पिछले वर्षों में हुए अन्य निर्माण कार्यों की भी विभिन्न स्तरों पर जांच जारी है। संभावना है कि आने वाले समय में और भी फाइलें खोली जा सकती हैं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। नगर परिषद में लंबे समय से उठ रहे सवालों और उपाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के बाद हुई इस कार्रवाई को नगर में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## विभिन्न ग्राम पंचायतो में वित्तीय अनियमितता की वसूली

**ब्यावरा-राजगढ़।** म.प्र.पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 अन्तर्गत न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ में जनपद पचांयत जीरापुर की ग्राम पंचायत गोघटपुर का आंगनवाड़ी वसूली राशि 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत झाडमऊ का गौशाला एवं एप्रोच रोड़ राशि 10.38 लाख रुपए, ग्राम पंचायत तमोलिया सामुदायिक स्वच्छता परिसर राशि 3.25 लाख रुपए एवं जनपद पचांयत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत अभयपुर का सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक कूप कुल राशि 2 लाख रुपए का वित्तीय अनियमितता की वसूली प्रकरण प्रचलित थे।

जिसमें विहीत प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत जीरापुर की ग्राम पंचायत गोघटपुर, झाड़मऊ, तमोलिया एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत अभयपुर में कार्य एजेन्सी को वित्तीय अनियमितता के दोषी पाया गया। ग्राम पंचायत गोघटपुर, झाड़मऊ, तमोलिया ग्राम पंचायत से उक्तानुसार कार्य पूर्ण कराये तथा ग्राम पंचायत अभयपुर से राशि 2 लाख रुपए की वसूली की गई। श्रीमती सावित्रीबाई पूर्व सरपंच ग्रापं गोघटपुर, गजपालसिंह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत झाड़मऊ, श्रीमती बल्लभबाई पूर्व सरपंच ग्रापं तमोलिया एवं बीरमसिंह पूर्व सरपचं ग्रापं अभयपुर को धारा 92(5) के तहत 6 वर्ष के लिए निरर्हर घोषित किया गया।

## भवानीपुरा में बाल विवाह मुक्त चौपाल आयोजित

**ब्यावरा-राजगढ़।** बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्राम पंचायत दंड और भवानपूरा में पंचायत स्तरीय जागरूकता चौपालों का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे के मार्गदर्शन में किया गया। सुश्री संतोष चौहान ने बताया की खिलचीपुर परियोजना के 36 ग्राम पंचायत में लगभग 70 गांव की जनता को जागरूक किया जा चुका हैं। साथ हीं परियोजना में अभियान के दौरान 6 बाल विवाह को भी सफलतापूर्वक रोका जा चुका है महिला बाल विकास सतत प्रयासरत है। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक विकास को अवरुद्ध करता है निगरानी दल, 24 घंटे सक्रिय है। बाल विवाह की सूचना बाल विवाह कंट्रोल रूम में दे सकते है। इस अभियान से जुड कर सामूहिक प्रयासों से कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने पर केंद्रित है।

घटिया सडक निर्माण पर भड़के लोग:

# गुणवत्ताविहीन बन रही है सड़क, जांच उपरांत हो कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सुदर्शन नगर में अवैध कालोनी प्रकरण और सड़क निर्माण में हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर मोहल्लेवासी सडक पर उतर आए। नाराज लोगों ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे से कार्रवाई की मांग की है। जिसमें सड़क निर्माण कार्य की जांच कर गुणवत्तापूर्ण सडक निर्माण बनाने की मांग की गई है। उल्लेखनीय हे कि कलेक्टर ने जिले में अवैध कॉलोनियों में सडक और अन्य विकास कार्यों पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद सुदर्शन नगर क्षेत्र में अलग-अलग जमीन मालिकों द्वारा अवैध रूप से प्लाट बेचे गए। यहां पिछले दस वर्षों से अधिक समय से लोग बिना पानी, सडक, नाली और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं के रहने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों और पार्षदों के लगातार दबाव के बाद नगर पालिका द्वारा सडक निर्माण कार्य शुरू किया गया। लेकिन निर्माण के साथ ही विवाद गहरा गया।

**घटिया सड़क निर्माण का आरोप**

मोहल्लेवासियों का आरोप है कि जिस प्रकार कालोनी काटने वालों ने उन्हें ठगा, उसी तरह अब ठेकेदार द्वारा घटिया और मानक विहीन सडक बनाकर ठगा जा रहा है। लोगों ने सामग्री में मिलावट, कम गुणवत्ता और मनमाने तरीके से काम करने के आरोप लगाए हैं।

**चौराहे को लेकर भी विवाद**

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि वर्षों से मौजूद चौक को हटाने का प्रयास बंद किया जाए और पूरे चौराहे पर सीसी रोड का निर्माण किया जाए। उनका कहना है कि यदि मोड हटाया गया तो यह अंधा मोड बन जाएगा, जो भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। जब इस संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अब तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है। शिकायत प्राप्त होने पर जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिकायत करने वालो भंवरलाल पुष्पद, गुलाब सिंह, कमल राठौर, सुनीता बाई, ममता बाई, धर्मेंद्र, अनार सिंह सहित बडी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर कब्जा दिलाने हेतु पहुंची राजस्व टीम

# खपरेलू टपरी हटाने की बात पर भिड़े आपस में दोनों पक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



न्यायालय के आदेश पर न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा भोजपुर के द्वारा आदेश क्रमांक/181/पना/2025 आवेदक विराम पिता गोपीलाल, अमरचंद पिता गोपीलाल जाति तंवर निवासी छतरपुरा तहसील खिलचीपुर के द्वारा ग्राम छतरपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3/54/1,3/54/2, 20/1,20/3/2 की भूमि के संबंध में माननीय व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खंड खिलचीपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश के आरसीए आर ए/1/2023 बीरम तंवर पिता गोपी लाल तंवर विरुद्ध बीरम तंवर पिता स्वर्गीय प्रभूलाल तंवर आदि में पारित निर्णय दिनांक 30.10.2025 की प्रति प्रस्तुत कर कब्जा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर माननीय न्यायालय के आदेश के पालन में पारित आदेश अनुसार आवेदक को ग्राम छतरपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3/54 /1 3/54/2,20/1, 20/3 का कब्जा दिलाए जाने हेतु राजस्व टीम अभिनय शर्मा प्रभारी राजस्व निरीक्षक, अवधेश पारीक हल्का पटवारी, देवेंद्र मीणा, अजय मीणा आदि मौके पर पहुंचे। कच्चे टपरेलू मकान बीरम पिता प्रभु लाल तंवर आदि परिवार जनों के बने पाये जाने पर वरिष्ठ अधिकारी से आगामी तिथि में उचित बल की मांग करने की बात कर दबे पांव वापस लोट आऐ।

जैसे ही राजस्व टीम गांव के बाहर निकली ही थी कि खपरेलू मकान बनाकर रहने वाले लोगों ने प्रभु लाल पिता गोपी लाल तंवर पर लाठी से हमला कर दिया ,जिससे प्रभु लाल पिता गोपीलाल के सिर पर चोट आई। जिसकी पपडेल चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कर खिलचीपुर मेडिकल हेतु भेजा गया।

रणधीर सिंह मीणा, नायब तहसीलदार, भोजपुर ने कहा कि- जांच दल भेजा है,अभी रिपोर्ट आने पर ही कुछ बता सकेंगे।



## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की कार्यकारिणी की घोषणा

**सुसनेर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुसनेर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एबीवीपी सुसनेर भाग संयोजक गोविंद पाटीदार एवं नगर मंत्री चेतन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद पाटीदार ने छात्रों के बीच संगठन की कार्यप्रणाली, छात्र हितों के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों तथा युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी सदैव शिक्षा, राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए कार्यरत रहा है। घोषित नई कार्यकारिणी में प्रतीक शर्मा को कॉलेज अध्यक्ष, एवं कालू सिसोदिया को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला एसएफडी टोली सदस्य हनु सोनी ने किया एवं आभार नगर सहमंत्री रोहित चौहान ने माना।

## मतदाता गहन पुन निरीक्षण का कार्य 92 प्रतिशत तक पूर्ण



**खिलचीपुर।** पोलिंग बूथ क्रमांक 246 पर मतदाता गहन पुन निरीक्षण का कार्य 92% तक पूर्ण हो चुका है। जनप्रतिनिधि एवं बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करके उनकी 2003 की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं और साथ में फॉर्म जमा कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 14 भाजपा नेता प्रेम मालाकार ने बताया कि जिस किसी सज्जन या महिला को उनकी 2003 की जानकारी लेने में या अन्य किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही है हम उनकी पूरी सहायता कर रहे हैं। तथा महिला के मायके से संबंधित बीएलओ से दूरभाष पर संपर्क करके भी व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है। वार्ड में लगभग हर गली में पहुंचकर मतदाता की 2003 की संपूर्ण जानकारी फार्म भरवा कर ली जा रही है। वार्ड क्रमांक 14 पोलिंग बूथ 246 के बीएलओ गोपाल मालाकार ने बताया कि हमारे द्वारा 92% तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य को समय सीमा के अंदर जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एसआईआर के काम को करने में बीएलओ के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी लगे हुए हैं।

## हाइवे से निकलती तेज रफ्तार बसों से हादसे का खतरा, कार्रवाई नहीं



**सारंगपुर।** पुराना नेशनल हाइवे 3 पर प्रतिदिन भारी यातायात दबाव बना रहता है। इस मार्ग से सैकडों बसें और भारी वाहन जैसे चार्टर्ड बसें, ट्रक, डंपर, ईंट ढोने वाले ट्रैक्टर वाहन और डीजल टैंकर, मुरम के डंपर अक्सर तेज रफ्तार में गुजरते हैं। निजी बसों की लापरवाह गति आम बात हो गई है। इसी लापरवाही के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सारंगपुर यातायात विभाग हाइवे पर चेकिंग अभियान नहीं चलाता है, उचित कार्रवाई करने के बजाय कई बार सिर्फ औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। इससे सडक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खडे हो रहे हैं।

## ब्राह्मण समाज द्वारा मासिक आरती एवं सम्मान समारोह संपन्न



**सारंगपुर।** एकजुटता के मोतियों से जडी दिव्यता का अनुपम दर्शन कराता हुआ सकल ब्राह्मण समाज सारंगपुर का मासिक आरती एवं सम्मान समारोह नगर के प्राचीन व विख्यात विठ्ठल मंदिर पंडितवाडी के पावन परिसर में अखंड भक्ति-भाव के साथ सम्पन्ना हुआ। मंदिर की गरिमामयी श्रृंगार फुलवारी में मंत्रोच्चार, घंटानाद एवं दीपशिखा की स्वर्णिम लपटों ने वातावरण को ऐसा पवित्र बना दिया मानो स्वयं देवताओं ने दिव्य लोक से अवतरित होकर आरती की अलौकिक ज्योति में अपने चरण रख दिए हों। पं पवन पारीक, पं बालकृष्ण शर्मा के सानिध्य में स्थापित देवी देवताओं सहित आराध्य देव भगवान परशुराम का पूजन अर्चन समाजजनों द्वारा सम्पन्न हुआ। समारोह का सर्वाधिक उत्कर्ष क्षण रहा समाज के गौरव-प्रतिम बालक पं प्रद्युम्न शर्मा का सम्मान किया गया। वही भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में चयन होकर उन्होंने न केवल परिवार, अपितु सम्पूर्ण सारंगपुर व ब्राह्मण समाज का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया।



विटामिन डी शरीर के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन इसे ज्यादा मात्रा में लेना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में कई लोगों का मानना है कि ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेने से लिवर डैमेज हो सकता है, आइए जानते हैं...

# क्या ज्यादा विटामिन डी लिवर के लिए हानिकारक होता है? जानें एक्सपर्ट से

विटामिन डी हमारे शरीर के लिए एक बहुत ही जरूरी पोषक तत्व है, जो न सिर्फ हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है, बल्कि हमारे शरीर की मांसपेशियों, इम्यून सिस्टम और कई अंगों के प्रक्रियाओं के लिए भी बहुत जरूरी होता है। इसलिए, बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग हर उम्र के लोगों के लिए विटामिन डी बहुत जरूरी है। हालांकि, आज के समय में कई लोगों के शरीर में विटामिन डी की कमी तेजी से बढ़ गई है। विटामिन डी की कमी होने पर हड्डियों का कमजोर होना, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और बार-बार बीमारी होने की समस्या बढ़ जाती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेना भी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में कई लोगों का सवाल होता है कि क्या ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेना लिवर के लिए हानिकारक होता है? आइए इस बारे में विस्तार में जानते हैं-

## क्या विटामिन डी लिवर को नुकसान पहुंचाता है?

सामान्य मात्रा में विटामिन डी लेने से लिवर को नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह बहुत ही कम मामलों में लिवर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लेकिन, अगर आप जरूरत से ज्यादा विटामिन डी लेते हैं तो ये आपके लिए हानिकारक हो सकता है। ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेने से विटामिन डी टॉक्सिसिटी की स्थिति बन सकती है। यह टॉक्सिसिटी शरीर में कैल्शियम के स्तर को ज्यादा बढ़ा देती है। शरीर में कैल्शियम के बढ़ने से कई अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिससे किडनी, दिल और लिवर को नुकसान पहुंच सकता है।

## विटामिन डी टॉक्सिसिटी कब होती है?

विटामिन डी टॉक्सिसिटी तब होती है जब शरीर में इसका लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। क्लिनिकल गाइडलाइन के अनुसार विटामिन डी का 100 ng/ml से ज्यादा का लेवल शरीर में हाई माना जाता है और 150 ng/ml से ऊपर का लेवल खतरनाक टॉक्सिसिटी के दायरे में आता है।अक्सर लोग लंबे समय तक 10,000 IU या इससे ज्यादा विटामिन डी की खुराक लेते हैं, जिससे शरीर में विटामिन डी टॉक्सिसिटी का जोखिम बढ़ जाता है। बता दें कि विटामिन डी टॉक्सिसिटी आमतौर पर सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि विटामिन डी सप्लीमेंट्स के ज्यादा इस्तेमाल से होती है।

## किन लोगों में विटामिन डी टॉक्सिसिटी का जोखिम ज्यादा होता है?

इन लोगों में विटामिन डी टॉक्सिसिटी का खतरा ज्यादा होता है–

- वे लोग जो लंबे समय तक विटामिन डी सप्लीमेंट्स की हाई डोज ले रहे हों
- किडनी या लिवर से पीड़ित मरीजों में
- ग्रेनुलोमैटस बीमारियां जैसे सारकॉइडोसिस और टीबी
- वे लोग जो कैल्शियम और विटामिन डी दोनों सप्लीमेंट एक साथ लेते हैं
- उन लोगों में जिनका विटामिन डी मेटाबॉलिज्म असामान्य हो

## विटामिन डी अधिक होने से क्या होता है?

शरीर में विटामिन डी ज्यादा होने से हाइपरकैल्सीमिया यानी ब्लड में कैल्शियम का ज्यादा स्तर हो सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो सकती है और किडनी या दिल के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंच सकता है।

## सबसे ज्यादा विटामिन डी कौन सी चीज में होता है?

सबसे ज्यादा विटामिन डी सूरज की किरणों में पाया जाता है। वहीं कुछ खाद्य पदार्थों के द्वारा भी विटामिन डी नेचुरल तरीके से मिल सकता है, जिसमें वसायुक्त मछली, मछली के लिवर का तेल और अंडी की जर्दी शामिल है।

## खतरनाक विटामिन डी स्तर क्या है?

खतरनाक विटामिन डी का स्तर वह होता है, जब ब्लड में इसका स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, जो आमतौर पर 125 ल्लॅ/छ से ज्यादा होता है। इस स्थिति को विटामिन डी टॉक्सिसिटी या हाइपरविटामिनोसिस कहा जाता है।

थायराइड गले में मौजूद तितली के आकार का ग्लैंड है, जिसमें असंतुलन होने पर स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती है। ऐसे में आप अपने मिड-डे स्नैक्स में इन फूड्स को शामिल कर सकते हैं, जो थायराइड संतुलन में मदद कर सकते हैं।

# थायराइड से हैं परेशान तो डाइट मीड-डे स्नैक में शामिल करें ये फूड्स

थायराइड एक गंभीर बीमारी है, जो किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है। थायराइड होने के शुरूआत में मरीजों को इसके लक्षणों के बारे में पता भी नहीं चलता है। हालांकि, जब यह बीमारी बढ़ जाती है तो स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में थायराइड से पीड़ित मरीजों को अपने खान–पान का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में आप लंच और डिनर में क्या खा रहे हैं या ब्रेकफास्ट में क्या शामिल कर रहे हैं, इसी तरह मिड–डे स्नैक्स में क्या खा रहे हैं, ये भी महत्वपूर्ण होता है। आइए इस लेख में जानते हैं कि थायराइड के मरीजों को मिड–डे स्नैक्स में क्या शामिल करना चाहिए?

मिड–डे स्नैक यानी दोपहर के खाने से पहले हल्का नाश्ता करना थायराइड की कार्यक्षमता, वजन कंट्रोल करने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है। इसलिए आप अपनी डाइट में इन फूड्स को शामिल कर सकते हैं–

## फल



थायराइड के मरीजों के लिए फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फल बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। सेब, नाशपाती, पपीता, अमरूद और कीवी जैसे फल शामिल कर सकते हैं। इन फलों को खाने से पाचन में सुधार होता है और सूजन कम होती है।

## मूंग दाल का चीला या ढोकला

थायराइड के मरीज अपनी डाइट में मूंग दाल शामिल कर सकते हैं। मूंग दाल प्रोटीन और फाइबर का अच्छा सोर्स होते हैं। इसलिए, आप अपने मिड–डे स्नैक्स में 1–2 छोटे चीले या थोड़ी मात्रा में ढोकला शामिल कर सकते हैं। यह आपके पेट को भरा रखने के साथ ब्लड शुगर को स्थिर करने में मदद करता है।

## भुना हुआ चना या मखाना

थायराइड से पीड़ित मरीज अपनी डाइट में भुना हुआ चना या मखाना शामिल कर सकते हैं। भुने हुए चने और मखाने कम कैलोरी और हाई प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म में सुधार करते हैं। मखाना कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं, इसलिए, आप एक कप भुना चना या मखाना अपने मिड–डे स्नैक्स में शामिल कर सकते हैं।

## मिक्स ड्राई फ्रूट्स

नट्स में गुड फैट, प्रोटीन, सेलेनियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो थायराइड ग्लैंड के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए, आप अपनी डाइट में अखरोट, बादाम, काजू और पिस्ता आदि ड्राई फ्रूट्स को शामिल कर सकते हैं। खासकर ब्राजील नट्स सेलेनियम से भरपूर होते हैं, जो थायराइड हार्मोन को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

## दही या ग्रीक योगर्ट

दही आपके आंतों के स्वास्थ्य और पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं, जिससे थायराइड बेहतर तरीके से काम करता है। इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स शरीर में सूजन की समस्या को कम करने में मदद करता है। आप इसमें चिया सीड्स, अलसी के बीज या थोड़े फल मिलाकर भी खा सकते हैं।

थायराइड मरीजों के लिए मिड–डे स्नैक हल्का, पौष्टिक, फाइबर से भरपूर और हाई–प्रोटीन वाला होता है। इसमें फल, नट्स, सलाद, दही, ओट्स और मखाना जैसे फूड्स शामिल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि खाना हमेशा कम मात्रा में, संतुलित और समय पर अपने हर मिल को लें।

Sport

सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें किंग कोहली को मुख्य कोच गौतम गंभीर को अनदेखा करते देखा जा सकता है।

# मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने किया गौतम गंभीर को अनदेखा? वीडियो वायरल होने के बाद मचा तहलका



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला टीम इंडिया ने 17 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रांची में खेले गए पहले मैच में विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया और शतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें किंग कोहली को मुख्य कोच गौतम गंभीर को अनदेखा करते देखा जा सकता है।

**कोहली ने किया गंभीर को अनदेखा ?:** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को साझा करते हुए यूजर्स दावा कर रहे हैं कि विराट कोहली ने मुकाबला जीतने के बाद गौतम गंभीर को अनदेखा कर दिया। वीडियो में देख सकते हैं, कोहली ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हैं तभी गंभीर को देखकर वह फोन निकालकर चलाने लगे और उन्हें अनदेखा कर आगे निकल गए।

तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में किंग कोहली ने अपने वनडे करियर का 52वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 83वां शतक 102 गेंदों में पूरा किया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। वह घर में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 32वीं बार यह अवॉर्ड जीता। इस मामले में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। दोनों ने 31 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता।

**कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज:** कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे, लेकिन अब कोहली उनसे आगे निकल गए हैं। कोहली 294 पारियों में इस उपलब्धि पर पहुंचे हैं। कोहली वनडे प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं। सचिन के नाम वनडे में 49 शतक हैं।

यह इस साल कोहली का वनडे प्रारूप में दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए थे। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में 120 गेंदों पर 11 चौकों और सात छक्के की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुए।

## बीसीसीआई सीओई पहुंचेंगे शुभमन गिल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का होंगे हिस्सा?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोट से उबर रहे हैं और मैदान पर वापसी करने की तैयारियों में जुट गए हैं। गिल सोमवार को बंगलूरू स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचेंगे जहां वह अनिवार्य फिटनेस प्रोटोकॉल में हिस्सा लेंगे। इससे गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में शामिल होने की उम्मीद बढ़ गई है।

गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते वक्त गर्दन में चोट लग गई थी जिस कारण वह टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे और वनडे सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले सके। अगर कोई चोट का मामला ना हो तो भारतीय टी20 टीम में कोई अप्रत्याशित बदलाव होने की संभावना नहीं है। लेकिन अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति सीओई से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार करेगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'गिल को एक इंजेक्शन दिया गया और 21 दिनों के आराम और रिहैब की सलाह दी गई, जिसमें चोट वाले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे। जाहिर है कौशल प्रशिक्षण शुरू करने से पहले खेल विज्ञान टीम उनके सभी अनिवार्य फिटनेस परीक्षणों से गुजरेगी।

हेल्पर लडको की आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गैस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696




कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114




रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत

| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777<br>0731-4085777<br>77710-90777 |
| 1 माह | 2000/- | |

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280



awantika.com
Metropolitan





## न्यूज कॉलम

### रणजीत हनुमान मंदिर में प्रभातफेरी की तैयारी शुरू, विभागों के अधिकारी भी जुटे



**इंदौर।** इंदौर में 12 दिसंबर की सुबह 5 बजे रणजीत हनुमान मंदिर से विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसे लेकर मंदिर में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। मंदिर में जहां रथ की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं मंदिर परिसर में बने ग्राउंड को भी ठीक किया जा रहा है। इसके अलावा अलग-अलग विभागों के अधिकारी भी प्रभातफेरी को लेकर अपने-अपने कामों में लगे है। शहर के प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चार दिवसीय आयोजन किया जाना है। 12 दिसंबर को मंदिर परिसर से विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। ये प्रभातफेरी सुबह 5 बजे मंदिर परिसर से शुरू होगी, जो अलग-अलग मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पर आकर समाप्त होगी। इस प्रभातफेरी को लेकर मंदिर प्रबंधन तैयारियों में लगा हुआ है। मंदिर में हनुमंत ध्वज पथक के द्वारा अपनी प्रैक्टिस भी की जा रही है। प्रभातफेरी में रणजीत बाबा के विग्रह को रथ पर विराजमान किया जाएगा, जिसके बाद वे भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर में स्वर्ण रथ की साफ-सफाई का काम शुरू किया जा चुका है। प्रभातफेरी के पहले रथ को मंदिर के बाहर निकालकर चलाकर भी देखा जाएगा। इसके अलावा मंदिर परिसर में बने ग्राउंड को भी ठीक किया जा रहा है, क्योंकि यहां प्रभातफेरी के बाद भोजन व्यवस्था रखी जाएगी।

### दोस्त की बारात में युवक की मौत पुलिस को हार्ट अटैक की आशंका

**इंदौर।** इंदौर में दोस्त की बारात में रविवार युवक को अचानक घबराहट हुई। वह डीजे की गाड़ी में बैठ गया। हालत बिगड़ने पर दोस्त उसे नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने



एमवाय रेफर कर दिया। रात में युवक की मौत हो गई। हीरानगर पुलिस के अनुसार, जितेन्द्र (35), पुत्र संतोष सूर्यवंशी निवासी बाणगंगा, अपने दो अन्य दोस्तों के साथ एक दोस्त की शादी में शामिल होने रविवार को चौकसे धर्मशाला पहुंचे थे। अचानक उसे घबराहट महसूस हुई, तो वह डीजे की गाड़ी में बैठ गया। इसके बाद उसे अत्यधिक पसीना आने लगा। दोस्त ने उसे निहार अस्पताल ले गए। अस्पताल में ईसीजी जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे एमवाय रेफर कर दिया। करीब आधे घंटे बाद जब दोस्त एमवाय पहुंचे, तो जितेन्द्र बेसुध हो गया। डॉक्टरों ने उसे सीपीआर दी और हार्टबीट जांची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। जितेन्द्र चेयर बनाने का काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता, एक बड़ा भाई और पत्नी हैं।

### पीथमपुर थाना क्षेत्र से एक महीने से लापता नाबालिग मिली, आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के मारीमाता गांव से एक महीने से लापता नाबालिग को दस्तियाब कर लिया है। इस मामले में 20 वर्षीय आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक सोहन सिंह कायत ने बताया कि मारीमाता निवासी नाबालिग के परिजनों ने 24 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि उनकी 16 वर्ष की बेटी को आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की थी। पुलिस दल नाबालिग की खोज में गुजरात भी गया था। रविवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग को लेकर पीथमपुर की ओर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की और धार की तरफ से आ रही एक बस से आरोपी राजेश पिता सुरेश 20 वर्ष, निवासी मानपुर को हिरासत में ले लिया। आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर नाबालिग लड़की को महाराणा प्रताप बस स्टैंड से दस्तियाब किया गया। पुलिस आरोपी को आज माननीय न्यायालय धार में पेश करेगी।

### विपिन का दावा- सोनम से मिला भाई गोविंद, ठंड के लिए कपड़े भी दिए

**इंदौर।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में भाई विपिन रघुवंशी के गवाही के बाद अब कुछ और लोगों की गवाही होना है। विपिन का कहना है कि इसी महीने इंदौर से कुछ और लोगों की भी गवाही होना है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि सोनम से मिलने के लिए उसका भाई गोविंद शिलांग गया था। जहां उसने सोनम से मुलाकात की और उसे ठंड के लिए कपड़े भी देकर आया है। हाल ही में विपिन की कोर्ट में गवाही के दौरान सोनम और अन्य चार आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विपिन ने देखा था। विपिन ने बताया कि इस दौरान उन्होंने नए कपड़े पहने हुए थे। दरअसल, राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में राजा के भाई विपिन के शिलांग कोर्ट में बयान दर्ज किए गए हैं। 26 नवंबर को दूसरी बार विपिन शिलांग कोर्ट में बयान देने गए थे। तीन दिनों तक उनके कोर्ट में बयान हुए, क्रॉस भी हुए। इस दौरान राजा की हत्या की आरोपी सोनम, राज कुशवाह व अन्य आरोपियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विपिन के सामने आए थे। तभी विपिन ने उन्हें नए कपड़ों में देखा था।


### गर्भपात व प्रसव के मामले छुपा रहे अस्पताल एक साल में 187 मामले सामने आए

**इंदौर।** इंदौर के अस्पतालों में इन दिनों 18 साल से कम उम्र की गर्भवतियां बड़ी संख्या में पहुंच रही हैं। ये नाबालिग आसपास के जिलों धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर से यहां गर्भपात और प्रसव के लिए आ रही हैं। सालभर में ही शहर के अस्पतालों में 435 सोनोग्राफी फॉर्म एफ की रिपोर्ट हुई, जिनमें उनकी उम्र 18 साल से कम थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 187 गर्भवती निकलीं। इनकी उम्र मात्र 14 से 17 वर्ष थी। जिला प्रशासन की रिपोर्ट में यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। इसे लेकर इंदौर की बाल कल्याण समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त और कलेक्टर को पत्र लिखा है। समिति ने उनसे तुरंत जांच कर एक्शन लेने के लिए भी कहा है। दरअसल, नाबालिग लड़कियों को अलग-अलग रास्तों से इंदौर लाया जा रहा है और यहां उनकी सोनोग्राफी और गर्भपात हो रहा है। यह सब बिना किसी सूचना और तय प्रक्रिया के हो रहा है, जबकि नियमानुसार पुलिस प्रशासन और बाल कल्याण समितियों को सूचना देना जरूरी है।

# इंदौर में तेंदुए का शिकार...पोस्टमॉर्टम में बर्बरता की पुष्टि

## पंजे धारदार हथियार से काटे, नाखून भी निकाले, ज्यादा खून बहने से हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के डबलचौकी वन क्षेत्र में शनिवार शाम तीन वर्षीय तेंदुए के बर्बर शिकार का मामला सामने आया। गांव गढ़ी के पास सड़क किनारे एक गड्ढे में पड़े तेंदुए के शव के पोस्टमॉर्टम में पुष्टि हुई कि उसे अंगों के लिए मारा गया और बाद में फेंक दिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार तेंदुए के आगे के दोनों पंजे काटे गए थे, नाखून निकाले गए थे और ऊपरी नुकीले दांत किसी मशीन या धारदार हथियार से काटे गए थे। घटनास्थल के पास ही क्लच वायर का फंदा मिला, जिसका एक हिस्सा तेंदुए के शरीर पर भी लिपटा हुआ था। पोस्टमॉर्टम में स्पष्ट हुआ कि तेंदुए की मौत फंदा कसने से हुए अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई।

रविवार सुबह स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और डॉग स्क्वाड ने करीब 3 किलोमीटर क्षेत्र में सर्च किया। डॉग स्क्वाड एक नजदीकी फॉर्म हाउस तक जाकर रुका, जिसके बाद टीम ने आसपास के क्षेत्र की जांच और तेज कर दी। ग्रामीणों ने भी टीम को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दी है। पशु चिकित्सक डॉ. विवेक शर्मा और डॉ. चतुर्भुज नागर की टीम ने पोस्टमॉर्टम में पाया कि, शरीर पर फंदे के कसने के स्पष्ट निशान थे। मौत अत्यधिक रक्तस्राव से हुई है। सड़क दुर्घटना जैसी कोई चोट नहीं मिली।

### वन विभाग ने प्रोटोकॉल के तहत कराया अंतिम संस्कार

शव शनिवार देर शाम मिलने के बाद वन अमले ने रातभर स्थल की सुरक्षा की। रविवार सुबह इंदौर रेंज, एसटीएसएफ और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमॉर्टम के बाद वन अधिकारियों ने तेंदुए का अंतिम संस्कार वन्यजीव संरक्षण प्रोटोकॉल के तहत किया।

### शव की लोकेशन संदिग्ध

तेंदुए के शरीर पर संघर्ष के निशान मौजूद थे, लेकिन जिस स्थान पर शव मिला वहां न खून मिला, न संघर्ष के निशान और न ही घसीटे जाने के प्रमाण। वन विभाग का मानना है कि तेंदुए को किसी दूसरी जगह मारा गया और शव को सड़क किनारे लाकर फेंका गया। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शव की हालत देख यह आशंका मजबूत होती है कि शिकार अंगों की तस्करी के लिए किया गया।

### वन-राजस्व सीमा पर शव मिलने से बढ़ी आशंकाएं

जहां शव मिला, वह स्थान वन और राजस्व भूमि की सीमा पर है। अधिकारी मानते हैं कि ऐसे क्षेत्रों का उपयोग शिकारी अक्सर निगरानी से बचने के लिए करते हैं। संदेह है कि जानबूझकर यहां शव फेंककर जांच को भ्रमित करने की कोशिश की गई है। विभाग की टीमें तेंदुए को मारने के स्थान, शिकारियों के नेटवर्क और इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं।

### किसान की 4 करोड़ की जमीन पर फर्जी रजिस्ट्री का मामला

# पटवारी समेत 2 लोगों पर एफआईआर

### फर्जी साइन के जरिए दिखाया स्टाम्प

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर की तुकोगंज पुलिस ने एक किसान के साथ हुए फर्जीवाड़े के मामले में एफआईआर दर्ज की है। बताया जाता है कि इस मामले में पटवारी को भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों ने स्टाम्प खरीदकर उस पर हस्ताक्षर किए और किसान की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर ली। आरोप है कि 4 करोड़ की जमीन का दस्तावेज 1 करोड़ के मूल्य का दिखाया गया।

तुकोगंज पुलिस ने विजय भट्ट, निवासी साउथ तुकोगंज की




शिकायत पर अनिल बोहरा निवासी ग्राम मोडी तहसील सुसनेर, और पटवारी रामगोपाल रातडिया के खिलाफ करोड़ों की जमीन की धोखाधड़ी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की।

पुलिस के अनुसार, रामगोपाल पेशे से पटवारी हैं। आरोप है कि उन्होंने अनिल बोहरा के साथ मिलकर 31 दिसंबर 2022 को स्टाम्प नंबर इ942796 अपने नाम से खरीदा। इस स्टाम्प पर ग्राम डोकरपुरा के किसान अब्दुल रईस, पुत्र अब्दुल रशीद, की 3.378 हेक्टेयर कृषि भूमि बेचने का अनुबंध कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया।

दस्तावेज में जमीन का सौदा 4 करोड़ बताकर केवल 1 करोड़ 1 लाख की राशि का भुगतान किसान को किया जाना दिखाया गया। रुपयों की प्राप्ति को फर्जी साइन के जरिए स्टाम्प पर दर्शाया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर पूरी जांच शुरू कर दी।

### अपने ही कर्मचारी के नाम कर दी जमीन

इसके अलावा, अनिल बोहरा ने एक और फर्जीवाड़ा किया। उसने किसान रईस के नाम से एक और एग्रीमेंट बनाया। इसमें जमीन का हिस्सा अभय और देवेन्द्र लुनावत के नाम और दूसरा हिस्सा देवीसिंह और प्रभुलाल के नाम कर दिया गया। जांच में पता चला कि पटवारी रामगोपाल रातडिया इसके परिचित हैं और उनकी पत्नी के फार्म हाउस के कर्मचारी भी इस योजना में शामिल थे। अनिल और रामगोपाल ने मिलकर इस पूरी साजिश को अंजाम दिया। इसमें जमीन का एक और सौदा 2 करोड़ 2 लाख रुपए में किया गया। पुलिस ने पूरे दस्तावेजों की जांच की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### 1 हजार में 20 शर्ट का झांसा!

# चिचा शोरूम के बाहर इंदौरियों का हंगामा, वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




इंदौर में नए खुले चिचा शोरूम ने एक इंस्टाग्राम ऑफर के जरिए लोगों को खूब आकर्षित किया। 1 हजार में 20 शर्ट देने का दावा किया गया। लेकिन ऑफर हकीकत में फेल हो गया और सुबह से कतार में खड़े सैकड़ों लोग परेशान होते दिखे।

हालत ऐसी रही कि भीड़ बढ़ती गई, धक्का-मुक्की हुई और शोरूम के बाहर हंगामे की स्थिति बन गई। कपड़े नहीं मिलने से नाराज लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और है-है के नारे लगाए। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए तैनात बाउंसरों ने बताया कि कुछ लोगों ने बदतमीजी भी की, जिसके चलते माहौल और तनावपूर्ण हो गया। वहीं भीड़ का आरोप है कि सोशल मीडिया पर ऑफर का झांसा देकर लोगों को बुलाया गया, लेकिन मौके पर न तो सही जानकारी दी गई और न ही कपड़े बांटे गए। शोरूम प्रबंधन की ओर से अब तक इस विवाद पर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बीच, पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो के साथ जमकर वायरल हो रहा है।

# एमआईसी की खाली कुर्सी के लिए दावेदारों पर विचार

### जीतू की वापसी के संकेत भी, नए नाम पर दांव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमआईसी सदस्य की खाली जगह की पूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है। तमाम प्रयासों के बावजूद भी कोई ऐसा चेहरा नहीं मिल पाया जिस पर दांव लगाया जा सके।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की केबिनेट में दस सदस्यों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें सभापति मुन्नालाल यादव को बनाया गया था और उसके साथ ही निरंजनसिंह चौहान, राकेश जैन, राजेन्द्र राठौर, मनीष मामा शर्मा, नन्दू पहाड़िया, राजेश उदावत, बबलू शर्मा, अश्विन शुक्ला, प्रिया दांगी और जीतू यादव को बनाया गया था।

राजेद्र राठौर, जीतू यादव, मुन्नालाल यादव को दो नंबर के कोटे से बनाया गया था। एक नंबर में अश्विन शुक्ला, निरंजनसिंह चौहान, पांच नंबर में राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, चार नंबर से प्रिया दांगी, राकेश जैन को शामिल किया था। तीन नंबर से मनीष शर्मा को जगह मिली थी और राऊ से बबलू शर्मा को। जीतू यादव को पार्षद कमलेश कालरा के लड़के के साथ बदसलूकी के आरोप में पार्टी से निकाल दिया था।

एमआईसी की सदस्यता भी खत्म कर दी। तब से ही यह पद खाली पड़ा है। 9 सदस्य ही कामकाज कर रहे हैं। कोशिश करने के बावजूद भी कोई तालमेल नहीं बन पाया है।



ऐसे में स्थिति यह है कि संगठन फैसला नहीं कर पा रहा है। सूत्रों की बात पर यकीन किया जाए तो जीतू यादव की वापसी की बातें होने लगी है और इसके लिए सभी गुटों में तालमेल बनाने की कोशिश की जा रही है।

कालरा से भी उनका समझौता हो चुका है। उसी आधार पर आगे की रणनीति चल रही है। हालांकि जो बात बताई गई है उसमें तो यह है कि अभी भोपाल के लोग नाराज है वो किसी तरह की वापसी नहीं चाहते हैं, परन्तु बड़े नेताओं की यही कोशिश है कि जैसे-तैसे मामला निपटे और वापस यादव को एमआईसी की कुर्सी मिल जाए परन्तु इतना आसान नहीं दिख रहा है।

इसी वजह से हर पहलू को टटोलकर उस पर विचार विमर्श किया जा रहा है कोशिश यही है कि जल्द ही यादव की वापसी हो जाए और एमआईसी की कुर्सी भी मिल जाए।

## महिला जज ने कहा था- पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं आईएएस वर्मा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ब्राह्मणों को लेकर विवादित टिप्पणी देने वाले आईएएस संतोष वर्मा का विवादों से पुराना नाता है। इससे पहले वे एक पूर्व महिला जज और एक युवती पर भी गंभीर एवं निराधार आरोप लगा चुके हैं। न्यायालयीन दस्तावेजों में भी यह उल्लेखित है कि वर्मा की कार्यशैली पूर्वाग्रहपूर्ण रही है और वे अनर्गल आरोप लगाने की प्रवृत्ति रखते हैं।

कुटुंब न्यायालय, इंदौर में लंबित एक भरण-पोषण प्रकरण के दौरान आईएएस वर्मा ने पीठासीन महिला जज के खिलाफ गंभीर और झूठे आरोप लगाए थे। इस पर जज द्वारा 10 अगस्त 2018 को प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, इंदौर को पत्र लिखा गया था, जिसमें स्पष्ट उल्लेख था कि संतोष वर्मा द्वारा पीठासीन अधिकारी पर मिथ्या, अनर्गल और आधारहीन आक्षेप लगाए गए हैं। जज ने लिखा था कि ऐसी स्थिति में यदि कोई भी आदेश पारित किया जाता है तो वर्मा पक्ष पूर्वाग्रह का आरोप लगा सकता है, इसलिए प्रकरण को दूसरे न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने का निवेदन किया गया था। वर्मा द्वारा हाई कोर्ट में दायर याचिका क्रमांक 2644/2018 भी खारिज कर दी गई थी। इससे स्पष्ट हुआ कि वे पूर्व में भी न्यायालय पर गलत आरोप लगाते रहे हैं। 1 सितंबर 2021 को वर्मा द्वारा एमजी रोड थाने के अपराध क्रमांक 155/2021 में दर्ज प्रकरण में जमानत आवेदन लगाया गया था, जिसमें संबंधित युवती और शासन ने कड़ा विरोध किया। 3 सितंबर 2021 को सत्र न्यायाधीश विकास शर्मा ने जमानत आवेदन खारिज कर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने लिखा था- क्या यह प्रकरण कानून का राज ध्वस्त करने के असफल प्रयास का उदाहरण है? क्या न्यायिक प्रशासन को चुनौती देना न्यायिक द्रोह की श्रेणी में आ सकता है? जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से अपेक्षा है कि वे न्यायालयों के प्रति सम्मान बनाए रखें।

### आजाद नगर क्षेत्र में दर्दनाक सकड़क हादसा, सागर से घूमने आए दोस्त को छोड़कर जा रहा था

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, छात्र की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के आजाद नगर क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। घटना हंस ट्रेवल्स ऑफिस के पास की बताई जा रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वह टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार सागर जिले के बंदरी निवासी संस्कार तिवारी (22) देर रात अपने दोस्त प्रवीण को भंवरकुआ इलाके से स्पोर्ट्स बाइक पर छोड़ने आया था। ट्रेवल्स ऑफिस के पास रुकने के




बाद प्रवीण अपने किसी और दोस्त को फोन कर रहा था। इसी दौरान संस्कार वहां से बाइक लेकर निकलने लगा। जैसे ही उसने टर्न लिया, एक अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। संस्कार के दोस्त आयुष ने बताया कि वह अपने दोस्तों से मिलने इंदौर आया था और भंवरकुआ क्षेत्र में दोस्तों के फ्लैट पर रुका हुआ था। परिवार में उसके माता-पिता और एक बड़ा भाई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार इंदौर पहुंच गया।

### डिवाइडर में जा घुसी बाइक

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक डिवाइडर में जा घुसी और संस्कार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। थोड़ी देर बाद जब प्रवीण ने सड़क पर भीड़ देखी तो वह अपने दोस्त के साथ मौके पर पहुंचा, जहां संस्कार घायल अवस्था में मिला। तुरंत उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फेन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रविदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com